फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 14, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, रविवार, 19 फरवरी, 2023

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अन्दर : डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कप्तान बनीं स्मृति मंधाना

जीएसटी में थोड़ी राहत

जीएसटी मुआवजे के 16982 करोड़ का करेंगी पूरा भुगतान

बैठक

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ऐलान, तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर घटा

पेंसिल और शार्पनर पर अब 18% की जगह 12% टैक्स, राज्यों को मुआवजा देने की भी घोषणा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित बकाया का पूरा भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा। सरकार जीएसटी मुआवजे के 16,982 रुपये का भुगतान अपने कोष से करेगी। जीएसटी काउंसिल की 49वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिषद की मीटिंग में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी राशि जीएसटी के लिए बनाए गए मुआवजा कोष में उपलब्ध नहीं है, लेकिन हमने इस राशि को अपने संसाधनों से जारी करने का फैसला किया है। भविष्य में मुआवजा उपकर संग्रह से इतनी ही राशि वसूल की जाएगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुआवजे की रिलीज के साथ केंद्र जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017 के मुताबिक 5 वर्षों के लिए अस्थायी रूप से बनाई गई क्षतिपूर्ति व्यवस्था की पूरी राशि का भुगतान कर देगा। वित्त मंत्री ने जीएसटी काउंसिल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि हमने आज घोषणा की है कि जीएसटी मुआवजे के लंबित शेष का पूरा बकाया चुका दिया जाएगा।

जीएसटी मुआवजे का कुल बकाया 16,982 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने शनिवार को तरल गुड़ (राब), पेंसिल शार्पनर और कुछ ट्रैकिंग उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर घटा दिया। जीएसटी परिषद की 49वीं बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मंत्री ने यह भी बताया कि पान मसाला और गुटखा उद्योग द्वारा कर चोरी की जांच करने और वस्तु एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) पर जीओएम (मंत्रियों का समूह) की रिपोर्ट आ गई हैं। इस पर आगे विचार किया जाएगा।

पेंसिल शार्पनर पर जीएसटी 18% से घटाकर 12% कर दिया गया है। इसके अलावा, कुछ शर्तों के अधीन टैग ट्रैकिंग डिवाइस या डेटा लॉगर पर जीएसटी में कमी की गई है। तरल गुड़ (लिक्विड जैगरी/राब) पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 0 कर दिया गया है। वहीं, अगर यह प्री-पैकेज्ड और लेबल्ड है, तो 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि जीएसटी परिषद ने नियत तारीख के बाद वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने पर विलंब शुल्क को युक्तिसंगत बनाने का फैसला किया है। बैठक में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों (विधायिका के साथ) और केंद्र सरकार और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में पान मसाला और गुटखा पर भी बड़ा फैसला हुआ है। अब पान मसाला और गुटखा पर उत्पादन के हिसाब से जीएसटी लगेगा। इन पर कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन

लागू होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि मोटे अनाज यानी मिलेट्स के बारे में अगली बैठक में विचार किया जाएगा। इससे पहले दिसंबर में हुई बैठक में एसयूवी और किराएदारों के मामले में स्पष्टीकरण जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में एसयूवी गाड़ियों की परिभाषा तय की गई थी। मीटिंग में बताया गया है कि एसयूवी पर 28% जीएसटी और 22% सेस लगेगा। ऐसे में इस पर इफेक्टिव टैक्स रेट 50% हो जाएगा। वहीं बायो फ्यूल पर जीएसटी 18% फीसदी से घटाकर 5% किया गया था। दालों के छिलकों पर जीएसटी अब 5% से घटाकर शून्य किया गया।

260 रोपवे और केबल कार परियोजनाओं को मंजूरी, गडकरी बोले- जल्द शुरू होगा काम

नई दिल्ली। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही शहरी परिवहन की समस्याओं को दूर करने के लिए 260 रोपवे, केबल कार और फेनिकुलर (केबल रेलवे सिस्टम) परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है। इनके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है और सभी में जल्द काम शुरू होने के आसार हैं। राज्यों की ओर से रोपवे के तीन सौ से अधिक प्रस्ताव मिले थे, जिन पर विचार कर उनकी व्यावहारिकता का परीक्षण किया गया। माना जा रहा है कि रोपवे और केबल कार के ये प्रोजेक्ट अगले तीन साल में पूरे हो जाएंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्किटेक्ट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हाईवे और एक्सप्रेस वे में लोगों की सहूलियत के लिए 670 रोड साइड एमेनिटीज बनाई जा रही हैं। ये सुविधाएं दो से पांच एकड़ के क्षेत्र में भी बनाई जा सकती हैं।

बोलेरो और ट्रैक्टर की टक्कर में दूल्हे समेत पांच की मौत

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पचदेवरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को हुए सड़क हादसे में दूल्हा समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। डीएम, एसपी समेत अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। डीएम ने बताया कि अनियंत्रित होकर बोलेरो ट्रैक्टर से टकराई थी, जिसके बाद यह हादसा हो गया है। हरपालपुर क्षेत्र के कुड़हा गांव के देवेश पुत्र ओमवीर की शुक्रवार को शादी थी। बताते हैं कि कई गाड़ियों में सवार होकर बराती शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र के अभायन गांव जा रहे थे। इन गाड़ियों में शामिल एक तेज रफ्तार बोलेरो ने पचदेवरा क्षेत्र के दरियाबाद गांव के पास गन्ने से भरी ट्रॉली में टक्कर मार दी। जिससे अनियंत्रित होकर बोलेरो बरवन रजबहा में जा गिरी। बोलेरो के अंदर आठ बराती मौजूद थे। जिनमें 12 वर्षीय रुद्र व दूल्हा देवेश के बहनोई बिपनेश निवासी जलालपुर पनबारा जनपद कन्नौज की मौके पर मौत हो गई। वहीं इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय दूल्हा देवेश (20), पिता ओमबीर, ड्राइवर सुमित सिंह की मौत हो गई। जबकि बोलेरो सवार अंकित, राजेश, जगतपाल को उनके परिजन इलाज के लिए फरुर्खाबाद लेकर चले गए। तीनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

वाराणसी समेत 57 छावनी परिषदों के चुनाव की घोषणा

नई दिल्ली। वाराणसी सहित देश के 57 छावनी परिषदों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा शनिवार को कर दी गई। 30 अप्रैल को मतदान होगा और एक मई को मतगणना के साथ ही देर रात तक सभी परिणाम भी आ जाएंगे। इसके लिए भारत सरकार ने राजाज्ञा (गैजेट) जारी कर दी है। मैजेट के अनुसार, चार मार्च को छावनी परिषद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले नामांकन से लेकर नाम वापसी तक का तिथिवार ब्योरा हर बोर्ड अपने-अपने हिसाब से बनाकर अगले सप्ताह कमान को भेजेंगे। इस पर मुहर लगने के बाद प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कानपुर कैंट बोर्ड के सदस्य लखन ओमर ने बताया कि इससे पहले छावनी परिषद के चुनाव 11 जनवरी 2015 को हुए थे। इसके बाद बोर्डों का कार्यकाल पूरा होने के बाद से छह-छह माह के लिए चार बार बढ़ाया जा चुका है।

कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, अहमदाबाद, अहमदनगर, अजमेर, अल्मोड़ा, अमृतसर, औरंगाबाद, अयोध्या, बबीना, बादामीबाग, बकलोह, बरेली, बैरकपुर, बेलगाम, कन्नूर, चकराता, क्लेमेंट टाउन, दगशाई. डलहौजी, दानापुर, देहरादून, देवलाली, फतेहगढ़, फिरोजपुर, जबलपुर, जालंधर, जलापहाड़, जम्मू, झांसी, जतोग, कामठी, कसौली, खड़की, लंढौर, लेंसडाउन, लेबांग, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, महू, मोरार, नैनीताल, नसीराबाद, पुणे, रामगढ़, रानीखेत, रुड़की, सागर, सिकंदराबाद, शाहजहांपुर, शिलांग, सेंट थॉमस पल्लवरम, सुबाथू, वाराणसी और वेलिंगटन।

तैयारी

30 अप्रैल को होगा मतदान व एक मई को मतगणना के साथ ही देर रात तक सभी परिणाम

बोर्ड उपाध्यक्ष को निर्वाचित सदस्य चुनेंगे

कैंटोन्मेंट बोर्ड पीआरओ अमित यादव का कहना है कि अप्रैल में छावनी बोर्ड के प्रस्तावित चुनाव में बोर्ड उपाध्यक्ष को जनता नहीं चुनेगी। निर्वाचित सदस्य अपने में से किसी एक को बोर्ड उपाध्यक्ष चुनेंगे। इस बार चुनाव में बोर्ड उपाध्यक्ष नगर निगम के महापौर की तरह जनता से चुनने की तैयारी थी पर ऐन मौके पर इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया।

वैश्विक निवेश व जी-20 को मुद्दा बनाएगी सरकार

बजट सत्र

रामचरित मानस विवाद पर विपक्ष पर पलटवार की भी तैयारी में सत्तापक्ष

लखनऊ। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र में भाजपा सरकार वैश्विक निवेश व जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजनों को बड़ी उपलब्धि बताकर विपक्ष के आरोपों पर की धार कुंद करेगी। रामचरित मानस विवाद पर सरकार सदन के जरिए विपक्ष पर पलटवार भी करेगी।

विधानमंडल के दोनों सदनों का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष हंगामा कर सकता है। सत्ताधारी दल ने तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की है। 21 फरवरी को विधायक राहुल प्रकाश कौल के निधन के चलते सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित होगी। 22 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। विपक्ष बजट को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में सत्ता पक्ष भी बजट को लेकर अपना पक्ष मजबूती से सदन में रखेगा। यूपी विधानमंडल के बजट सत्र में भाजपा सरकार वैश्विक निवेश व जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजनों को बड़ी उपलब्धि बताकर विपक्ष के आरोपों पर की धार कुंद करेगी। रामचरित मानस विवाद पर सरकार सदन के जरिए विपक्ष पर पलटवार भी करेगी।विधानमंडल के दोनों सदनों का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू हो रहा है। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष हंगामा कर सकता है। सत्ताधारी दल ने तथ्यों के साथ जवाब देने की तैयारी की है। 21 फरवरी को विधायक राहुल प्रकाश कौल के निधन के चलते सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद स्थगित होगी। 22 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे।

22 फरवरी को दिल्ली को मिलेगा महापौर

नई दिल्ली। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 22 फरवरी को दिल्ली को महापौर मिल जाएगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रस्ताव को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। केजरीवाल ने सुबह एलजी को चिट्ठी लिखी थी। जिसमें 22 फरवरी को चुनाव कराने के लिए कहा था, जिस पर एलजी ने मुहर लगा दी है। अब 22 फरवरी को सुबह 11 बजे से एमसीडी सदन में महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के छह सदस्यों के लिए चुनाव होगा। इससे पहले कोर्ट ने आदेश दिया था कि निगम की पहली बैठक का नोटिस 24 घंटे के भीतर जारी हो। आदेश में कोर्ट ने यह भी कहा कि निगम की पहली बैठक में मेयर का चुनाव हो। चुनाव होने के बाद मेयर की अध्यक्षता में अध्यक्षता में डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के छह सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। चार दिसंबर को हुए चुनाव, मेयर चुनाव के लिए महीने भर बाद पहली बैठक एमसीडी के चुनाव चार दिसंबर को हुए थे। वोटों की गिनती 7 दिसंबर को हुई थी। 250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 वार्डों में जीत मिली। भाजपा ने 104 वार्ड जीते, जबकि कांग्रेस को केवल नौ सीटें मिलीं।

वाराणसी में शनिवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतार

उप्र के कई संस्थानों में 75 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का गबन

लखनऊ। हाइजिया समूह के कॉलेजों का नियंत्रण और प्रबंधन आई एच जाफरी, ओ पी गुप्ता संस्थान शिवम गुप्ता, एसएस संस्थान प्रवीण कुमार चौहान और जीविका कॉलेज राम गुप्ता द्वारा किया जाता है। ईडी ने आरोप लगाया कि इन संस्थानों ने कई अपात्र उम्मीदवारों के नाम पर गैरकानूनी रूप से छात्रवृत्ति का लाभ उठाया और धन का गबन किया। ईडी ने कहा कि एससी, एसटी, पीएच (शारीरिक रूप से विकलांग या अलग-अलग विकलांग) उम्मीदवारों और अल्पसंख्यक समुदायों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों की शिक्षा की सुविधा के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, छात्रवृत्ति घोटाले के तार देश के कई राज्यों में फैले हुए हैं। गड़बड़ी के सर्वाधिक मामले पंजाब में सामने आए हैं, जहां केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। यूपी में बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने भी 22 जगहों पर छापा मारा। इस दौरान गरीब, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति के हजारों विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हड़पने के प्रमाण जुटाए।सूत्रों के मुताबिक, देशभर के कई संस्थानों द्वारा घोटाला अंजाम दिए जाने की शिकायतों के बाद केंद्र सरकार ने आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय को जांच सौंपी है। प्रवर्तन निदेशालय की के बाद अब आयकर विभाग की जांच भी रफ्तार पकड़ रही है।

घोटाले में हाइजिया इंस्टीट्यूट के संचालकों से पूछताछ

कासगंज जेल में अंसारी को सता रहा है माफिया कुंटू का डर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को कासगंज जेल में जान का खतरा सता रहा है। बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी जिले की पचलाना जेल में हैं। इसी जेल में पूर्वांचल के कुख्यात अपराधी कुंटू सिंह भी 2021 से बंद हैं। कुंटू सिंह के बंद होने के कारण विधायक अब्बास के परिजनों को अब उनकी सुरक्षा की चिंता सता रही है। उन्होंने जेल में अब्बास की हत्या की आशंका जाहिर की है और प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर जेल में बदलाव करने और सुरक्षा की मांग की है। यह पत्र विधायक अब्बास के भाई उमर अंसारी ने लिखा है। यहां के जिला प्रशासन व जेल प्रशासन को विधायक के भाई ने नहीं भेजा है। चार दिन पूर्व बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी को चित्रकूट की जेल से पचलाना की जेल में शिफ्ट किया गया है। विधायक की जेल में बदलाव इसलिए किया गया कि वह चित्रकूट जेल में अपनी पत्नी निकहत से घंटों मुलाकात करते थे। जब इस मामले का खुलासा हुआ तो उनकी जेल बदली गई। सूत्रों के मुताबिक बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और माफिया एवं अपराधी कुंटू सिंह के गिरोह में कई बार गैंगवार हो चुका है। कुंटू सिंह को मुख्तार अंसारी को दुश्मन माना जाता है। इसी स्थिति को देखते हुए भाई उमर अंसारी ने विधायक अब्बास की हत्या की आशंका व्यक्त की है।

दोनों में हो चुका है गैंगवार, जेल बदलने की मांग

यात्रियों से अच्छे व्यवहार का गुर सीखेंगे चालक

काउंसलर होंगे नियुक्त

परिवहन मंत्री ने बताया-चालकों को प्रोत्साहन हेतु कमेटी गठित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि चालकों को क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक ही ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट कानपुर में कार्यरत है। क्षेत्रीय स्तर पर चालकों को सॉफ्ट स्किल एवं यात्रियों के प्रति मधुर व्यवहार करना तथा ड्राइविंग स्किल में सुधार करने के लिए प्रोफेशनल ट्रेनर रखने की योजना है तथा ड्राइवरों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

बताया कि बसों में नई टेक्नोलॉजी आ रही है इसलिए उसके संबंध में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दिए जाने की योजना है।उन्होंने बताया कि नई टेक्नोलॉजी के संबंध में उसके उपयोग तथा सावधानियों के बारे में ड्राइवरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ज्यादा संख्या में बसें खरीदी जा रही हैं इसलिए ज्यादा ड्राइवरों को ट्रेनिंग की आवश्यकता होगी ' इसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में चालकों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है क्योंकि संविदा ड्राइवर का पारिश्रमिक किलोमीटर के आधार पर होता है जो ग्रामीण क्षेत्रों में कम हो जाता है तो चालकों का भुगतान कम बनता है। बताया कि चालकों को ग्रामीण क्षेत्रों में ड्राइविंग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण अंचल में प्रोत्साहन योजना शुरू किये जाने एवं क्षेत्रीय स्तर पर काउंसलिंग व काउंसलर की व्यवस्था तथा उनके प्रोत्साहन योजना पर विचार करने हेतु मुख्य प्रधान प्रबंधक (प्रा0) की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे ग्रामीण जनों में ड्राइवरों में चाह बढ़ेगी और अधिक संख्या मे परिवहन निगम को ग्रामीण अंचलों केलिए ड्राइवर मिल सकेंगे जिससे लोगों को आवागमन में सुरक्षा के साथ सुविधाजनक यात्रा मुहैया होगी।

8141.58 करोड़ से सुधरेगी काशी की यातायात व्यवस्था

अब कई एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर बनाने और विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण के लिए मंथन शुरू

सुरोजीत चैटर्जी

नई तैयारी

शहर की यातायात समस्या से निजात के लिए कई मार्गों की सूरत बदलने पर विचार-विमर्श

तैयार किये गये शुरुआती प्रस्तावों में सिर्फ एलिवेटेड मार्गों पर खर्च होंगे 4860.88 करोड़

वाराणसी। शहर में जाम की समस्या खत्म करने के लिए वर्षों से कोई न कोई प्रयोग किये जा रहे हैं। कभी रूट डायवर्जन तो कभी वन-वे सिस्टम। कभी ऑटो रिक्शा के लिए मार्ग निर्धारित हुए तो कभी ई-रिक्शा के रूट। बढ़ती आबादी के बीच वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी। विभागीय उदासीनता के कारण तय मार्गों पर वाहनों के संचालन में मनमानी समेत कई वजहों से ट्रैफिक जाम पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कुछ साल में नये फ्लाईओवर और आरओबी का निर्माण होने के बावजूद यातायात समस्या जस की तस है। इससे निजात पाने के लिए अब कई और नये फ्लाईओवर बनाने और विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरण के लिए मंथन शुरू हुआ है।

यदि इन परियोजनाओं ने मूर्त रूप लिया तो न सिर्फ नगर की सूरत कुछ और ही होगी बल्कि उम्मीद की जा रही है कि यातायात समस्या का काफी हद तक समाधान भी संभव हो सकेगा। इनमें सिर्फ सेतु निगम के कार्यों के लिए ही 4860.88 करोड़ रुपये का शुरुआती

खाका खींचा गया है। जबकि लोक निर्माण विभाग के कार्यों पर 3280.70 करोड़ रुपये खर्च करने की कवायद है। विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी को मानें को कई फ्लाईओवर समेत विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण, कुछ सड़कों को जमीन से ऊपर थ्री लेन और फोर लेन में बदलने के लिए किये जा रहे विचार-विमर्श में यह संकेत भी दिये हैं कि संबंधित प्रोजेक्ट्स के लिए तैयार आरंभिक प्रपोजल्स में ऊपरगामी पुलों और सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए निर्धरित की गयी दूरी और संभावित बजट में परिवर्तन भी हो सकता है। इनमें से कुछ मार्गों पर पड़ने वाले तालाब या जलजमाव आदि को देखते हुए उन्हें एलिवेटेड स्वरूप देंगे। कारण, जिन परियोजनाओं का शुरुआती खाका तैयार किया गया है उनके लिए डीपीआर बनाने, जमीन की उपलब्धता सुचिश्चित होने और मुआवजा वगैरह निर्धारित हो जाने की दशा आदि की वजहों से बदलाव मुमकिन है। फिलहाल तैयार किये गये कुछ आरंभिक प्रस्तावों को देखें चांदपुर चौराहा-लोहता बाजार होकर रिंग रोड तक करीब आठ किमी का एलिवेटेड थ्री लेन बनेगा। सुंदरपुर-दुर्गाकुंड-रवींद्रपुरी-रविदास पार्क तक मार्ग चौड़ीकरण के बीच अस्सी नदी पर करीब 4650 मी. का एलिवेटेड टू लेन निर्माण पर विचार कर रहे हैं। इसमें मुख्य पुल की लंबाई करीब 2850 मी. हो सकती है। इसी प्रकार रिंग रोड से कस्तूरबा गांधी विद्यालय होकर सारनाथ रेलवे स्टेशन रोड तक एलिवेटेड फोर लेन के लिए खाका तैयार है।

इन मार्गों की भी बदलेगी सूरत

- चांदपुर चौराहे पर लगभग 722 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- भुल्लनपुर तिराहे पर करीब 722 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- रोहनिया बाजार में करीब 780 मी. का फोर लेन फ्लाईओवर
- इमलिया घाट-वसंता कॉलेज सराय मोहाना तक एलिवेटेड टू लेन
- लहरतारा से नरिया तक टू लेन मार्ग पर फ्लाईओवर

ये हैं कुछ और प्रस्ताव

- वरुणापुल-लहुराबीर रोड-साजन सिनेमा-तेलियाबाग मार्ग और मलदहिया-लहुराबीर-मैदागिन मार्ग आपस में जोड़ने के लिए संस्कृत विवि-मलदहिया-लोहा मंडी मार्ग चौड़ीकरण
- सिगरा चौराहा-कमच्छा-भेलूपुर-जलकल से रोटरी चौराहा तक और रोटरी चौराहा-भेलूपुर-गुरुधाम चौराहा तक चौड़ीकरण
- रथयात्रा-महमूरगंज-मंडुवाडीह-मुड़ैला मार्ग चौड़ीकरण
- कैंट-लहुराबीर-मैदागिन-मच्छोदरी-राजघाट मार्ग एवं विश्वेश्वरगंज तिराहे से गोलगड्ढा तक किमी चौड़ीकरण
- वाराणसी-अलदपुरा-चुनार-कछवां मार्ग चौड़ीकरण

दो उत्पादन इकाईयां एनटीपीसी के हवाले

विद्युतकर्मी खफा

अभी तक ये इकाईयां रही राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अधीन

शीर्ष प्रबंधन ने फैसला नहीं बदला तो होगी 72 घंटे की हड़ताल

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। ओबरा और अनपरा की 800-800 मेगावॉट क्षमता की दो-दो इकाईयां अब एनटीपीसी लि. के हवाले कर दी गयी है। अभी तक ये इकाईयां उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के पास थी। इस अप्रत्याशित फैसले को लेकर ऊर्जा निगम के अभियंताओं और कर्मचारियों में जबर्दस्त उबाल है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने चेतावनी दी है कि यदि ऊर्जा निगम के शीर्ष प्रबंधन ने इस फैसले को नहीं बदला और पूर्व की भांति इन इकाइयों को राज्य विद्युत उत्पादन निगम के हवाले नहीं किया तो 16 मार्च की रात 10 बजे से समस्त अभियंता और कर्मचारी 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर चले जायेंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले ऊर्जा प्रबंधन और सरकार को विद्युत विभाग के समस्त संगठनों के प्रांतीय पदाधिकारियों के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त दी गयी नोटिस में कई बिंदुओं को शामिल किया है। इसमें तीन दिसम्बर-2022 को हुआ समझौता लागू न होने, ओबरा-अनपरा में 800-800 मेगावॉट क्षमता की दो-दो इकाइयों को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम से छीन कर एनटीपीसी लि. को देने, 220 केवी और उच्च विभव के पारेषण उपकेंद्रों व लाइनों को निजी घरानों को देने के फैसले पर संघर्ष समिति ने विरोध जताया है।

नोटिस में कहा गया है कि यदि सरकार और शीर्ष प्रबंधन ने अपने फैसले को नहीं बदला तो 72 घण्टे की हड़ताल 16 मार्च की रात 10 बजे से प्रारंभ होकर 19 मार्च की रात 10 बजे तक चलेगी। हड़ताल में समस्त ऊर्जा निगमों यानी उत्पादन, पारेषण, एसएलडीसी और वितरण की पाली में कार्यरत सभी कर्मचारी, अवर अभियंता, अभियंता और निविदा/संविदा कर्मी भी शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके पूर्व 14 मार्च को सायं पांच बजे राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपद/परियोजना मुख्यालयों पर शांतिपूर्वक मशाल जुलूस निकाले जायेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 20 फरवरी से समस्त डिस्कॉम मुख्यालयों एवं परियोजनाओं पर जनजागरण अभियान के तहत रैली निकाली जाएगी।

साथ ही उत्तर प्रदेश में पॉवर सेक्टर को बचाने के लिए सांसदों और विधायकों को पत्रक दिये जायेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा है कि ऊर्जा निगमों के अलोकतांत्रिक, तानाशाहीपूर्ण और दमनकारी रवैये के खिलाफ संघर्ष करने को सभी विद्युत संगठनों के सदस्य एकजुट है। क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर बचाने के लिये निर्णायक संघर्ष की बेला है।

संघर्ष समिति की मांगें

1. ओबरा व अनपरा में 800-800 मेगावॉट क्षमता की दो-दो इकाइयों के निर्माण, परिचालन और अनुरक्षण कार्य एनटीपीसी लि. या किसी अन्य कंपनी को देने के बजाय उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम को दिया जाए।
2. 200 केवी एवं उच्च विभव के उत्तर प्रदेश में बनने वाले सभी विद्युत उपकेंद्रों एवं लाइनों के निर्माण, परिचालन व अनुरक्षण का कार्य उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि. को दिया जाए।
3. वर्ष 2000 के बाद नियुक्त हुए सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू किया जाए।
4. सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लि. का गठन किया जाए।
5. बिजली कर्मियों को मिल रही रियायती बिजली की सुविधा यथावत जारी रखा जाए और वर्तमान व्यवस्था में कोई छेड़छाड़ न किया जाए।
6. नियमित पदों पर नियमित भर्ती की जाए।
7. निविदा/संविदा कर्मचारियों को तेलंगाना, राजस्थान आदि प्रांतों की तरह नियमित किया जाए।
8. जवाहरपुर तापीय परियोजना में आवासीय परिसर सीमेंट फैक्ट्री से दूर जीटी रोड के निकट बनाया जाए।
9. शक्ति भवन मुख्यालय में बिजली कर्मियों, निविदा/संविदा कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए करोड़ों रुपये का अपव्यय कर लगाये जा रहे फेस रिकगनिशन सिस्टम को तत्काल हटाया जाए। आग/भूकम्प जैसी किसी आपदा में यह प्रणाली भारी अवरोधक भी साबित होगी। उल्लेखनीय है कि बिजली कर्मियों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक्स प्रणाली पहले से ही लागू है।

गिरफ्तारी के बाद 38 शिवसैनिक हुए रिहा

रामनगर। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ और श्रृंगार गौरी का जलाभिषेक करने जा रहे 38 शिव सैनिकों को रामनगर पुलिस ने शास्त्री चौक के पास से हिरासत में ले लिया। एक घंटे बाद ही निजी मुचलके पर सभी को रिहा कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार रामनगर के समस्त शिवसैनिक रामपुर स्थित राम जानकी मंदिर पर सुबह एकत्रित होकर नगर प्रमुख हरिनारायण कसेरा के नेतृत्व में शिव सैनिक वाराणसी जाने के लिए रामनगर भ्रमण करने के बाद लाल बहादुर शास्त्री का माल्यार्पण कर जैसे ही शास्त्री पुल से जाने लगे वहां पहले से ही भारी संख्या में पुलिस बल लगाकर समस्त शिवसैनिकों को गिरफ्तार कर रामनगर थाने में आया गया। वहीं पर एक सभा का आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए प्रेम प्रजापति नगर महासचिव ने कहा हम हिंदू है हमें हमारे आराध्य देव का दर्शन पूजन नहीं करने दिया जाता। कार्यक्रम में प्रेम प्रजापति नगर महासचिव,महादेव विश्वकर्मा, हरिओम शिव, कुमार निराला, कन्हैया सेठ, शंकर खरवार, राधे कृष्ण, राजाराम तिवारी, राजेश जायसवाल,संतोष देवंशी,प्रदीप सिंह,भानु प्रताप सिंह रहे।

हुक्काबार संचालक के हत्यारोपी पर गैंगस्टर

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के बसहीं में हुक्का बार संचालक की करीब दो साल पहले हत्या करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध शिवपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की। शिवपुर थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह के अनुसार हत्या के आरोपी तीन अभियुक्तों उमेश पटेल, मोहित यादव एवं मोनिका यादव पर उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि हत्या के आरोप में तीनों नामजद अभियुक्तों में से मोहित यादव जेल में है और उमेश पटेल व मोनिका यादव जमानत पर रिहा है। तीनों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया।

दर्शनार्थियों की सुरक्षा में तैनात रही पुलिस

एनडीआरएफ ने संभाला घाट किनारे और गंगा में मोर्चा

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शनार्थियों सहज दर्शन हो इसके लिए मंदिर से लगायत घाट तक सुरक्षा के बंदोबस्त चाक चौबंध रहे। मुख्यद्वार गेट नंबर चार और गोदौलिया की तरफ चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। बैरिकेडिंग से होकर दर्शनार्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया इस बीच सुरक्षा घेरा तोड़ने वालों को फटकार भी लगायी गयी। दर्शानार्थियों से पुलिस का व्यवहार मित्रवर रहा। सुरक्षा के बाबत परिसर से लगायत मार्ग कंट्रोल रूप से सीसीटीवी से सुरक्षा की जांच में पुलिस की एक टीम लगी रही। हालांकि दर्शन से एक दिन पूर्व शाम को पंचक्रोशी यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं ने अहिल्याबाई घाट पर जिसमें ज्यादातर युवा रहे हो हल्ला मचाते और दुर्व्यवहार करते दिखे। लेकिन रात दो बजे के बाद भीड़ कम हो गयी और पंचक्रोशी यात्रा श्रद्धालुओं ने पूरी की। घाट किनारे लोगों की माने तो पंचक्रोशी यात्रा करने वालों में ज्यादातर युवा थे और काफी हो हल्ला मचाया। दर्शनार्थियों की सुरक्षा के बाबत घाट किनारे और गंगा में एनडीआरएफ के बचावकर्मी मौजूद रहे।

एनडीआरएफ की टीमों को विभिन्न घाटों जैसे नमो घाट, राजघाट, शीतला घाट, पंचगंगा घाट, मणिकर्णिका घाट, ललिता घाट, प्रयाग घाट, दशाश्वमेध घाट, अहिल्याबाई घाट, केदार घाट, अस्सी घाट और नजदीकी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में गंगा नदी में चक्रमण करती रही।

एनडीआरएफ की दो टीमें 20 बोट और बचावकर्मियों के साथ गोताखोर और पैरामेडिक्स स्टाफ डीप डाइटिंग सेट, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय व अन्य आधुनिक बचाव उपकरणों साथ रहा।

मंदिर परिसर में मेडिकल कैंप लगा

दशाश्वमेध घाट और मंदिर परिसर में मेडिकल कैंप भी आयोजित किया गया है, जिसमें एनडीआरएफ के डॉक्टर और मेडिकल टीम मोजूद हैं। इस दौरान घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर के साथ प्राथमिक उपचार की भी सुविधा भी दी जा रही है।

नो एंट्री नहीं खुलने से हाईवे पर लगा जाम

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर नोएंट्री नहीं खुलने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया। डाफी टोल प्लाजा से लेकर विश्वसुंदरी पुल तक तो दूसरी तरफ टोल प्लाजा से लेकर अखरी गांव के सामने तक हाईवे पर जाम लगा रहा। हाईवे का मुख्य मार्ग जाम होने के कारण सर्विस लेन चालकों के घुसने के कारण जाम हो गया। जाम को छुड़ाने के लिए टीआई ट्रैफिक कर्मियों के साथ लगे रहे। शनिवार दोपहर बाद जाम का दबाव धीरे-धीरे कम होने के बाद सर्विस लेन पर आवागमन शुरू हो पाई। जबकि हाइवे पर जाम लगा रहा।

आठ साल बाद वोट डालेंगे छावनी बोर्ड के मतदाता

वाराणसी। भारत सरकार (रक्षा मंत्रालय) की तरफ से छावनी बोर्ड का चुनाव कराने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। वाराणसी समेत देश के 57 छावनी बोर्ड में चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। भारत सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में 30 अप्रैल को चुनाव कराने को कहा गया है।

छावनी बोर्ड का पिछला चुनाव जनवरी 2015 में हुआ था और 2020 में निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो गया। ऐसे में देखा जाए तोम करीब आठ साल बाद छावनी बोर्ड के तहत आने वाले सात वार्ड के मतदाता आठ साल बाद अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यकाल समाप्त होने के बाद रक्षा मंत्रालय की तरफ से छह-छह महीने के लिए निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाया था। इसके बाद छावनी परिषद बोर्ड भंग कर दिया गया और रक्षा मंत्रालय ने यहां राजकुमार दास को नामित सदस्य घोषित किया था। छावनी बोर्ड का चुनाव पांच साल में होता है जिसमें सात सदस्य जनता द्वारा चुने जाते हैं। चुनाव कराने की मांग को लेकर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने भारत सरकार को पत्र लिखा था। इसके पहले भी वह लगातार चुनाव कराने की लड़ाई लड़ रहे थे।

एनएसएस के विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन गायत्री शक्तिपीठ नगवां में आयोजित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर नंदिनी सिंह, डॉ. नीरज धनकड़, डॉ.अनीता के विशेष शिविर में शनिवार को स्वयं सेविकाओं ने सामने घाट, भगवानपुर एवं चित्तूपुर जाकर डोर टू डोर शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया। मध्यान्ह भोजन उपरांत बौद्धिक चर्चा में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. बृजेंद्र तिवारी ने होम्योपैथी के महत्व एवं उपयोगिता को बतलाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता, स्वागत प्रो. नंदिनी सिंह, नीरज धनकड़ ने किया। शिविर में 150 स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

एक ही परिवार से निकलीं चार लाशें

जनसंदेश न्यूज

फॉलोअप

मरने वालों में दो सगे भाई और एक चाचा भी शामिल

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के पूरे नंदा बेलवां गांव से शुक्रवार को सोनभद्र जिले के राबर्टसगंज थाना क्षेत्र के कूशीडांड गांव में आयी बारात में पिकअप पलटने से हुई चार मौत में पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। सूचना पर प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर और लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह मुन्ना गांव पहुंचकर संवदेना व्यक्त की।

जानकरी के अनुसार धीरज शर्मा की शादी सोनभद्र राबर्टसगंज के कूशीडांड तय थी और शुक्रवार को बाराज वहा पहुंची। एक पिकअप में करीब 15 लोग सवार थे और बारात जनवास से थोड़ी पास ही थी कि पिकअप चालक ने संतुलन खो दिया और पिकअप खाई में गिर गयी। इस आदसे में दो की मौत मौके पर हो गयी जबकि बाकि को इलाज के लिए बीएचयू रेफर किया गया। बीएचयू में दो घायलों की मौत हो गयी। मरने वाले में दो सगे भाई और एक चाचा था जबकि चौथा व्यक्ति भी उन्ही का संबंधी था।

मंत्री समेत लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ने दी सांत्वना

शनिवार की दोपहर बाद मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर तथा लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह मुन्ना पूरे नंदा पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। मृतकों में अरुण राजभर, आरयन राजभर सगे भाई थे वही विनय उनका सगा चाचा था। मृतक चौथ व्यक्ति प्रदीप राजभर भी उसी परिवार से संबंधित है।

दो माह से दो लाख उपभोक्ताओं को नहीं मिला बिल

जितेंद्र श्रीवास्तव

विद्युत विभाग

सॉफ्टवेयर अपडेशन के चलते फंसा पेंच, राजस्व वसूली भी प्रभावित

बकाया वसूली में भी आ रहीं दिक्कतें, अभियंता और अधिकारी परेशान

उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण भी करने में आ रही हैं दुश्वारियां

वाराणसी। विद्युत विभाग का सिस्टम न सिर्फ उपभोक्ताओं, बल्कि अधिकारियों और अभियंताओं को भी परेशान कर दिया है। खासकर स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता तो पिछले दो माह से ऑनलाइन बिल न मिलने से झुझला जा रहे हैं। उनका दर्द है कि बिल न मिलने से वे यह जान नहीं पा रहे है कि कितना जमा करना है। ऑनलाइन सिस्टम भी साथ नहीं दे रहा है। विभाग में जाने पर कहा जाता है कि सिस्टम अपडेट न होने से बिल आप तक पहुंच नहीं पा रहा है। आखिर ऐसे कब तक चलेगा। बिल जमा न होने से बकाया बढ़ता जा रहा है। लंबा बकाया होने पर कब बिजली काट दी जाएगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। एक तरफ बिल न मिलने और दूसरी तरफ बिजली कटने के भय से स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के पेशानी पर बल पड़ गए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या हजार-दो हजार नहीं, बल्कि दो लाख के पार है। इन उपभोक्ताओं को पिछले दो माह से बिल जनरेट नहीं पाया है। अधिकारी और अभियंता भी इस मामले में कुछ कहने से बच रहे हैं।

बता दें कि बिजली विभाग की तरफ सॉफ्टवेयर को अपडेट करने को लेकर बीते साल 30 दिसम्बर से लेकर इस साल चार जनवरी तक सभी कैश काउंटर के कार्य बंद कर दिए गए थे। इसके एवज में रिचार्ज से लेकर बिलिंग तक के सारे कार्य बंद थे। जिस कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था। चार जनवरी के बाद नये सिस्टम को चालू तो कर दिया, लेकिन अभी भी सिस्टम अपडेट न होने से उपभोक्ताओं, खासकर स्मार्ट मीटर वालों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। स्मार्ट मीटर वालों को छोड़ दिया जाए तो अन्य उपभोक्ताओं को मीटर रीडर बिल तो मुहैया करा दे रहे हैं। लेकिन इसमें भी तमाम त्रुटियां सामने आ रही है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो शहर के स्मार्ट मीटर वाले दो लाख से अधिक उपभोक्ता ऐसे हैं, जो बिल जनरेट न होने से काफी परेशान है। यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन सिस्टम पर बिल देखना चाह रहा है तो नजर नहीं आ रहा। ऐसे उपभोक्ता विभाग का चक्कर लगाने को विवश है। सूत्रों का कहना है कि शहर के उपभोक्ताओं के लिए बिल के ऑनलाइन भुगतान के लिए ऐप भी लांच किया है। स्मार्ट मीटर समेत तमाम अन्य उपभोक्ताओं की शिकायतें हैं कि उनके बिल ऐप पर नजर नहीं आ रहा है, जिसके कारण उनको लोड, बिल को जानने और भुगतान करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो सर्किल से लेकर पूर्वांचल-डिस्कॉम तक के अधिकारी और अभियंता परेशान उपभोक्ताओं को रटा-रटाया जवाब दे रहे हैं कि इसके लिए अपने संबंधित खंड या उपखंड कार्यालय से सम्पर्क करें। जब उपभोक्ता खंड या उपखंड कार्यालय पहुंचते हैं तो यहां भी माकूल जवाब नहीं मिलता। लिहाजा, उपभोक्ता झुझला जा रहे हैं। हकीकत यह है कि सॉफ्टवेयर अपडेशन के चलते फंसे पेंच की वजह से उपभोक्ताओं की समस्याओं का जहां निराकरण नहीं हो पा रहा है। वहीं, राजस्व वसूली भी प्रभावित है। बकायेदारों से बकाया वसूली में भी तमाम दिक्कतें आ रही है। इसके अलावा, उपभोक्ताओं की अन्य शिकायतों के निस्तारण में भी दुश्वारियां आ रही है। इसके चलते अभियंता और अधिकारी भी परेशान है।

सॉफ्टवेयर अपडेशन में हैं कुछ खामियां

इस बाबत कई अभियंताओं ने बताया कि ऐप पर बिल नहीं आने के पीछे सॉफ्टवेयर अपडेशन को लेकर कुछ खामियां आ गई हैं, जिनको दूर करवाने के लिए विभाग की तकनीकी टीम लगातार जुटी हुई है। खामियों को दूर करने में थोड़ा समय लग सकता है। उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। खंड और उपखंड कार्यालय पहुंच रहे उपभोक्ताओं को अभियंता आश्वासन दे रहे हैं कि जनवरी और फरवरी दोनों माह की बिल जल्द ही उनको एक साथ मिलेगी। उपभोक्ता जब बकाये में लाइन कट जाने का अंदेशा जताते हैं तो उनको यह आश्वासन मिलता है कि चिंता मत करिए, ऐसा नहीं होगा। जबकि स्मार्ट मीटर के उपभोक्ता यह सोच कर दुबले होते जा रहे हैं कि बकाया होते ही विभाग का सिस्टम बिजली काट देता है। इस बाबत नाम न छापने के अनुरोध पर कई अभियंताओं का कहना है कि इसके लिए आईटी डिपार्टमेंट से बात की गयी है कि सिस्टम अपडेट होने के बाद भी बकाये में उपभोक्ताओं के कनेक्शन न काटे जाए। ऐसे उपभोक्ताओं को कम से कम एक पखवारे का समय दिया जाए, ताकि वे बकाया अदा कर सके। बता दें कि शहरी क्षेत्र में कुल उपभोक्ताओं की संख्या 7.95 लाख है। इसमें से दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिल नहीं मिल पाया है।

संक्षेप

अधिवक्तओं ने किया रक्तदान

वाराणसी। बनारस बार एसोसिएशन के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बीएचयू के सरसुंदर लाल चिकित्सालय के कुशल चिकित्सकों, लैब टेक्नीशियन व सहायकों की टीम ने शिविर में करीब 34 अधिवक्ताओं का रक्तदान कराया। वहीं कई अधिवक्ताओं का हीमोग्लोबिन कम होने व अन्य कारणों से रक्तदान नहीं कराया जा सका। बनारस बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप राय ने बताया की रक्तदान शिविर कराने वाली टीम में डा. वैभव सिंह, लैब टेक्नीशियन आशुतोष सिंह, प्रमोद कुमार, बृजेश मौर्य, काउंसलर रजनी गुप्ता, लैब असिस्टेंट मृत्युंजय, नर्स अन्नू उपाध्याय आदि मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में बनारस बार अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, महामंत्री प्रदीप राय, अंशुमान दूबे, मनोज तिवारी, कृष्णमोहन पांडेय गुड्डू, सैयद अफाक हुसैन शान समेत अन्य अधिवक्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

शिव बारात रोकने को लेकर दिखी नाराजगी

पिंडरा। सिंधोरा बाजार में शनिवार शाम को निकली शिव बारात को सिंधोरा पुलिस ने प्रशासनिक अनुमति न मिलने का हवाला देते हुए रोक दिया और डीजे वाहन की थाने लेकर आई। इसको लेकर शिव बारातियों में नाराजगी दिखी। हालांकि पुलिस का कहना है की शिव बारात नहीं रोकी गई। बारात में शामिल डीजे वाहन की वजह से रास्ता जाम हो गया था ऐसे में डीजे वाहन को थाने लाया गया था। स्थानीय लोगों की माने तो बारात पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महाशिवरात्रि पर शनिवार की शाम सिंधोरा गांव से निकल कर मुख्य मार्ग पर पहुँची। सिंधोरा पुलिस बिना परमिशन के शिव बारात निकालने की बात कहते हुए रोक दिया। आयोजक अजय कुमार मौर्य ने बताया कि रात्रि साढ़े आठ बजे तक पुलिस के अनुमति न मिलने से बारात गांव के रास्ते में खड़ी रही। पुलिस के इस व्यवहार से शिव बारातियों में आक्रोश दिखा।सिंधोरा थानाध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क बीच रास्ते डीजे लेकर जाने के कारण रास्ता जाम हो गया था इसलिए डीजे को थाने लाया गया। शिव बारात नही रोकी गई।

जुलूस में शामिल युवक की करेंट से मौत

लोहता। लोहता थाना क्षेत्र के हरपालपुर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर से जुलूस लेकर निकली टोली में शामिल युवक को करेंट लगा और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में शिव बारात (जुलूस) निकली थी जिमसें महिलाएं कलश, पूजन थाली और पुरूष झंडा लिये जा रहे थे। इसी जुलूस में शामिल सन्तोष राजभर हांथ में हरे बांस में बधा झंडा लेकर शामिल था। बांस हरी थी ऐसे में हाई टेंशन तार से संपर्क में आने से जोर का करेंट लगा और वह अचेत होकर गिर गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पास के अस्पताल लाया गया लेकिन जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुचे लोहता थानाध्यक्ष ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

धरने पर बैठे छात्र की तबियत बिगड़ी

वाराणसी। हरिश्चन्द्र डिग्री कालेज में चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे एक छात्र की शनिवार को तबियत बिगड़ गयी। उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। विद्यालय के छात्र एक पखवारे से चुनाव कराने की मांग को लेकर विद्यालय में भूख हड़ताल कर धरने पर बैठे है। इनमें विवेक कुमार नामक छात्र को शनिवार को दोपहर पेट मे तेज दर्द की शिकायत हुई। इस पर धरने पर बैठे छात्रों ने उसे मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया।

धोखाधड़ी में फरार अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

वाराणसी। कैंट पुलिस ने धोखाधड़ी करके फर्जी रजिस्टर्ड वसीयत करवाने वाले फरार आरोपित रतन कुमार गुप्ता, निवासी परमानंदपुर थाना शिवपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कैंट पुलिस के अनुसार पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखने एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन सहित सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम ने धोखाधड़ी कर फर्जी वसीयत करवाने के आरोपित रतन कुमार गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद गुप्ता, निवासी क्राइस्ट नगर, परमानन्दपुर थाना शिवपुर वाराणसी को शनिवार को उसके घर से पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

शिक्षकों ने पंचायती राज्य अधिनियम के प्रति किया जागरूक

वाराणसी। राजनीति विज्ञान विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, और सकलडीहा पीजी कॉलेज के अध्यापकों ने ग्राम पंचायत हरिशंकरपुर, नियमताबाद, मुगलसराय में शनिवार को गांव के लोगों को पंचायती राज्य अधिनियम के प्रति जागरूक किया। बताया कि निर्वाचित प्रीतिनिधियों को क्या अधिकार प्राप्त है साथ ही महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके अधिकार एवं दायित्वों के बारे में बताया। विद्यापीठ राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्यभान प्रसाद ने ग्रामीणों को सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. रेशम लाल ने गांव के युवकों-युवतियों को नवचार एवं कैरियर से सम्बंधित मुद्दो पर जागरुक किया। सकलडीहा पीजी कॉलेज के प्रो. शमीम राईन ने गांव के लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में बताया। डॉ पियूष मणि त्रिपाठी, डॉ.जयदेव पाण्डेय ने भी विषय के प्रति और पूछे गये सवालों का उत्तर दिया। इस दौरान ग्राम के प्रधान हाजी रफीक अहमद, सुरेश कुमार, रामानंद, प्यारेलाल, वसीम, डब्लू, शिव मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पेयजल संकट में 15 हजार आबादी

जनसंदेश न्यूज

काम कराया ठप

ककरमत्ता इलाके में मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान बार-बार ध्वस्त हो रही पेयजल पाइप लाइन

मंडुवाडीह। स्थानीय क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण के दौरान बार-बार पेयजल पाइप लाइन ध्वस्त हो जाने से त्रस्त ककरमत्ता इलाके के नागरिकों ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग का ठप करा दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि बीते 13 फरवरी से अबतक पेयजलापूर्ति की पाइप 11 बार टूटी चुकी है। इस कारण संबंधित क्षेत्र के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि दिन में एकबार पाइप लाइन दुरुस्त किया गया था लेकिन उसी दिन रात में मार्ग चौड़ीकरण के लिए प्रयोग में लाये जा रहे जेसीबी के कारण दोबारा पाइप लाइन ध्वस्त हो जा रही है। इस कारण पेयजल की आपूर्ति बाधित हो जा रही है। पूर्व प्रधानपति वकील अहमद अंसारी ने बताया इस समस्या के बारे में कार्यदायी संस्था के सुपरवाइजर को जानकारी दी गयी। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। पेयजल की पाइप सीमेंट के बजाय प्लास्टिक की होने के चलते भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।

फलस्वरूप उत्तरी एवं दक्षिणी ककरमत्ता की लगभग 15 हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। इस दौरान गंगाशंकर वर्मा, रविशंकर राय, सुरेंद्र वर्मा, मो. सलीम समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

ककरमत्ता क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पेयजलजल पाइप लाइन बार-बार टूट जा रही है

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता

आवश्यकता है- :शारदा ओमजी ला कालेज, कडेरेपुर बदलापुर, जौनपुर (संबंध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) मे ला विभाग हेतु स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एक पद व प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी।
प्रबंधक : ठाकुर संजय सिंह
मोबाइल-94151722 66

आवश्यकता है- रेनबो महिला संस्थान, नन्दगंज, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनातर्गत स्नातक स्तर पर अतिरिक्त विषय-प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं स्नाकोत्तर स्तर पर-हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र मे प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता वेतनमान यू0जी0सी0 / विश्वविद्यालय परीनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर आवेदन दो प्रतियों में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें।
प्रबंधक-9415863393

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध रामजीत संस्थान टडवॉ, खानपुर, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत बी0 एड0 विभाग में कला संकाय के अन्तर्गत प्रवक्ताओं की। योग्यता NCTE, UGC शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 02 पासपोर्ट फोटो के साथ अपना आवेदन 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर भेजें।
प्रबन्धक
मो0-9838166140

आवश्यकता है- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0सी0आई0 से मान्यता प्राप्त एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से सम्बद्ध रामललित सिंह विधि महाविद्यालय कैलहट, चुनार, मिर्जापुर में स्नातक स्तर पर संचालित LL.B. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता/वेतनमान यू0जी0सी0/विश्वविद्यालय नियमावली एवं परिनियमावली के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति 2 फोटो सहित आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9415230724

आवश्यकता है
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत कालिन्दी सिंह महाविद्यालय ईशोपुर, माहपुर, गाजीपुर में शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0 एड0 विभागाध्यक्ष पद-01, कला संकाय के अन्तर्गत बी0 ए0 में भूगोल प्रवक्ता-01 एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0 एस0 सी0 में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान के प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिन के भीतर सम्पर्क करें।
प्रबंधक-संजीव कुमार सिंह
मो0-9935227210

आवश्यकता है
जे0 डी0 महाविद्यालय, नसीरपुर, सलेमपुर, हंसराजपुर-गाजीपुर सम्बद्ध-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नात

स्वर्ण मंडित मंडप में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

सड़कों पर आस्थावानों का चलता रहा हुजूम

ललिताघाट की ओर से भी भक्तों की लगी रही लंबी लाइन

महाशिवरात्रि

हर-हर शंभो-शंभो देवा महादेवा...

ज्ञानवापी से गोदौलिया-दशाश्वमेध, चौक से बुलानाला तक लगी रही कतारें

वाराणसी। हर हर शंभो..शंभो देवा महादेवा.. बोल बम.. हर-हर महादेव से शनिवार को महाशिवरात्रि पर पूरी काशी नगरी गूंजती रही। वैसे तो काशीनगरी शिवमय है ही लेकिन महाशिवरात्रि पर बाबा की इस नगरी की छटां कुछ अलग ही दिखी। चाहे पुरुष हो या फिर महिला या फिर युवा व बच्चे सभी शिव के रंग में रंगे रहे। देवाधिदेव महादेव के प्रति आस्था इतनी कि भोर होते ही सभी दर्शन-पूजन व जलाभिषेक में तल्लीन हो गये। काशी विश्वनाथ धाम के स्वर्ण मंडित मंडप में शिव व सती के विवाह को लेकर सड़कों पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। यातायात व्यवस्था की तमाम रूकावटों के बावजूद हर पग काशी विश्वनाथ धाम की ओर जाता हुआ दिखायी पड़ा। हर भक्त की चाहत थी कि वह बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक कर अपनी व परिवार की मंगल कामना कर सकें। इसके लिए श्रद्धालुओं को लंबी कतारों में भी लगना पड़ा। लेकिन कहा गया है कि अगर किसी ने संकल्प लिया है तो वह अपने लक्ष्य तक जरूर पहुंचता है। काशी विश्वनाथ धाम के पास पहुंचने पर स्वर्ण मंडित बाबा का धाम देख कर हर कोई पुलकित होकर उसे निहार रहा था। बाबा का दर्शन करने के बाद भी कई श्रद्धालु महिलाएं ऐसी थी कि जो बार-बार पलट-पलट कर बाबा का स्वर्ण मंडित धाम को रूक-रूक कर निहार रही थी। कई महिलाएं तो गर्भगृह के बाहर जमीन पर लेट कर उन्हें दंडवत करती नजर आयी। महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था इतनी थी कि सड़कों पर आस्थावानों का हुजूम चल रहा था। अपराह्न में बाबा दरबार में लगभग तीन लाख भक्त दर्शन पूजन कर चुके थे। सायंकाल यह आंकड़ा चार लाख तक पहुंच गया था। ज्ञानवापी गेट नंबर चार से सैकड़ों दिव्यांगों ने बाबा का दर्शन किया।

फूलों से सजा रहा काशी विश्वनाथ धाम

महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ धाम रात्रि में ही पूरी तरह सज गया था। काशी विश्वनाथ धाम में गेंदा व अन्य फूलों से भव्य सजावट की गई थी। भोर में मंगला आरती के पश्चात आम दर्शनार्थियों के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। इसके साथ ही हर-हर-महादेव व बोल बम के भारी उद्घोष के साथ मंदिर में बाबा का दर्शन-पूजन प्रारंभ हो गया। धाम में भव्य सजावट देख कर हर कोई नतमस्तक रहा।

ज्ञानवापी से गोदौलिया-दशाश्वमेध तक पहुंच गई थीं कतारें

भीड़ का आलम यह था कि श्रद्धालुओं की कतारें ज्ञानवापी से गोदौलिया होती हुई दशाश्वमेध चितरंजन पार्क तक पहुंच गई थी। जबकि इधर दूसरी ओर ज्ञानवापी से चौक थाना होते हुए दूसरी कतार नीचीबाग तक लगी रही। पूर्वाह्न में 11 बजे तक लगभग ढाई लाख श्रद्धालु बाबा दरबार में मत्था टेक चुके थे। भीड़ का आलम ऐसा था कि लक्सा से लेकर गोदौलिया, दशाश्वमेध घाट चितरंजन पार्क तक कहीं भी तिल भर की जगह नहीं बची थी। हर कोई बाबा का दर्शन करने को लेकर आतुर था। वैसे हर जगहों पर पुलिस व जवानों की तैनाती की गई थी। दर्शनार्थियों का प्रवेश गेट नंबर चार के अलावा ललिताघाट की ओर से भी किया जा रहा था। ललिताघाट पर जाने के लिए भक्तों ने घाटों का सहारा लिया और अपने गंतव्य तक पहुंच कर बाबा का जलाभिषेक किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के चारों द्वारों से दर्शनार्थियों को दर्शन कराया जा रहा था। हर भक्त को दर्शन के लिए सिर्फ दो सेकेंड का समय मिल रहा था। ललिताघाट की ओर से भी लाखों श्रद्धालु लाइन में लगे रहे।

भक्तों हेतु लगाया गया शिविर

वाराणसी। लायंस क्लब वाराणसी गंगा के सौजन्य से शनिवार को रोहित हॉस्पिटल के तत्वावधान में पंचकोशी यात्रा में आए हुए श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक डॉ सोमनाथ सिंह प्रबंध निदेशक रोहित हॉस्पिटल मुख्य अतिथि दीपक अग्रवाल पूर्व गवर्नर लायंस क्लब वाराणसी गंगा विशिष्ट अतिथि विजय सिंह चंद्रकांत सिंह लायंस क्लब वाराणसी गंगा के अध्यक्ष अजातशत्रु सिंह ने भक्तों के सहातार्थ शिविर में सेवा किया। संचालन दीपक गुप्ता ने किया।

नीचीबाग पर भक्तों को बांटा गया फलाहार

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर शनिवार को नीचीबाग पर सुबह से लेकर अपराह्न तक शिव भक्तों के लिए निरंतर फलाहार का वितरित किया गया। फलाहार में आलूदम, सिंघाड़े की पकौड़ी, कटलेट, रामदाना, चाय व पेयजल भी रहा। शिविर में भारी संख्या में शिवभक्तों को फलाहार बांटा गया। इस मौके पर समाजसेवी व

दीक्षा फाउण्डेशन की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने कहा कि महाशिवरात्रि पर सुमित सर्राफ की ओर से शिवभक्तों को निःशुल्क फलाहार का वितरण करना सराहनीय कार्य है। कहा कि शिवरात्रि का पर्व धार्मिक परम्परा को दर्शाता है। बाबा के हाथ में त्रिशूल व डमरू दोनों है। यह पर्व शस्त्र और शास्त्र दोनों को जोड़ने का प्रतीक है। इस मौके पर समाजसेवी संतोषी शुक्ला, सुमित सर्राफ, विजय कपूर, लक्ष्मीकांत मिश्र, मनोज यादव, अंजनी मिश्र, संजय जोशी, कुलदीप जायसवाल, श्याम दास गुजराती, विभा सिंह, पारस केशरी समेत काफी लोग मौजूद थे।

नीचीबाग, बुलानाला, चौक-बांसफाटक तक चलता रहा शिविर

महाशिवरात्रि पर नीचीबाग, बुलानाला, चौक, बांसफाटक आदि क्षेत्रों में शिवभक्तों के लिए विभिन्न संस्थाओं की ओर से शिविर लगा कर फलाहार का वितरण किया जा रहा था। दर्शन-पूजन करने के बाद शिवभक्त शिविरों के पास आकर कुछ देर ठहर कर फलाहार ग्रहण कर रहे थे। कई जगहों पर तो इसके लिए लाइन भी लगी रही। श्याम मंडल एवं मारवाड़ी युवक संघ ने संयुक्त रूप से गोदौलिया पर काशी में आए शिवभक्तों को नि:शुल्क फलाहारी प्रसाद के रूप में आलूदम, कुट्टू की पूड़ी-पकौड़ी आलू चिप्स चिनिया बदाम खोए की बर्फी का वितरण भक्तों में किया। गया जो निरंतर अपराह्न तक चला। जबकि हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद के साथ चाय का भी स्वाद लिया। संयोजन में दीपक कुमार बजाज अजय खेमका संदीप शर्मा कानू महेश चौधरी प्रवीण माखरिया यदु देव अग्रवाल नवीन जालान सुरेश तुलस्यान कृष्ण कुमार कावरा सूर्यकांत बाजोरिया श्याम सुंदर लोहिया आदि शामिल थे।

स्वयंसेवकों ने की चाय व जलपान की व्यवस्था

मेले की व्यवस्था में प्रशासन के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग और कैथी के युवा लगातार मेले में लगे हुए थे। युवकों की ओर से दर्शन कर के लौट

रहे लोगों के लिए गांव में दो स्थान पर सहायता शिविर का संचालन किया जा रहा था। जिसमें भक्तों के लिए चाय पानी की निःशुल्क व्यवस्था की गयी थी। इस शिविर के संचालन श्रीनाथ सिंह,अजय डगडग,रवि प्रताप साजन, त्रिभुवन सिंह बच्चा, शिव गोविन्द, बचानू, रमेश,संदीप, सौरभ, राजन, मंजीत, शिव मोहन, राकेश, अमन , नमन, रमेश श्रीवास्तव, अंकित, शिवम, शनि, शुभम, प्रियांशु आदि का विशेष योगदान रहा। मेला क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी चिकित्सा शिविर भी लगा था जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही थी।

मठों में भी हुआ भव्य पूजन

वाराणसी। शिवरात्रि के महापर्व पर श्री गीता सोसाइटी के प्रांगण में महा योगी शिव का पूजन भव्य रूप से किया गया। स्वामी त्रिगुणातीतनन्द पूरी ने भव्य रुप से पूजन कर कहा कि भगवान शिव कल्याण के साक्षी हैं यह रात्रि उनके विवाह की रात्रि है, इसमें जागरण का महत्व तो हैं ही साथ ही चारों पहर की पूजन का भी विधान है। बताया कि शिवरात्रि के पूर्व संध्या पर अन्न सेवा कार्य तो किया गया इस अवसर पर भी लोगों में प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राहुल मुखर्जी, रोहित सेठ, मुकन्द कुमार, आशीष टण्डन, कुमकुम बेगम का सहयोग रहा।

रात को निकली शिव बारात में लोगों ने दिखाया गजब का उत्साह

कैंट स्टेशन पर मालगाड़ी बेपटरी, संचालन बाधित

ठेकेदार की लापरवाही

प्लेटफार्म नंबर नौ पर घंटों अप व डाउन लाइन रही बाधित

मौक पर पहुंची टूल वाहन अथक प्रयास के बाद संचालन बहाल न हो सका

संयुक्त जांच टीम का किया गया गठन एडीआरएम ने लिया जायजा

जनसंदेश न्यूज

ट्रेन के बेपटरी होने के बाद मौके पर अधिकारियों व कर्मचारियों की भीड़

मौके पर पहुंचा टूल यान, राहत में जुट कर्मचारी

वाराणसी। कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ पर काशी की ओर जा रही लान्ग हाल मालगाड़ी शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसके चलते प्लेटफार्म नंबर नौ व अन्य प्लेटफार्मो पर संचालन बाधित रहा। मौके पर पहुंचे एडीआरम लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने स्थिति का जायजा लेते हुए उच्चस्तरीय संयुक्त जांच टीम का गठन किया।

जानकारी के अनुसार कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर नौ के बगल से मालगाड़ी की बाईपास लाइन बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसके लिए शनिवार की शाम को ठैकेदार के लोगों द्वारा पुराने ओएचई के पोल को हटाने का कार्य किया जा रहा था, तभी ऊंचाहार से धनबाद जा रही मालगाड़ी प्लेटफार्म नंबर नौ पर शाम करीब 3:55 पर आकर रुकी, पांच मिनट ठहरने के बाद मालगाड़ी शाम लगभग 4:00 बजे काशी की ओर रवाना हुई, तभी ओएचई के पोल को रस्सी के सहारे मजूदरों द्वारा खीचा जाने लगा, इतने में खम्बा मालगाड़ी के दोनों बोगी के बीच आकर फंस गया, मालगाड़ी के ब्रेकवान से 29 बोगी के नीचे खंबा फंस गया, इसके चलते मालगाड़ी का पहिया ट्रेन से अलग हो गया।

स्टेशन पर मालगाड़ी के बेपटरी होने की खबर से हड़कम्प मच गया। लखनऊ मंडल अधिकारियों ने फोन से जानकारी ली।

टूल यान से संभाला मोर्चा

बेटरी होने की सूचना पर मौके पर टूल यान लेकर कर्मचारी पहुंचे और राहत कार्य में जुट गये, गाड़ी से 29वां डिब्बा अलग किया गया इसके बाद कार्य शुरू करते हुए घंटो प्रयास के बाद मालगाड़ी को पटरी पर लया गया।

संचालन रहा बाधित

प्लेटफार्म नंबर नौ अप व डाउन दोनों ट्रेनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके चलते जहां इस लाइन पर घंटों परिचालन बाधित रहा वहीं अन्य प्लेटफार्म पर भी संचालन प्रभावित रहा, व्यास नगर से लगायत शिवपुर स्टेशन पर ट्रेनों को रोके रखा गया। मालगाड़ी को पटरी पर लाने का कार्य देर रात तक जारी रहा।

> दुर्घटना का पता लगाने के लिए संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है अगर जरुरत पड़ी तो हाई लेवल कमेटी का भी गठन किया जायेगा। इस मामले में दोषी लोगों के प्रति सख्त कार्रवाई की जायेगी।
>
> लालजी चौधरी, एडीआरएम वाराणसी

12 घंटे देरी से पहुंची महाकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। इंदौर से वाराणसी आने वाली महाकाल शनिवार को 12 घंटे देरी कैंट स्टेशन पहुंची। महाकाल एक्सप्रेस के कैंट स्टेशन पर पहुंचने का समय सुबह लगभग पांच बजे है, यह ट्रेन शनिवार को करीब पांच बजे शाम को प्लेटफार्म नंबर आठ पर पहुंची, इंदौर से वाराणसी आने वाले यात्रियों ने बताया कि ट्रेन को रास्ते भर कई स्टेशनों पर रोके रखा गया।

प्राचीन सिद्ध मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर प्रशांतपुरी डीआईजी कॉलोनी स्थित प्राचीन सिद्ध मंदिर में बाबा भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिर में कॉलोनी व आसपास के लोगों की भीड़ प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए लगी रही।

भक्तों ने बारी-बारी से जल, दूध, बेलपत्र, मदार की माला चढ़ाकर मनोकामना की। इस अवसर पर मंदिर का फूल, माला, विद्युत झालरों से भव्य श्रृंगार किया गया। आरती के बाद बाबा को फल, मिष्ठान व पंचमेवा का भोग भी लगाया गया।

दर्शन पूजन करने वालों में राजेश पांडेय, मदन दुबे, गौरी शंकर दुबे, भाजपा के महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी, बनारस बार के पूर्व अध्यक्ष राजेश मिश्र, आशुतोष सिंह, बबलू सिंह, संजीव सोनकर, मनोज सिंह, प्रशांत मिश्र, शिशिर राय आदि शामिल रहे।

कपिलधारा में पंचक्रोसी पड़ाव में उमड़ी रही भीड़

चिरईगांव। आस्था और विश्वास का महापर्व शिवरात्रि पर पंचकोश यात्रा का अंतिम पड़ाव कपिलधारा में पंचकोश यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं का तड़के (भोर) से आना शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। महाशिवरात्रि पर्व पर पंचकोश यात्रा के अंतिम पड़ाव पर वृष भद्धेश्वर महादेव का दर्शन पूजन करने के लिए पंचकोशी यात्रियों का हुजूम पांच बजे भोर से ही हरहर महादेव के उद्घोष के साथ आना शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा। पंचकोश यात्र में इस बार महिलाओं की भी संख्या अच्छी खासी रही।पंचकोशी यात्रियों की सेवा के लिए रसूलगढ़, सलारपुर, खालिसपुर, कोटवां और सरायमोहाना में सड़क किनारे गैर सरकारी संगठनों के लोगों ने फल,चाय,पानी,गुड़ आदि का स्टाल लगाये हुए थे।

उधर, शिवपुर संवाददाता के अनुसार शिवपुर क्षेत्र में नर्मदेश्वर महादेव पांचो पांडव मंदिर में शांतेश्वर महादेव मंदिर कादीपुर में सुबह से ही भक्तों का भगवान को जल चढ़ाने पूजन अर्चन का प्रोग्राम शुरू हो गया था लंबी-लंबी कतारों में भक्तों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजन अर्चन कर प्रसाद भी ग्रहण किया।

स्मरण इस महाशिवरात्रि पर्व पर पंचकोश करने वाले लोग एक दिनी कोसी परिक्रमा पूरा करते हैं जो सोपुर चौथा पड़ा वस्थले पंचकोशी मार्ग का लाखों की संख्या में पंचकोशी यात्री रामेश्वर होते हुए शिवपुर में आकर पांचों खंडवा मंदिर में दर्शन दर्शन किए।

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और पार्वती का राजसी श्रृंगार

शिवरात्रि

गौरा और भगवान शंकर की प्रतिमाओं का हुआ विशेष पूजन

रात्रि में हुआ विवाहोत्सव की परंपराओं का निर्वाह

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बाबा श्री काशी विश्वनाथ की पंचबदन रजत प्रतिमा बंसत पंचमी पर तिलकोत्सव के बाद परंपरानुसार शिव-विवाह के लिए विजया एकादशी गुरूवार को तेल-हल्दी की रस्म के बाद शनिवार को महाशिवरात्रि पर बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ और माता गौरा की प्रतिमा का विशेष वर-वधु के रूप में राजसी श्रृंगार किया गया।

दूल्हा बने बाबा की प्रतिमा को सेहरा लगाया गया था वही माता गौरा मथुरा से मंगवायी गई खास लाल लहंगे में सजीं। टेढीनिम महंत आवास पर साढ़े तीन सौ वर्ष वर्षो से चली आ रही लोकपरंपरा के अनुसार महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने बाबा व गौरा की प्रतिमा की रात्रि 8 से 9 तक विवाह की परंपरा का निर्वहन कर आरती की।

सुबह ब्रह्ममुहूर्त में प्रतिमाओं का रुद्राभिषेक किया गया। पं. वाचस्पति तिवारी ने सपत्नीक रुद्राभिषेक किया। दोपहर में फलाहर का भोग लगाया गया। भोग आरती के बाद संजीवरत्न मिश्र ने बाबा एवं माता की चल प्रतिमा का राजसी श्रृंगार किया कर विशेष आरती उतारी। सायंकाल मंगलगीतों के साथ परंपरा की शुरूआत हुई। इस मौके उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाकर माहौल भक्तिमय कर दिया।

बाबा की प्रतिमा का विवाहोत्सव महंत-आवास टेढीनीम में मनाया गया। महंत डॉ. कुलपति तिवारी के अनुसार महंत परिवार बाबा विश्वनाथ रजत प्रतिमाओं के साथ सभी निजी प्रतिमाओं को महाशिवरात्रि पर पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। महेंद्र प्रसन्ना ने शहनाई की मंगल ध्वनि की।

संक्षेप

बिल्वेश्वर महादेव मंदिर में सजी भव्य झांकी

वाराणसी। श्री बिल्बेश्वर महादेव का परंपरागत 11वां महाशिवरात्रि महोत्सव 18 फरवरी शनिवार को भव्यता से मनाया गया। मंदिर परिसर विद्युत झालरों, फूल मालाओं से सुसज्जित रहा। इस अवसर पर सायं 4 बजे से आचार्य पं. विनोद तिवारी ने विधिवत रुद्राभिषेक पूजन एवं बाबा का नयनाभिराम श्रृंगार किया। साथ ही 6 बजे से विदुषी महिलाओं श्रीमती सीता बाजपेयी, निर्मला मिश्रा, शालिनी मिश्रा, निधि बाजपेयी, पूर्णिमा शुक्ला सुश्री सुमन सिंह, कामाक्षी राव ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया रात्रि 8 बजे पं. पुरुषोत्तम मिश्र पुजारी ने भव्य आरती की। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थापक व कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र कुमार बाजपेयी ने किया।

सामने घाट से निकली भव्य शिव बारात यात्रा

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर्व पर आज सामनेघाट स्थित महामृत्युंजय मंदिर से भव्य शिवबारात यात्रा निकाली गई। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी दोपहर में निकली शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल शिवलिंग की प्रतिकृति उसके बाद रथ बग्गी पर सवार भगवान शिव और माता पार्वती का स्वरूप विराजमान व दूसरे रथों पर शिव के गण व अनेक श्वांग व डीजे धुन पर युवा शिवभक्त थिरकते चल रहे थे।काफी संख्या में क्षेत्रीय महिला पुरुष बच्चे श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा मंदिर से सामने घाट तिराहा, नगवां पुलिस चौकी, रविदास गेट मालवीय चौराहा लंका से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। महंत पंडित रविरंजन उपाध्याय ने बताया कि रात्रि में चार पहर का रुद्राभिषेक व शिव विवाह का आयोजन होगा। कल महाप्रसाद भण्डारे का वितरण होगा।

चंडी महायज्ञ में डाली गई आहुतियां

वाराणसी। आदिशक्ति मां कुष्मांडा, दुगार्कुण्ड के दरबार में चल रहे नौ दिवसीय 22वां चंडी महायज्ञ के आठवें दिन यज्ञाचार्य पं रमेश महाराज के आचार्यत्व में आचार्य सहयोगियों व वैदिक विद्वानों द्वारा यज्ञशाला में वैदिक मंत्रों से पूजन व चंडी पाठ के द्वारा हवन कर आहुतियां दी गई। रात्रि में निशा पूजा व कल हवन कर पूणार्हुति दी जाएगी। रात्रि में मां कुष्मांडा जगराता ग्रुप द्वारा महिला भजन गायिका सरिता सेठ व मधुसूदन माहीं व मोनु सिंह नाल पर देवी भजन प्रस्तुत किया । उनके साथ आर्गन पर दीपक मतलबी तबला पर सूर्यांश गुप्ता पैड पर प्रकाश संगत कर रहे थे। इस अवसर पर नीरज उपाध्याय संजय अग्रहरी रिशु गिरी संजय दुबे अरविंद पाठक व अन्य सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन आज

जनसंदेश न्यूज

प्रेसवार्ता

ईरान व भारत केसरी पहलवान का होगा मुकाबला

सारनाथ। चतुरी खलीफा व्यायामशाला के बैनर तले रविवार को अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन स्थानीय एक कॉलेज के मैदान पर होगा। जिसमें ईरान के पहलवान जाकिर हुसैन और 12 बार भारत केसरी रहे दिल्ली के मोनू पहलवान के बीच मुकाबला होगा।

स्थानीय एक लॉन में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में चतुरी खलीफा व्यायामशाला के उस्ताद संतोष पाल ने बताया कि यह कुश्ती अब तक की सबसे बड़ी कुश्ती होगी। जिसमें ट्रैक्टर इनाम है। वैसे कुश्ती दंगल की शुरूआत पूर्वाह्न 11 बजे हो जाएगी। पहले छोटी-छोटी कुश्तियां होगी। तत्पश्चात बड़ी कुश्ती आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश केसरी स्तर के पहलवान दमखम दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के अलावा पूर्वांचल के नामी-गिरामी पहलवान सारनाथ के अखाड़े पर जोर-आजमाइश करेंगे। कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व मंत्री ददन पहलवान होंगे। इस दौरान भइयालाल पाल, सुनील, राधे पाल आदि मौजूद थे।

चोलापुर में कुश्ती दंगल आज

चोलापुर। बनियापुर बावनबीघा स्थित केदार पहलवान व्यायाम शाला में 19 फरवरी को दोपहर 12 बजे से स्व. केदार पहलवान की स्मृति में विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया है। जहां दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, रेलवे और सेना के पहलवान भाग लेंगे। मुख्य अतिथि पहलवान नरसिंह यादव रहेंगे। यह जानकारी आयोजक शिवधनी पहलवान ने दी है।

चार साल में 74 हजार कैंसर मरीजों को मिला उपचार

वाराणसी। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल (एमपीएमएम सीसी एवं एचबीसीएच) के चौथे स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार से अस्पताल के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। शनिवार को संगोष्ठी के दूसरे दिन अस्पताल प्रशासन द्वारा एम.पी. एम.एम. सी.सी. एवं एच.बी.सी.एच. में पंजीकृत मरीजों का आंकाड़ा जारी किया गया। आंकड़ों के अनुसार अब तक दोनों अस्पतालों में 74277 मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। अब तक पंजीकृत कुल मरीजों में से 20851 हजार मरीज केवल पिछले साल यानि 2022 में पंजीकृत हुए हैं। अस्पताल में इलाज लेने वाले मरीजों का आंकड़ा जारी करते हुए दोनों अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मरीजों के पंजीकरण में बढ़ोतरी दिख रही है। 2018 में होमी भाभा कैंसर अस्पताल में 6250 मरीज पंजीकृत हुए थे, जो 2022 में बढ़कर दोनों अस्पतालों में 20851 हो गए। कैंसर इलाज को लेकर अस्पताल पर बढ़ते लोगों के विश्वास एवं बीमारी के प्रति बढ़ती लोगों में जागरुकता की ही देन है कि नए पंजीकरण में वृद्धि हो रही है।

शिव परमात्मा का महाकाव्य सुनाया

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी रामापुरा में महाशिवरात्रि पर बीके दुर्गा का प्रवचन

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। रामापुरा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी शाखा में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर बीके दुर्गा बहन ने साधक व साधिकाओं को शिव परमात्मा के महाकाव्य को सुनाया। कहा कि शिव सबसे महान हैं। जो ज्ञान सूर्य परमात्मा सृष्टि पर जब अवतरित होते हैं तब हमें आत्माओं से पांच विकारों का दान लेते हैं। जो यादगार स्वरूप है। कहा कि काम,क्रोध, मोह, लोभ व अहंकार ये सह आत्माओं के महाशत्रु हैं। इन विकारों को त्याग कर जीवन को सुखमय बनाना चाहिए। अपने अंदर यह झांक कर देख लेना चाहिए कि हमें कोई गंदी आदत तो नहीं है। किसी को भी दुःख नहीं देना चाहिए। परमात्मा की शक्तियों व गुण को धारण करना चाहिए। शाखा में रोजाना प्रातः सात से 8.30 बजे तक तथा सायंकाल पांच से छह बजे तक उनका प्रवचन चलता है। इसमें सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल होते हैं। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज सुरेन्द्र दीदी, बीके दुर्गा दीदी, बीके सम्पत भाई, ओमप्रकाश भाई, बृजेश भाई, ऋषिराज, बीके सुभाष, ऋतुराज भाई बीके अंबिका बहन, प्रेमलता, बीके पुष्पा, बीके पूनम बहन आदि मौजूद थे।

बाबा के भक्तों को चुकानी पड़ी मुंहमांगी कीमत

फूल-माला बाजार

मदार की माला हो या फिर धतूरा-बिल्वपत्र, सभी बिके महंगे

पानी मिला दूध भी देवालयों के इर्द-गिर्द जमकर बिकता रहा

वाराणसी। महाशिवरात्रि का पर्व हो और बाबा भोलेनाथ को उनकी मनपसंद की चीजों को न चढ़ाया जाए, यह कैसे हो सकता है। जी हां, शनिवार को बाबा के भक्तों को उनकी पसंद के सामानों को खरीदने के लिए मुंहमांगी कीमत चुकानी पड़ी।

बात चाहे मदार की माला की रही हो या फिर धतुरा-बिल्वपत्र आदि की। बाबा भोलेनाथ के भक्तों को फूल-माला विक्रेताओं ने 'लूटा' ही नहीं बल्कि उनके पॉकिट पर 'डाका' तक डाला। मदार की तीन-चार रुपये में बिकने वाली छोटी माला 12-20 रुपये में बेचा तो बिल्वपत्र, धतुरा समेत अन्य प्रकार की फूल-मालायें भी मुंहमांगी कीमत पर बेची। भक्ति में लीन भक्त लूटते गये।

बांसफाटक एवं मलदहिया फूल मंडी का नजारा बदला हुआ दिखा। महाशिवरात्रि पर बाबा को खुश करने के लिए में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी थी। किसान और व्यापारी भाव कम करने की बात तो दूर आवाज लगाकर ग्राहकों को बुला तक नहीं रहे थे। इतना ही नहीं शिवालयों-देवालयों के इर्द-गिर्द फूल-माला की दुकान लगाये विक्रेताओं ने तो ग्राहकों को लूटने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी। भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए ग्राहकों की विवशता मुंहमांगी कीमत पर माला-फूल खरीदने की। मदार की छोटी माला जहां 20 रुपये और गेंदा फूल संग मदार की माला 15 रुपये पीस बिक गया। वहीं, बिल्वपत्र 120 से 150 रुपये किलो। धतुरा जहां 80-100 रुपये किलो तो प्रति पीस चार से पांच रुपये। गेंदा की छोटी माला 10 रुपये और नीलकंठ की माला 15 रुपये प्रति पीस। दूब 5-10 रुपये गांठ। इतना ही नहीं, पानी मिला दूध भी देवालयों के इर्द-गिर्द जमकर बिकता रहा। भक्त भी एक दिन लूटने को तैयार थे, क्योंकि उनके अंदर अपने बाबा के प्रति श्रद्धा और भक्ति जो थी। इसलिए वे मुंहमांगे दाम पर पूजन-सामग्रियां खरीदने पर विवश हुए।

साईं बाबा की निकली भव्य पालकी यात्रा

शिरडीमय हुआ काशी धाम, जयकारा लगाते हुए भक्त हुए शामिल

वाराणसी। बेनीपुर स्थित शिव साईं मंदिर में स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शनिवार को गाजे-बाजे के साथ साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में भारी संख्या में लोग जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। पालकी यात्रा का शुभारंभ मंदिर के महंत शिव प्रकाश पाठक ने नारियल फोड़ कर किया। पालकी यात्रा में महिलाओं व पुरुषों के अलावा बच्चे व वृद्ध भी जयकारा करते हुए चल रहे थे। बाबा की पालकी को लोग कंधे पर रख कर चल रहे थे। शोभायात्रा बेनीपुर, पहड़िया, श्रीनगर कालोनी, अकथा चौराहा होते हुए पुनः साईं मंदिर बेनीपुर पहुंची। जहां पर शहर के विभिन्न हिस्सों से आये शिव भक्त मिले। रास्ते में जगह-जगह पालकी की आरती उतारी गई। पालकी यात्रा में शिव प्रकाश पाठक, महेश गुलाटी,

रामजनम त्रिपाठी, श्रीमती रानिका जायसवाल, मनोज सिंह, राकेशदत्त मिश्र, कृष्ण कुमार पाठक, प्रशांत पाठक, शिशिर सिंह विक्की, अनुज सिंह, गुड्डू मिश्र समेत काफी लोग मौजूद थे।

स्क्रैपिंग सेंटर के लिए कवायद हो गई शुरू

वाराणसी। शासन की मंशा के अनुरुप वाराणसी में स्क्रैपिंग सेंटर खुलने की कवायद शुरू कर दी गयी है। इसके लिए बाबतपुर स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय पर अधिकारियों की बैठक हुई।

संभागीय परिवहन अधिकारी शिखर ओझा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में वाहन डीलर्स, वर्कशाप संचालकों और इच्छुक लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बतया कि बैठक में स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र खोलेने पर चर्चा की गयी है। लोगों की ओर से

जल्द ही इसके लिए आवेदन किया जाने की इच्छा जाहिर की गयी है। बताया कि पूरी प्रक्रिया की जानकारी विभाग की वेबसाइट पर है।

स्क्रैपिंग के लिए इसकी जरूरत

एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सभी प्रकार के वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए दो एकड़ भूमि, एल श्रेणी के वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि की जरूरत होगी। भूमि अगर लीज पर ली गई है तो कम से कम तीन साल का एग्रिमेंट जरूरी है। उन्होंने बताया कि एल श्रेणी के स्क्रे पिंग सुविधा केंद्र में दो औरतीनपहिया वाहन होंगे, जबकि एम श्रेणी में सभी प्रकार के चारपहिया यात्री वाहन, एन श्रेणी में चार पहिया मालवाहन रखे जा सकेंगे।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने दर्ज कराया मुकदमा

बाबतपुर। लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रशासन द्वारा कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया गया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के वाराणसी हवाई अड्डे पर पहुंचने और फिर वापस जाने की सूचना पर दिये गये बयान के आधार पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया है। अजय राय ने बताया कि सरकार के दबाव में मुकदमा कराया जा रहा है जबकि हवाई अड्डे पर राहुल गांधी के आगमन को लेकर सुरक्षा बैठक भी हो गयी थी हवाई अड्डे से प्रयागराज जाने के लिए दो सड़क मार्ग को भी स्थानीय प्रशासन के द्वारा चिन्हित किया गया था।

बगड़ बम-बम... बगड़ बम-बम, बम लहरी

बोल बम-बम बोल... जय शिव-जय शिव... ऊं नमः शिवाय... हर-हर महादेव... इत्यादि उच्चारण संग भगवान भोले के भक्तों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। बाबा के दीवानें शिवालयों की ओर बढ़ते रहे। भक्तों की उमड़ी भीड़ को देखने से ऐसा लगा रहा था मानों शिवालयों पर 'जनसमुद्र' उमड़ पड़ा हो। औघड़दानी की बारात के स्वागत को नगर के विभिन्न मार्गो पर नाश्ता-पानी का भरपूर इंतजाम किया गया था। कहीं लोग ठंडई का मजा ले रहे थे तो कहीं चाय-नाश्ते से बारातियों का स्वागत किया जाता रहा।

जलाभिषेक के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

बलिया। महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर के शिवालयों में शनिवार को तीन बजे भोर से ही जलाभिषेक शुरू हो गया। शिवालयों का फाटक खुलते ही शिवभक्तों के जयकारे से पूरा मंदिर गूंज उठा। बालेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए एलआईसी रोड से लेकर मंदिर तक महिलाओं एवं पुरूषों की लंबी लाइन लगी रही। पुरूषों की संख्या महिलाओं से कम रही। सुबह पांच बजे बाबा की आरती हुई। आरती दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। आरती के समय जलाभिषेक का कार्य कुछ देर तक रोक दिया गया। इसके चलते भक्तों की लाइन और लंबी हो गई। मिट्टी के वर्तन में जल, बेलपत्र, फूल, दही, पेड़ा, शम्मी का पत्ता, भांग, धतूरा आदि लेकर लोग बाबा का पूजन-अर्चन करने के लिए लाइन में लगे रहे। भक्तों की भीड़ को देखकर मंदिर कमेटी महिला व पुरूष की अलग-अलग लाइन लगाने में लगा रहा। एक तरफ से पुरूष तो दूसरी तरफ से महिलाओं की लाइन श्रृंखलाबद्ध तरीके से मंदिर में पूजन के लिए प्रवेश करती रही। भीड़ के चलते जल चढ़ाने के लिए भक्तों में धक्का-मुक्की भी होती रही। पुलिस कर्मी भक्तों की लाइन लगाने में जुटे रहे। वहीं, शीश महल गोला रोड स्थित कैलाश धाम मंदिर पर भी दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसके अलावा मिड्ढ़ी स्थित शिव मंदिर, अमृतपाली स्थित शिव मंदिर, टैगोरनगर स्थित शिव मंदिर आदि में जलाभिषेक होता रहा। इधर, आनंदनगर स्थित कंकणेश्वर नाथ शिव मंदिर में पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

बालेश्वर नाथ मंदिर के बाहर उमड़ी भीड़

शिवालयों का फाटक खुलते ही गूंजने लगा हर-हर महादेव

बालेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए लगी महिलाओं की लंबी लाइन

बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

ठंडई का लुफ्त उठाते लोग

भक्तों में वितरित किया प्रसाद

शिविर में प्रसाद ग्रहण करते लोग

बलिया। महाशिवरात्रि पर नगर के वरिष्ठ व्यापारियों की ओर से चौक स्टेशन रोड में बारातियों के स्वागत के लिए स्टाल लगाये गये थे। सुबह से शाम तक लोगों की सेवा में आयोजन समिति के लोग तत्परता से लगे रहे। पांच हजार से अधिक लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। कुशल कारीगरों द्वारा सामान तैयार किया गया था। प्रसाद के साथ ही मिनरल वाटर भी दिये जा रहे थे। स्टाल पर लगी भीड़ को देखते हुए व्यवस्थित तरीके से लोगों की लाइन लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

श्रीनाथ बाबा मठ से निकली शिव बारात

रसड़ा में निकली शिव बारात में शामिल श्रद्धालु

रसड़ा। कस्बा के श्रीनाथ बाबा मठ में शनिवार को महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों ने पूजा अर्चना किया। इसी क्रम में लखनेश्वर डीह मंदिर पर भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया तथा बेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाया। वहीं, श्रीनाथ बाबा मठ से शिव भक्तों ने शिव बारात निकाला गया। यह श्रीनाथ बाबा मठ से चलकर रसड़ा नगर का भ्रमण किया। इसमें हजारों की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। हर-हर महादेव के नारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। शिव बारातियों के लिए जगह-जगह नाश्ता, पानी एवं भांग की व्यवस्था किया गया था। सर्वप्रथम रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर एवं शिवम गली स्टेशन पर शिव भक्तों को नाश्ता कराया गया। इसके बाद बारात छितौनी के अमली बाबा मंदिर पर पहुंचा, जहां शिव-पार्वती का विवाह मुहूर्त कराया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

महिलाओं ने किया भोलेनाथ का परछावन

मझौवां। महाशिवरात्रि पर मधुबनी-दया छपरा मार्ग स्थित जालन्धर बाबा शिव मन्दिर पर भोर से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। श्रद्धालु कांवड़ में गंगाजल लेकर फूल, धतूरा, भांग से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भीड़ से कई बार मार्ग अवरूद्ध हो गया। दोपहर में रुद्राभिषेक व हवन के बाद पालकी पर सवार भगवान भोलेनाथ की गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई। यह भ्रमण करते हुए ग्राम सभा के मठिया में पहुंची, जहां महिलाओं ने 'हाथी साजो घोड़ा साजो साजो बाबा हो ब्रम्हा जी बाबा, आहो बाबा भली भांति साजो बरियात सजन लोगवा' आदि मांगलिक गीत गाकर भोलेनाथ का परछावन किया। वही, जब बारात दुर्गा मन्दिर पहुंची तो माताओं ने अईसन बउराह बर से गउरा नाही बियहबी, भले गउरा रहीहै कुंवारी गीत गाकर फूल, टाफी लुटा कर परछावन किया।

शिव-पार्वती विवाह संपन्न

रतसर। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के लखिया बाबा सेवा संस्थान द्वारा शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर हाथी, घोड़ा, ऊंट तथा विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई। यह लखिया बाबा सेवा संस्थान (बीका भगत के पोखरा) से प्रारंभ होकर गांधी आश्रम, सरस्वती भवन, पंचायत घर, कनिया जी के पोखरा, दक्षिण चट्टी, सदर बाजार होते हुए पुनः गांधी आश्रम चौराहा से शिवजी इण्टर कालेज के प्रांगण में पहुंचा। जगह-जगह शिव बारातियों का स्थानीय लोगों ने आवभगत किया। शिवजी इण्टर कालेज के प्रांगण में शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ।

शोक हरण नाथ मंदिर पर उमड़ी भीड़

बेरुआरबारी। महाशिवरात्रि पर असेगा में स्थित शोक हरण नाथ में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के साथ पूजन-अर्चन किया। महिलाओं के लिए मंदिर प्रशासन की तरफ से इस बार विशेष व्यवस्था की गई थी। बाबा के दर्शन एवं पूजन के लिए पुरुषों एवं महिलाओं की लंबी-लंबी कतार दोपहर तक लगी रही। महाशिवरात्रि से होली तक चलने वाला मेला भी प्रारंभ हो गया।

शिवालयों में किया दर्शन-पूजन

बैरिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को अहले सुबह से गंगा स्नान के बाद शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जलाभिषेक किया। मन्दिरों में शिव पंचाक्षर की ध्वनि से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का माहौल रहा। क्षेत्र के शिवालयों मे कही संकीर्तन तो कही सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। अधिकांश मन्दिरों में रुद्राभिषेक भी हुआ। मन्दिरों में रात्रि जागरण भी होता रहा।

महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोग

युवक को तिलक लगाता श्रद्धालु

शिव बारात में डीजे पर ठुमका लगाते शिव भक्त

युवक को तिलक लगाता श्रद्धालु

शिव बारात में नाचते-गाते श्रद्धालु

शिव बारात देखने को उमड़ी भीड़

बलिया। महाशिवरात्रि पर फेफना स्थित फफनेश्वर नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। अपराह्न में शिव मंदिर से धूमधाम से शिव बारात निकाली गई। इसमें गाजे-बाजा एवं डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। तरह-तरह की झांकियां भी सजायी गई थी। शिव शंकर और उनके गणों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव बारात में कोई कंकाल की तरह वेष-भूसा बनाये हुए था तो कोई विभिन्न देवी-देवता का रूप धारण किये हुए था। इसी तरह से कई भूत का रूप धारण कर नाचते रहे। शिव बारात की झांकी बरबस ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा था। फफनेश्वर नाथ शिव मंदिर से निकली शिव बारात कस्बा सहित पूरे बाजार का भ्रमण कर देर शाम पुनः मंदिर पर पहुंची। यहां पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंदिर पर नेवता देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान सूरज सिंह जंगल, मंगल सिंह, उदय सिंह, प्रधान केशव प्रसाद गुप्त, अशोक कुमार गुप्त, संजय सिंह, हरिशंकर कन्नौजिया, प्रभु राजभर, सतेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, सुनील सिंह, विनोद गुप्त, सतीश तिवारी, शंभूनाथ मौर्या आदि मौजूद रहे।

ठेला व बैलगाड़ी से निकली शिव बारात

भक्तों को आकर्षित करती रही विभिन्न देवी देवताओं की झांकी

बलिया। ऐतिहासिक परम्पराओं के अनुरूप महाशिवरात्रि के पर्व पर विभिन्न मुद्राओं में भगवान शिव की बारात निकली। बाबा की नकल उतारते हुए उनके भक्त भी तरह-तरह की वेष-भूसा धारण कर बारात में शामिल हुए। इसमें हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैण्ड-बाजा, शहनाई एवं रथ पर सवार विभिन्न देवी-देवताओं की झांकी बाबा के भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती रही। इस दौरान शिव बारात को जगह-जगह रोककर महिलाओं ने परछावन भी किया। बारात के स्वागत को जगह-जगह ठंडई एवं मिष्ठान की व्यवस्था भी किया गया था। बारात के दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव के नारों से गूंज उठा। इस दौरान भृगुनगरी पूरी तरह से शिवमय हो गया था। बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर से धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई। बारात जापलिनगंज, एलआईसी रोड, मालगोदाम रोड, चौक स्टेशन रोड, लोहापट्टी, चमन सिंह बाग रोड, गुदरी बाजार होते हुए सिनेमा रोड पहुंची। फिर यहां से बारात मंदिर पर पहुंची। यहां शिव भक्तों द्वारा द्वारपूजा का आयोजन किया गया था। इस दौरान बारातियों को भोजन कराते हुए खातिरदारी की व्यवस्था भी किया गया था। इसके अलावा जगह-जगह अबीर-गुलाल भी उड़ाया गया। बारात में नाचते हुए चल रहे शिवभक्तों के उत्साह को देखकर लोग पैसा लूटाते रहे। मिड्ढ़ी शिव मंदिर से भी शिव बारात निकाली गई। विभिन्न झांकियों के साथ निकले बारात को देखने के लिए लोगों की भीड़ जगह-जगह उमड़ पड़ी थी। इसके अलावा महिलाएं अपने घरों के सामने खड़ी होकर शिव बारात का दीदार कर रही थी। कैलाश धाम मंदिर से भी शिव बारात निकली। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम को पुनः मंदिर पर पहुंची। यहां रात्रि में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए।

शिव बारात में गायन-वादन करते लोग

शिव बारात में शहनाई बजाते काशी से आये वादक

रुद्राभिषेक कराते नजर आये श्रद्धालु

रूद्राभिषेक करते श्रद्धालु

बिल्थरारोड। महाशिवरात्रि पर शिवालयों में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के बस स्टाप शिव मंदिर, मानस मंदिर रेलवे स्टेशन, हनुमान गढ़ी रेलवे पानी टंकी मंदिर, चौकियां मोड़ शिव मंदिर, समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों को रंगीन इलेक्ट्रिक उपकरणों, फूलों आदि से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को भांग, धतूर, बेल पत्र, रोड़ी, दूध, गन्ना, बैर इत्यादि का चढ़ावा चढ़ाया। अनेक भक्तों ने रुद्राभिषेक भी किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था। जगह-जगह पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आई। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा व सीयर पुलिस चौकी के प्रभारी चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार सदल बल भ्रमण करते रहे। अद्वैत शिव शक्ति परम धाम डूहा में परिवज्रकाचार्य ईश्वर दास ब्रम्हचारी का शिष्यों ने जहां दर्शन कर माथा टेका, वही पंडित रेवती रमण तिवारी संग लगभग आधा दर्जन की संख्या में पंडित वर्ग की टीम ने विधि विधान से भगवान भोले शंकर का पूजन अर्चन, हवन, यज्ञ आदि के साथ रुद्राभिषेक भी कराया।

दीपों से नहाया बालेश्वर नाथ मंदिर

बलिया। महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के साथ-साथ भक्तों द्वारा दीपक भी जलाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक बालेश्वर नाथ मंदिर के एक कोने में दीपक जगमगाते रहे। भक्तों के हाथों में जलता हुआ दीपक देख अन्य भक्तों में भी दीपक जलाने की इच्छा जग उठी। बाबा बालेश्वर नाथ को दीप दिखाने के बाद मंदिर के पीछे स्थित दीप स्टैण्ड पर दीप रखा जाता रहा। दूर-दराज से आयी महिलाएं दीपक के सामने बैठकर शिव गीत गाती रही। नगरवासी भी जलते हुए दीपक के सामने बैठकर भगवान शंकर की भक्ति करने में पूरी तरह से लीन रहे।

विवाहोत्सव में भक्तों ने दिया न्योता

बलिया। नगर के प्रमुख शिवालयों से शिव बारात निकाली गई। शिव बारात निकालने के बाद देर रात तक विवाहोत्सव का कार्यक्रम चलता रहा। इसमें शामिल भक्तगण अलग-अलग बनाये गये काउण्टरों पर नेवता देने के बाद अपना नाम रजिस्टर पर अंकित कराते रहे। नेवता काउण्टर पर लोग पीली धोती व शिव पार्वती के वस्त्र भी नेवता में देते रहे। बालेश्वर नाथ मंदिर में नेवता देने के लिए भक्तों की लंबी लाइनें भी लगी रही। नेवता के साथ-साथ लोगों में प्रसाद वितरण भी किया जा रहा था।

कैलाश धाम से निकली शिव बारात

बलिया। महाशिवरात्रि के पावन उत्सव पर गोला रोड स्थित कैलाश धाम (ठाकुरजी मंदिर) परिसर में त्रैय्म्बक का पूजन अर्चन प्रातः काल से ही शुरु हो गया। नर, नारी, बालक, वृद्ध भक्त पूजन के लिए सुबह से देवालय में उमड़ पड़े। शिव बारात का जुलूस कैलाश धाम परिसर से निकला। नगर भ्रमण के पश्चात शिव विवाह का अनुष्ठान किया गया। जनपद के मशहूर कलाकारों द्वारा लोक संगीत का आयोजन किया गया।

का लेके शिव के मनाई हो...

नगरा। 'का लेके शिव के मनाईं हो, शिव मानत नाही' क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर शिव भक्तों ने जमकर पूजन-अर्चना किया। श्रद्धालुओं ने शिवालयों पर पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिवालयों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नगरा नगर पंचायत के बाजार स्थित शिव मंदिर, ब्राह्मणपुरा, चचयां, भण्डारी, सराय चावट, तिलकारी, जजला, बलुआ भंगमलपुर, जहांगिरापुर सहित क्षेत्र के सधुआइन कुटी शिव मंदिर, मलप, पाण्डेयपुर कामेश्वर नाथ, नरहीं, डिहवा, वीरपुरा, सलेमपुर, गोठाईं, कसेसर, ताडीबडागांव, ढेकवारी, देवरिया, मालीपुर, निछुआडिह, परिसिया, इन्दासो आदि गांवों में स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा नगर

रेवती। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों सहित अन्य देवालय में भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। नगर के उत्तर टोला स्थित बुढ़वा शिव मंदिर, बड़ागढ स्थित शिव मंदिर, ठाकुरबाड़ी स्थित शिव मंदिर, बड़ी बाजार स्थित चंद्रमौलि महादेव मंदिर, गायघाट स्थित बुढ़वा शिव मंदिर, छोटका शिव मंदिर आदि में लोग देर रात्रि तक पूजन अर्चन में लीन रहे। हर-हर महादेव, ऊं नमः शिवाय के जयकारों के साथ पूरा नगर शिवमय प्रतीत हो रहा था। मंदिरों को आकर्षक झालरों से सजाया गया था। वहीं, नगर के पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के चंद्रौली महादेव मंदिर के तत्वावधान में शिव बारात निकाली गई। यह बाजार, काली मंदिर, थाना, बस स्टैंड, डाकघर, पुल, उत्तर टोला, दुर्गा मंदिर, बीज गोदाम, सुपर मार्केट होते हुए पुनः चंद्रमौली महादेव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। साउंड पर युवा थिरकते रहे।

वर्तमान में चल रहा सृष्टि परिवर्तन का समय

बोली उमा दीदी

सेवा केन्द्र पर हर्षोल्लास से मनायी गई शिव जयंती

जनसंदेश न्यूज

बलिया। नगर के हरपुर क्षेत्र के एनसीसी तिराहे के समीप सेठ कालोनी में स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केन्द्र पर हर्षोल्लास के साथ 87वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनायी गई। सेवा केन्द्र की मुख्य संचालिका बीके उमा दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवरात्रि आध्यात्मिक रहस्यों से भरा हुआ पर्व है। इसको समझने से ही मानव का कल्याण होना है। इस दिन गांजा, भांग, धतुरा, बेलपत्र एवं बेर आदि चढ़ाया जाता है। यह काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं अहंकार का प्रतीक है।

कहा कि जब पूरा संसार अज्ञानता के अंधकार एवं रात्रि में भटक जाता है तो सबके उद्धार के लिए भगवान को इस धरती पर अवतरित होना पड़ता है। सच्ची शिवरात्रि मनाने का मतलब ही है कि इन पांच बुराईयों को शिव के ऊपर अर्पित कर देना। वर्तमान में सृष्टि परिवर्तन का समय चल रहा है। अब पूरी सृष्टि के साथ-साथ युग परिवर्तन होने जा रहा है। अंत में शिव ध्वजारोहण हुआ और सभी ने बुराईयों का त्याग कर जीवन सुखी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुमन बहन, तारकेश्वर सिंह, सुरेश भाई, कमलाकर पांडेय, कलक्टर गिरि, बीके पूजा, वंदना बहन, अभिषेक, राजेन्द्र, कपिलदेव उपाध्याय, शंकर दयाल, प्रिया बहन, विश्वनाथ तिवारी, विनित, गजाधर गुप्त, विजय लाल आदि मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर शिव ध्वजारोहण करती उमा दीदी एवं अन्य

शिव बारात में शामिल नायब तहसीलदार अजय सिंह को पुस्तक देती बहनें

शिव बारात से धार्मिक हो गया माहौल

बैरिया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैरिया की शाखा ने शिव बारात एवं झांकी निकालकर नगर पंचायत बैरिया में धार्मिक माहौल बना दिया। शिव बारात व झांकी को नायब तहसीलदार अजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झांकी में भगवान शिव व पार्वती के रूप में सुसज्जित दो कन्याएं बैठी हुई थी। शिव बारात ने बैरिया तहसील व रानीगंज बाजार का भ्रमण किया। प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने श्रद्धालुओं से कहा कि शरीर जड़ और आत्मा ही चेतन है। इसलिए आप एक आत्मा है। आत्मा परमात्मा की संतान है। परमपिता परमात्मा शिव सर्वआत्माओं के पिता है। आत्मा मनुष्य तन में अधिकतम 84 जन्म लेती है। सारे विश्व की आत्माओं को इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर अपना पार्ट बजाना ही है। सृष्टि रूपी चक्र पांच हजार साल का है, जिसे कल्प कहा जाता है। यह हर पांच वर्ष के बाद अपने आप वैसा ही रिपीट होता है। इसमें हर आत्मा अपने समय अनुसार सतो, रजो, तमो गुणों में आती है। इसमें मुख्य संचालिका राजयोगिनी बहन पुष्पा, बहन समता, भाई अजय, भाई दशरथ, भाई राम आदि शामिल हुए।

क्षेत्र में चक्रमण करती रही पुलिस

बांसडीह। महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भारी भीड़ रही। क्षेत्र के बांसडीह कचहरी स्थित बाबा गरीबा नाथ महादेव मंदिर, बड़ी बाजार स्थित बाबा भूटेश्वर नाथ महादेव मंदिर, पश्चिम टोला शिवरात्रि पोखरे पर स्थित बाबा रघुबेश्वर नाथ महादेव मंदिर, घोघा में बाबा सैदनाथ महादेव मंदिर सैदपुरा, शोकहरण नाथ मंदिर असेगा, बाबा अवनिनाथ महादेव मंदिर बड़सरी, बांसडीह रोड स्थित बाबा बालखण्डी नाथ महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ बाबा को जलाभिषेक करने के लिये लगी रही। वही, ब्रती महिलाओ ने सभी मंदिरों पर एक दिन पहले ही दीप प्रज्वलित कर दिया था। सैदनाथ मंदिर सैदपुरा पर मेला भी लगा, जहां लोगो ने जमकर खरीदारी की। बांसडीह पुलिस द्वारा सुरक्षा की चाक चौबंद ब्यवस्था की गई थी। बांसडीह के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह सदल-बल क्षेत्र में चक्रमण करते रहे। बांसडीह कस्बे में चौकी प्रभारी पंकज सिंह, पंकज यादव, सोनू मौर्य आदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

मंदिर प्रांगण में लगे मेला का उठाया लुत्फ

रतसर। क्षेत्र के धनौती गांव स्थित अति प्राचीन धनेश्वर नाथ धाम शिव मन्दिर प्रांगण में महाशिवरात्रि पर आयोजित एक दिवसीय मेला में लोगों की जबरदस्त भीड़ रही। मन्दिर में भोर से ही जलाभिषेक, दर्शन-पूजन करने हेतु तांता लगा रहा। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गया। जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के बाद मेला का लुत्फ उठाया। लकड़ी के बने सामान हमेशा की तरह इस वर्ष भी मेलार्थियों के लिए आकर्षक का केन्द्र रहा। लकड़ी से निर्मित बच्चों के खिलौने सहित चौकी की अच्छी खासी बिक्री रही। सौन्दर्य प्रसाधन, मिठाई, पूड़ी-सब्जी की खूब बिक्री हुई। इससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। वहीं, शान्ति नेत्रालय की तरफ से शिविर लगाया गया था। मेला में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह सदल-बल चक्रमण करते रहे। मन्दिर प्रबन्धन की तरफ से मेलार्थियों की सुविधा के लिए जगह-जगह पंडाल व निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था की गई थी।

चोरों ने चार घरों को खंगाला, लाखों की चोरी

जनसंदेश न्यूज

बेखौफ

मौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

रसड़ा । कोतवाली क्षेत्र के रूपलेपुर गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने ताबड़तोड़ चार लोगों के घरों में भीषण चोरी की। इस दौरान चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ किया। चोरों ने सुभावती देवी पत्नी जगलू चौहान के घर में घुस कर कटर से कमरे का ताला तोड़कर जहां डेढ लाख नकदी सहित तीन मंगलसूत्र, तीन आयरन, दो पैजनी, एक मंगटीका सहित लाखों का आभूषण चोरी कर लिया, वहीं बेचन शर्मा पुत्र स्व.रामसेवक के कमरे का ताला काटकर 50 हजार नकदी सहित सोना का तीन मंगटीका, झूमका, करधनी, तीन नथिया सहित लाखों के आभूषण पर हाथ साफ किया। अंजनी चौहान पुत्र उमाशंकर चौहान के कमरे का ताला तोड़कर तीन हजार नकदी चुरा लिया। साथ ही साथ चोरों ने हरिओम चौहान के कमरे का जब ताला काट रहे थे तो आवाज होने पर घर के लोगों की नींद खुल गयी। शोर मचाने पर चोर अपना पेचकस आदि छोड़कर भाग निकले। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 112 नम्बर की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। पीड़ित सुभावती, बेचन शर्मा, अंजनी चौहान व हरिओम चौहान की तहरीर मिलने पर पुलिस चोरों की धर-पकड़ में जुट गयी।

नगदी समेत आभूषण उठा ले गये चोर

बलिया। मनियर थाना क्षेत्र के बड़ागांव में चोरों ने किचन की खिड़की के सहारे घर में घुस कर लाखों की नगदी सहित सोने की लाकेट व सामान पर हाथ साफ कर दिया। इसकी जानकारी पीड़ित को सुबह हुई। पीड़ित ने गुरूवार की देर शाम मनियर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार बड़ागांव निवासी जवाहिर राम ने पुलिस को दिये गये तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार की रात को सभी खाना खाकर सो गए थे। चोर पीछे अहाते से ईंट हटाकर किचन की खिड़की के सहारे घर में घुसकर बक्सा चुरा ले गए। रात को जब परिजन उठे तो देखा कि रूम का दरवाजा खुला है। सीमेंट की बनी आलमारी से बक्सा गायब है। घर से कुछ दूरी पर बागीचे में चोरों ने बक्सा तोड़कर उसमें रखी 1.5 लाख की नगदी, दो सोने के लाकेट लेकर भाग गए थे। इसकी जानकारी होते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

रसड़ा व रेवती को जल जमाव से मिलेगी मुक्ति

पहल

दोनों निकायों के वार्डों में कराया जायेगा नाली का निर्माण

बलिया। नगरीय क्षेत्र में जल निकासी की समस्या गंभीर बनी हुई है। लोग इस परेशानी से पूरी तरह त्रस्त है। ऐसे में रेवती और रसड़ा के लोगों के लिये अच्छी खबर है।

शासन ने नगरीय क्षेत्र में जल निकासी के लिए जनपद के दो निकायों के लिए परियोजनाएं स्वीकृत की है। इसमें रेवती नगर पंचायत के लिए दो करोड़ और रसड़ा नगर पालिका के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत किया है। दोनों निकायों के लिये पहली किस्त में 50 और 37 लाख रुपये जारी कर दिया गया है। धनराशि से वार्डों में नालों का निर्माण कराया जाएगा। बारिश में होने वाले जलभराव को देखते हुए विभिन्न निकायों की ओर से एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए गये हैं। बरसात के दिनों में लोग जल जमाव से परेशान रहते है। नगर पालिका और नगर पंचायत में जल निकासी के लिए पिछले दिनों विभिन्न निकायों की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन ने नगरीय क्षेत्र में जल निकासी के लिए दो परियोजनाएं स्वीकृत की है। रेवती नगर पंचायत के लिए लगभग दो करोड़ और रसड़ा नगर पालिका के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद दोनों निकायों की ओर से टेंडर आदि की कवायद शुरू कर दी गई है। इस संबंध में रेवती नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मृदुल सिंह ने बताया कि शासन को जल निकासी के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसे स्वीकृति मिल गई है। जल्द कार्य शुरू कराया जाएगा।

रसड़ा में कराए जाएंगे यह कार्य

बलिया। नगर पालिका रसड़ा में डीके सिंह के मकान से रामबाबू के मकान तक नाला मरम्मत, सिल्ट सफाई, आरसीसी ढक्कन का कार्य, डोम डेरवा से डा. राजीव के मकान तक नाला उच्चीकरण, सिल्ट सफाई एवं आरसीसी ढक्कन निर्माण, रामानुज मिश्रा के अहाता से डोम डेरवा तक नाला सिल्ट सफाई एवं आरसीसी ढक्कन निर्माण, बृजेश सिंह के मकान से रमेश सिंह के मकान तक नाला मरम्मत, सिल्ट सफाई एवं आरसीसी ढक्कन, मैरेज हाल से जमशेद के मकान तक नाला सिल्ट सफाई एवं आरसीसी ढक्कन का निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

रेवती में कराए जाएंगे यह कार्य

बलिया। नगर पंचायत रेवती के वार्ड आठ में मेन रोड से अन्त्येष्टि स्थल तक पुलिया और कवर्ड नाला, मुन्नी लाल के मकान से पुलिया के आगे तक कवर्ड आरसीसी नाला, वार्ड 15 में रामजी साहनी के डेरे से पुलिया तक आरसीसी कवर्ड नाला, वार्ड आठ में मुन्ना पांडेय के खेत से अन्त्येष्टि स्थल पुलिया तक कवर्ड आरसीसी नाला, वार्ड 15 में अन्त्येष्टि स्थल पुलिया से दह तक आरसीसी नाली वार्ड तीन में बस स्टैंड से थाना तक कवर्ड आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा।

संक्षेप

भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन

सिकन्दरपुर। तहसील क्षेत्र के लीलकर गांव में श्री श्री 1008 परमहंस गंगाधर शास्त्री जी महाराज के मूर्ति अनावरण के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय श्री पंच कुंडीय विष्णु महायज्ञ का समापन शनिवार को भव्य भंडारे व प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। भंडारे में क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बीते गुरुवार को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक संजय यादव ने संयुक्त रूप से मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर अरविंद राय, मंजय राय, जितेंद्र राय, राकेश राय, अयोध्या मिश्रा, मुन्ना राय, कन्हैया वर्मा, कुशेश्वर मिश्रा, जसवंत राय, काशीनाथ राय, फुन्नु राय, अयोध्या तिवारी, संजय राय, प्रधान प्रतिनिधि देवेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रधान रमाशंकर वर्मा, दया चौधरी, पंकज राय, रामेश्वर यादव, भीष्म राय, बच्चा राय, सुधीर राय, टून जी राय आदि उपस्थित रहे।

सड़क पर जल जमाव से लोग परेशान

बलिया। मनियर ब्लाक के बहदुरा गांव में जलजमाव से लोग परेशान है। बहादुरा से बालूपुर जाने वाले मार्ग पर नाला का पानी लगा हुआ है। आए दिन राहगीर इसमें गिर रहे हैं तथा आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पानी निकासी के लिए प्रधान सहित खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। तमाम जनप्रतिनिधि भी इस मार्ग से आते-जाते हैं, लेकिन किसी का ध्यान इस तरफ नहीं है। आए दिन लोग पानी में गिर कर घायल हो रहे हैं। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी हैं, जो पानी की निकास की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस समस्या से निजात पाने की गुहार लगाई है।

फसलों को बर्बाद कर रहे छुट्टा पशु

बलिया। किसानों को अपनी फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिये रात-दिन एक कर निगरानी करनी पड़ रही है। इसके बावजूद जरा सा मौका पाते ही पशु खेतों में घुसकर फसलों को चट कर जाते है। साथ ही आपस में लड़ कर भी फसल को भी बर्बाद कर रहे है। इससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ जा रहा है। खेतों में खड़ी फसल की रखवाली के लिये किसान खेतों में रात बिता रहे हैं। आवारा पशुओं और नील गायों के आतंक से किसान परेशान हैं। छुट्टा पशुओं के साथ ही नील गायों की भी संख्या अधिक है, जो पूरे दिन खेतों को बर्बाद करने में लगे रहते है। कुछ मनबढ़ पशुओं को किसानों द्वारा भगाने पर किसानों को ही मारने के लिए पशु दौड़ा लेते है। किसी तरह किसान भाग कर अपनी जान बचाते हैं। मौका मिलते ही आवारा पशु खेत में लहलहाती फसलों को अपना निवाला बना रहे, जिसके चलते किसानों को दिन-रात खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।

शब्द शिखर सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. फतेहचंद

बलिया। ग्वालियर साहित्य कला परिषद, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रमेश कटारिया पारस द्वारा आयोजित साहित्यिक समारोह में डॉ. फतेहचंद बेचैन को अंगवस्त्रम, मोमेंटो प्रदान कर शब्द शिखर सम्मान से सम्मानित कर सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इस सम्मान से डॉ. बेचैन के इष्ट मित्रों में हर्ष व्याप्त है। इष्ट मित्रों ने डा.बेचैन के उज्जवल भविष्य की कामना किया है। इस सम्मान की जानकारी वरिष्ठ साहित्यकार सुदेश्वर अनाम ने दी है।

सब-जूनियर बालक हॉकी का ट्रायल 19 को

बलिया। खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान एवं उप्र हाकी एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब-जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 फरवरी तक जिला खेल कार्यालय इटावा में किया जाना है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली आजमगढ़ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन ट्रायल 19 फरवरी को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया एवं मण्डलीय ट्रायल 21 फरवरी को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। इसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। उक्त ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालक हाकी खिलाड़ियों की आयु 1 जनवरी 2008 से 31 दिसंबर 2009 के मध्य होनी चाहिए। यह जानकारी उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू ने दी है।

विपक्षियों ने गिराई दीवार, मुकदमा दर्ज

चिरैयाकोट, मऊ। मनजीत वार्ड निवासी मुन्नीलाल की बैनामा शुदा जमीन पर बनी दीवार को विपक्षी ने 14 फरवरी की रात को गिरा दिया। आरोप है के लगभग 20 मई को पीड़ित और विपक्षी राज कुमार और प्रहलाद मौर्य के सामने जमीन की नापी की गई दोनो पक्षों के सहमत होने पर समझौता किया गया जिस पर दोनो पक्षों सहित लेखपाल ने भी हस्ताक्षर किया। समझौता की ठीक आठ माह बाद विपक्षी राजकुमार, प्रहलाद ने स्थानीय लेखपाल को बुला पुनः नापी कराई और उसी दिन रात्रि में 7 बजे विपक्षी और उसके परिवार ने जमीन के बीच बनी दीवार को गिरा दिया। पीड़ित रोकता रहा पर विपक्षी नही माने और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने जांच के उपरांत विपक्षी राजकुमार पुत्र सतीराम, पत्नी जाली पुत्र बंटी सहित प्रहलाद मौर्य उसकी पत्नी अंजु मौर्य के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 427 व 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

पेड़ से टकरा कर खाई में गिरी कार

बैरिया। दोकटी थाना क्षेत्र के सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग पर बैरिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मारुति अल्टो कार भगवानपुर गांव के सामने शनिवार को पेड़ से टकरा गई। इससे गाड़ी क्षतिग्रस्त होकर खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची दोकटी पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया। कार पर सवार सभी लोग भागने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उक्त मारुति अल्टो कार बैरिया की तरफ से बेकाबू रफ्तार से आ रही थी। उस पर बैठे लोग और चालक शराब के नशे में धुत थे। उन्हें बैरिया से महुली घाट होते हुए बिहार जाना था। भगवानपुर गांव के सामने पहुंचते ही उनकी कार पेड़ से टकरा गई। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल ने बताया कि सूचना पर कार को कब्जे में ले लिया गया है। वाहन ऐप से पता चला है कि कार का मालिक बिहार के पटना के राजू चौधरी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

वाराणसी व सैफई में होगा खिताबी मुकाबला

खेल

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे लोग

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते राज्यसभा सांसद नीरज शेखर

बलिया। उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित स्व. गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के चौथे दिन शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। स्पोर्ट्स कालेज सैफई एवं स्पोर्ट्स हास्टल वाराणसी ने खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। पहले सेमीफाइनल में राज्य सभा सांसद नीरज शेखर एवं दूसरे सेमीफाइनल में भाजपा नेता नागेंद्र पांडे ने बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। समस्त आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रतियोगिता के संयोजक पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया।

वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स कालेज सैफई ने प्रयागराज को 3-0 से मात दिया। सैफई के आर्यन ने 18वें मिनट, शिवांश ने 42वें मिनट व विजय ने 54वें मिनट में सैफई के लिए गोल कर मुकाबले को एकतरफा बना दिया। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मैच अत्यंत रोमांचक रहा। सडेन डेथ में वाराणसी का पलड़ा भारी रहा। निर्धारित समय में स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ के लिए 10वें मिनट में फारूख एवं स्पोर्ट्स हास्टल वाराणसी के लिए 44वें मिनट में इंद्रदेव ने गोल किया। निर्धारित समय में एक-एक की बराबरी रहने के बाद मैच टाइब्रेकर में जा पहुंचा, जहां 4-4 की बराबरी के बाद मैच का फैसला सडेन डेथ में हुआ। इसमें वाराणसी ने बाजी मारी। निर्णायक की भूमिका उप्र फुटबाल संघ द्वारा नामित राशिद, प्रदीप मिश्रा, निताई सरदार, उपेंद्र शुक्ला, मनोज तिवारी, मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान, मोहम्मद रजाउल्लाह, जयराम यादव व अमल कुंवर ने निभाई। मैच कमिश्नर के रूप में मोहम्मद आरिफ नजमी उपस्थित रहे। संचालन जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह एवं जिला वालीबाल एसोसिएशन के नीरज राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, पवन कुमार राय, सिद्धार्थ सिंह गोलू, नितेश राय, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद इरफान, बैजनाथ सिंह, जनार्दन सिंह, खड्ग तिवारी, जमाल अख्तर, भीम चौधरी आदि मौजूद रहे।

संचलन में शामिल हुए सैकड़ों स्वयंसेवक

बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर के विद्यार्थी कार्य विभाग के अयोजकत्व में अखिल भारतीय घोष दिवस एवं महाशिवरात्रि पर शिवरंजनी कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर पर घोष कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वाद्यों प्रणव, आनक, शंख, झल्लरी, वंशी एवं तूर्य पर कई रचनाओं का सामूहिक वादन किया। इसमें घोष दल के सौ से अधिक कार्यकर्ताओं व बहनों ने घोष का प्रदर्शन किया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के सह प्रान्त कार्यवाह विनय सिंह एवं श्रीमती उमा सिंह ने डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार, माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर, लक्ष्मीबाई केलकर, सरस्वती ताई आप्टे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों व बहनों द्वारा पूर्ण गणवेश में शहर के टाउन हाल के मैदान से संचलन निकाला गया। यह ओक्डेनगंज चौकी, सेनानी उमाशंकर सिंह चौराहा, चौक, सिनेमा रोड, हनुमानगढ़ी होते हुए बालेश्वर नाथ मंदिर पर पहुंचा, जहां शिवरंजनी का वादन किया गया। तत्पश्चात वहां से वापस संचलन करते हुए टाउन हाल पहुंच कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्रेयांश, श्रेया सिंह, वाल्मिकी ठाकुर, तुलसीराम, उमापति, सत्यव्रत सिंह, डा. संतोष तिवारी, विशाल, चंद्रशेखर, भोला, अजय पाण्डेय, कृपानिधि पाण्डेय, छत्रपति शिवाजी आदि मौजूद रहे।

प्रथम दिन निकली विशाल शोभायात्रा

मऊ। आर्य समाज मऊ के तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती के बोध रात्रि के उपलक्ष्य में ऋषि बोधोत्सव एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आर्य समाज प्रांगण में मनाया जा रहा है। जिसमें आर्य जगत के मूर्धन्य विद्वान एवं भजनोपदेशक पधारे हुए हैं। जिसमें मुख्य वक्ता आचार्य योगेश आर्य, भजनोपदेशक पंडित नरेश दत्त आर्य, आचार्य ज्ञान प्रकाश वैदिक, आचार्य सुनीति आर्य के मुखारविंद से वेदकथा, भजन उपदेश का कार्यक्रम होगा।

आर्य समाज के प्रशासक एवं संयोजक अजय आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम शिवरात्रि से अनवरत 21 फरवरी तक चलेगा। जिसमें प्रातः 7:30 बजे से यज्ञ तथा सायं काल भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को पूर्वांचल आर्य महासम्मेलन एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवरात्रि के दिन प्रातः यज्ञ से हुआ जिसमें यज्ञब्रह्मा पंडित हरिशंकर मिश्र एवं आचार्य मनीष आर्य रहे। उसके बाद ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें ओ३म् ध्वज को फहराकर संपूर्ण विश्व को एक ध्वज के नीचे आकर शांति, एकता एवं सौहार्द की कामना की गई। मध्यान्ह 1 बजे से विशाल शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें आर्य समाज के पदाधिकारी, सदस्यगण, नगर के गणमान्य लोग, दयानंद बाल विद्या मंदिर एवं डीएवी बाल विद्या मंदिर रामपुर चकिया के छात्र छात्राओं ने शोभा यात्रा को मनमोहक बनाया। यह शोभायात्रा आर्य समाज प्रांगण से घास बाजार, सदर चैक होते हुए रेलवे फाटक तक गई.तथा पुनः आर्य समाज प्रांगण तक वापस आई। जिसमें सभी छात्र भारत माता की जय, वंदे मातरम्, महर्षि दयानंद की जय आदि अनेक नारों से जनजागृति पैदा कर रहे थे तथा ढोल नगाड़े के साथ नगर वासियों को कार्यक्रम में पधारने का आमंत्रण भी दे रहे थे। आर्य समाज के पुरोहित मनीष आर्य ने बताया कि समाज में अनेक प्रकार की कुरीतियां जैसे छुआछूत, भेदभाव, जाति प्रथा, अंधविश्वास, पाखंड, ऊंच-नीच, भूत प्रेत आदि को समाज से मिटाने हेतु आर्य समाज निरंतर प्रयासरत है तथा इसके लिए हम सभी को आगे आकर इन कुरीतियों को मिटाने में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। दयानंद बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मुरलीधर ने बताया कि समाज में नव चेतना को जागृत करने के लिए हम सभी को एक मंच पर उपस्थित होकर राष्ट्र की उन्नति में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। जिससे राष्ट्र उन्नति के साथ-साथ परिवार समाज सब की उन्नति हो सके। जिसमें पंडित हरिशंकर मिश्र, सुमित राय, उदय प्रताप आर्य, प्रहलाद वर्मा, अजय सर्राफ, विजय जायसवाल, राजेश वर्मा, सुरेंद्र आर्य, अरविंद आर्य, राहुल सिंह, राहुल उपाध्याय, देव भास्कर तिवारी, महेश आर्य, परमात्मा पांडेय, बब्बन प्रसाद वर्मा, मदन गोपाल, वशिष्ठ नारायण, सनी प्रकाश, नीरज कपूर, वीरेंद्र आर्य, आदि के साथ-साथ नगर के गणमान्य लोग आर्य समाज के पदाधिकारीगण, सदस्यगण तथा दयानंद बाल विद्या मंदिर आर्य समाज, डीएवी बाल विद्या मंदिर रामपुर चकिया के शिक्षक शिक्षिका एवं सभी छात्र छात्राओं के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात

आस्था

गाजे बाजे संग भूत, पिशाच, नर, नारी, देवता सभी शिवबारात में रहे शामिल

मऊ। महाशिवरात्रि पर कस्बे में बाबा मेलाराम मन्दिर के पास स्थित प्राचीन शिव मंदिर से निकलने वाली भव्य शिवबारात बड़ी धूमधाम से निकाली गई। शिव बारात में ब्रह्मा विष्णु नारद भूत बैताल पिशाच नर नारी सभी गाजे बाजे संग नचाते गाते हुए पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। मनमोहक झांकियो को देख लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। डीजे की धुन पर लोग झूमते रहे। वही लोक नृत्य कलाकारों के फरूवाहि नित्य को देख लोगों को विलुप्त हो रहे हैं लोक नृत्य को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। शिवबारात को देखने व पूजन करने के लिए सभी वर्गों के लोगो हुजूम उमड़ा रहा। हर हर महादेव के जयकारो से पूरा नगर गुंजायमान रहा। बाबा मेलाराम मंदिर प्रांगण से शिवबारात निकल कर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए थाना परिसर में स्थित शिवमंदिर में पूजन आरती कर चैहान चैक से वापस आते हुए आजमगढ़ रोड होते हुए मुक्तिधाम रोड पर स्थित भगवान राम व परशुराम द्वारा स्थापित अद्भुत शिवलिंग मंदिर प्रागण में भगवान शिव माता पार्वती के विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न करा कर पुनः बाबा मेलाराम मंदिर के पास स्थित प्राचीन शिवमंदिर में आकर सम्पन्न हुआ जहाँ पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक व पूजन का कार्यक्रम आचार्य श्याम जी पांडेय द्वारा देर रात तक चलता रहा सभी शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान महंत बाबा मेलाराम, अजय गुप्ता, पारस साहू, संदीप गुप्ता, ओम प्रकाश सोनकर पूर्व चेयरमैन गुलाब चंद गुप्त, सनोज साहनी वृजेश साहनी, वीरेंद्र, प्रदीप आर्ट, पांचू, झिनक साहनी चन्दन जायसवाल, चुन्नू समेत आदि लोग रहे।

शिवरात्रि पर दर्शन पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

महाशिव रात्रि

सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पीएसी के जवान रहे तैनात

कोपागंज, मऊ। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाई गई। शिवरात्रि पर पर नगर क्षेत्र के शिव मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। तीन बजे भोर से ही शिव मंदिर और हर हर महादेव बोल बम के जयकारों और घंटों के आवाज आवाज गूंजने लगे। सुबह दस बजे के बाद शिव मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आये महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को घंटों तक इंतजार के बाद भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया इस दौरान गंगाजल बेलपत्र भांग धतूरा फल फूल चढ़ाएं और परिवार के सुख समृद्धि और मनोकामना पूरी करने के लिए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान बम बम भोले और भगवान शिव के जयकारों से समूचा मंदिर प्रांगण गूंजता रहा।

उधर शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के बाद पूरे दिन मंदिर पर मेले जैसा उत्सव बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला पुरुष पुलिस जवानों के साथ एक कंपनी पीएसी के जवान भी मंदिर पर भोर से ही मोर्चा संभाले हुए थे। शिव परिवार समिति के कार्यकताओं ने भी दिन भर श्रद्धालुओं के सेवाभगत में जी जान से लगे रहे। दोहरीघाट संवाददाता के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों पर सुबह से ही शिव भक्तों का रेला उमड़ा रहा शिव भक्त भगवान शिव को बेलपत्र दूध भांग धतूरा फल-फूल आदि चढ़ाकर पूजन करते रहे। कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर रजतेश्वर महादेव शिवालयों पर मंदिरों के घंटों घड़ियाल के मधुर स्वर से पूरा नगर गुंजायमान रहा पूरा नगर शिवमय में हो गया।

होली को देखते हुए चलेंगी विशेष ट्रेनें

बलिया। रेलवे प्रशासन की ओर से होली पर होने वाली अतिरिक्तभीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार टर्मिनस-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा। आनंद विहार टर्मिनस से चार से 11 मार्च, तक प्रत्येक शनिवार को और जोगबनी से छह से 13 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को दो फेरों के लिए चलाया जाएगा। (04064) आनन्द विहार टर्मिनस-जोगबनी साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनस से 15. 30 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, लखनऊ, अयोध्या कैंट, आजमगढ़, मऊ होते हुए अगले दिन बलिया 10.17 बजे पहुंचेगी। यहां से जोगबनी के लिए रवाना होगी। वहीं, (04063) जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी जोगबनी 01. 20 बजे प्रस्थान कर बलिया से 12.30 बजे पहुंचेगी। यहां छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 11.10 बजे पहुंचेगी।

स्वाधीनता आंदोलन में स्वामी सहजानंद सरस्वती का रहा महत्वपूर्ण योगदान

जयंती

धूमधाम से मनाई गई स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती

मऊ। स्वाधीनता आंदोलन में स्वामी सहजानंद सरस्वती ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महात्मा गांधी के आंदोलनों से मोहभंग होने के बाद उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ मिलकर कार्य किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चर्चित बर्लिन ब्रॉडकास्ट में उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती का नाम अत्यंत आदर के साथ लिया। आजादी के पूर्व ही उन्होंने किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए उन्होंने 1936 में अखिल भारतीय किसान सभा की नींव रखी। उक्त बातें मुख्य अतिथि के रुप में अवध नारायण राय अध्यक्ष पूर्वांचल भूमिहार समाज ने स्वामी सहजानंद जन मंच की ओर से वस्तु पुरा में आयोजित युगपुरुष स्वामी सहजानंद सरस्वती की 134 वी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। इसी क्रम में स्वामी सहजानंद जन मंच के अध्यक्ष समीर राय ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती ने इस देश की आत्मा किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन किया। उन्होंने किसान को साक्षात भगवान का रूप कहा था। वे वास्तव में भारतीय पुनर्जागरण के शलाका पुरुष थे। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए अखिल भारतीय राजभर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लालचंद राजभर ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती ने संन्यास ले ने बाद भी गरीबों और पीड़ितों के सवालों को लेकर आजीवन लड़ते रहे। स्वामी सहजानंद स्मृति सम्मान 2023 शमशुल हसन अध्यक्ष सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन मऊ व किसान नेता देव प्रकाश राय व ऑर्थो सर्जन डॉक्टर रजनीश राय को दिया गया। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद जी की तस्वीर का भी अनावरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन ने किया व संचालन समीर राय ने किया। इस जयंती समारोह को प्रमुख रुप से रामाश्रय राय, प्रमोद राय, इश्तियाक आब्दी, अनिल राय, राकेश सिंह, धीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र राय, श्रीधर राय, रामप्रवेश राय विद्यापति राय, रामसनेही राय, सुग्रीव राजभर, लाल चंद राजभर, आदित्य, शैलेंद्र राय, मुकेश राय, पंडित सोनू राय शर्मा, इत्यादि ने संबोधित किया।

विभिन्न संसाधनों से लखनऊ पहुंचेंगे शिक्षामित्रः पंकज

बैरिया। योगी सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों की अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष किए जाने से शिक्षामित्र खुश है। उनका कहना है कि हम शिक्षामित्रों को कभी भी हटाए जाने के अफवाह पर विराम लग गया है। हालांकि शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि हमारी मांग है कि हमारा कार्यकाल अन्य शिक्षकों की तरह 60 वर्ष की बजाय 62 वर्ष हो। इन्ही मांगों को लेकर 20 फरवरी को रमाबाई पार्क लखनऊ में शिक्षामित्र संघ के तत्वावधान में महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। महासम्मेलन में जनपद से हजारों शिक्षामित्र विभिन्न बसों से लखनऊ पहुचेंगे। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर व विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह होंगे।

भगवान शिव की हुई आराधना, शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे मन्दिर

बड़ा महादेवा में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़।

महाहर धाम पर बाबा के चरणों में आराधना करते श्रद्धालु।

बड़ा महादेव मंदिर पर शिवरात्रि पर्व पर भोलेनाथ का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़।

मुहम्मदाबाद में शिवरात्रि पर्व पर झांकी निकालते श्रद्धालु।

महाहर धाम पर उमड़ी रही भीड़

मरदह। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवभक्तों की महाहर यात्रा शहर स्थित घाट से गंगा जल भर कर सैकड़ों भक्तों ने शुरू की। देर शाम तक चलता रहा। शिवभक्त मार्ग द्वारा पैदल शिवालय में जलाभिषेक के लगातार आगे बढ़ रहे थे। पैर में पड़े छाले व दर्द भी आस्था पर कोई असर नहीं डाल पाया। कठिन यात्रा भक्त एक दिन में ही पूरी करते हैं। शनिवार को महाहर धाम जलाभिषेक करने के लिए कोसो लंबी यात्रा के दौरान भोलेभक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह स्टाल भी लगाए गए थे। जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। इस मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर सहित परिसर में आठ सीसी कैमरे,एक प्लाटून पीएसी,फायर ब्रिगेड वाहन,सात थानों की पुलिस जिसमें 30 महिला कांस्टेबल,50 कांस्टेबल,20 होमगार्ड,15 सब इंस्पेक्टर,पांच एचएसओ की ड्यूटी स्विफ्टवार लगाई गई थी।इस मौके पर एसपीआरए अभिषेक कुमार,कासीमाबाद तहसीलदार जया सिंह,सीओ बलिराम,मेला प्रभारी उप निरीक्षक नंदलाल मिश्रा, कानूनगो रविन्द्र गुप्ता,मुख्तार यादव,सुरेश राम,अमरनाथ सहित कई क्षेत्रीय लेखपाल भी मौजूद रहे।साथ ही साथ मंदिर समिति के विरेंद्र सिंह,रामबचन सिंह,सचिन्द्र सिंह, बृजेश सिंह, प्रवीण पटवा,अभिषेक सिंह,सुनील सिंह,आदि मौजूद रहे।

गाजीपुर। जिले में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा भाव से मनाया गया। शिवालयों में सुबह से लेकर अपराह्न तक भगवान शिव के दर्शन, पूजन, जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कई शिवालयों में आचार्यों की देखरेख में रुद्राभिषेक कराया गया।

सबसे अधिक भीड़ पौराणिक महत्व वाले महाहर महादेव में उमड़ी। इसके अलावा शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिव मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक दर्शन, पूजन का दौर चलता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रमुख मंदिरों में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की गई थी। शहर के गोराबाजार स्थित महादेवा मंदिर, रायगंज में अमरनाथ मंदिर, चीतनाथ में कोटेश्वरनाथ महादेव, लालदरवाजा में महादेव मंदिर, नवाबगंज स्थित बूढ़े महादेव मंदिर में भोर से ही श्रद्धालु उमड़ने लगे। ददरीघाट स्थित मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन, पूजन और जलाभिषेक किया। मरदह क्षेत्र में महाहर धाम में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने महाहर महादेव का जलाभिषेक किया।

शिवालयों मे भक्तों का तांता

नंदगंज। क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व शिवमंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को सुबह से ही महिलाएं व पुरुष द्वारा भूतभावन शंकर जी की पूजा मंदिरों में जाकर शुरू कर दी। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदगंज के गेट के पास संकट मोचन मंदिर पर सुबह पांच बजे से ही भक्त पूजा पाठ के साथ जलाभिषेक शुरू हो गया।रामलीला मैदान स्थित प्राचीन शिव मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, माहेश्वरी मंदिर सहित सभी शिवालयों में भक्तों का तातां लगा रहा। बरहपुर स्थित ऐतिहासिक ईशानेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहां पर दो दिन पूर्व से ही महाशिवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई थीं। महाशिवरात्रि पर्व पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ऐसी मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन महादेव का जलाभिषेक करने से मनोवांक्षित फल की प्राप्ति होती है।

पारंपरिक खेलों पर मंडरा रहा खतरा:ओपी

गहमर। महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार को देवकली गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में भव्य मेला व कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पड़ोसी राज्य बिहार व आसपास से आए पहलवानों ने अखाड़े में दांव-पेंच का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंदी पहलवानों को पटखनी दी, वहीं कुछ जोड़ियों की कुश्तियां बराबरी पर छूटी। इसके मुख्य अतिथि जमानिया विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह व वरिष्ठ अतिथि प्रमुख समाजसेवी सोना देवी रहे। विधायक ओपी सिंह ने कहा कि पारंपरिक खेल व विधाएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। पहलवान सुविधाओं के अभाव के चलते धीरे-धीरे इस प्राचीन व पारंपरिक खेल से दूर होते चले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल 65 जोड़ी पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर प्रतिद्वंदी पहलवानों से दो-दो हाथ किये। पहलवानों ने अखाड़े में अपनी कुशलता का बेजोड़ प्रदर्शन किया। विधायक ओमप्रकाश सिंह ने पहलवानों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामप्रवेश कुशवाहा, कालिका सिंह, बांसदेव कुशवाहा, जयकरन मौर्य, अशोक कुशवाहा, अरुण कुमार गुप्ता , श्याम नारायण, कमलेश, रोशन, सतीश गुप्ता व शिवजी सिंह आदि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका अंगद यादव रहे। संचालन कुमार प्रवीण ने किया।

दिलदारनगर बाजार में शिवरात्रि पर शिव बारात निकालते श्रद्धालु।

शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने चढ़ाया जल

दिलदारनगर। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण आँचलो के शिव मंदिरों मे सुबह से ही जल चढ़ाने वाले पुरुष व स्त्री का रेला लगा रहा है चारो ओर भक्ति गाने सुनाई दे रहे थे जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया।दूसरी तरफ क्षेत्र के उसिया में स्थित अति प्राचीन पवित्र शिवलिंग महादेवा मंदिर मे भी सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालु महिला पुरुष व बच्चे जलाभिषेक करने के लिए भोलेनाथ की जयकारा लगाते हुए भक्तों ने शिव मंदिर में माथा टेककर आशीर्बाद लिया। महा शिवरात्रि को ध्यान में रखते हुए थाना के प्रभारी अशेष नाथ सिंह व सायर माता मंदिर पर जीआरपी व आरपीएस के जवान भ्रमण कर सुक्षा का जायजा लिया।

रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा रही पुख्ता

दिलदारनगर। सकलडीहा मे दो दिवसीय लगे महाशिवरात्रि की मेला में ट्रेन से जाने वाले महिला पुरूष यात्रिओ की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से दिलदारनगर स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ द्वारा भ्रमण कर यात्रिओ को जन जागृति कर ट्रेन में सावधानी पूर्वक सवार होने की अपील किया गया।इस पर प्रभारीयो ने भ्रमण के दौरान जवानो ने लाउडस्पीकर से अनाउंस कर महिला और पुरुष यात्रिओ को सीढ़ी के सहारे एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म जाने के बताया गया। सुरक्षित यात्रा के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा दिया गया कोई वस्तु खाने पीने के सामान ग्रहण नही करने के लिए यात्रिओ को जागरूक किया गया।इस मौके पर जीआरपी चौकी प्रभारी सन्तोष कुमार ओझा,आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक बालगंगाधर तथा जीआरपी आरपीएफ के जवान मौजूद रहे।

शिवरात्रि पर्व पर निकाली गई झांकी

कासिमाबाद बाजार में शिवरात्रि पर्व पर नृत्य को देखते श्रद्धालु।

कासिमाबाद। स्थानीय तहसील क्षेत्र के सोनबरसा रामलीला समिति के द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर शनिवार की देर शाम शिव बारात बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष भव्य झांकी के साथ नाचते गाते हुए निकाला गया। रामलीला मैदान से वैदिक विधान के साथ शिव बारात पुरानी बाजार, चौराहा, तहसील मोड़ होते हुए मिजार्पुर शिवमंदिर पहुंचा जहां विधि विधान के साथ शिव पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शनिवार को देर शाम सोनबरसा रामलीला समिति के तत्वावधान में गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं सहित भूत पिचास की झांकियों संग भव्य बारात गाजे-बाजे के साथ हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए निकला जो पुरानी बाजार होते हुए चौराहा पहुंचा जहां बारातियों के रूप में लोगों ने जमकर महादेव के नगाड़े के धुन पर नृत्य करते हुए थाना गेट के सामने मंदिर होते हुए तहसील तिराहा सहित मिजार्पुर शिव मंदिर पहुंचा जहां शिव के बारातियों के स्वागत में खड़े लोगों ने बारातियों का फूल मालाओं संग आबीर से स्वागत किया। शिव मंदिर पर भव्य रूप से सजाया गया था जहां विवाह मंडप में वैदिक विधान के साथ शिव पार्वती का विवाह हर हर महादेव के उद्घोष के साथ संपन्न हुआ। बारातियों के खाने पीने के लिए इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर विशेष तौर से बुलाए गए कलाकारों ने शिव पार्वती तांडव का नित्य किया जो क्षेत्रवासियों के लिए मनमोहक दृश्य रहा। इस मौके पर दीनबंधु गुप्ता,सोनू गुप्ता,आलोक पांडेय,अजीत सिंह,शिवजी गुप्ता,संतलाल वर्मा,चंदन गुप्ता,महावीर प्रजापति ,संतोष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव,हरिंदर यादव सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

शिवालयों में भक्तों ने किया दर्शन पूजन

बाराचवर प्रतिनिधि के मुताबिक, बाजार स्थित शिवमंदिर, झारखंडेय महादेव, ऊंचाडीह स्थित नागेश्वरनाथ, लढ्ढूडीह स्थित घटेश्वरनाथ आदि शिवालयों में शिव भक्तों ने दर्शन पूजन किया। बहादुरगंज। शिव मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालु दर्शन पूजन और जलाभिषेक करते रहे। शिव बारात की झांकी विजय राघव संगत कुटी से निकाली गई जो चंडी धाम शक्ति पीठ स्थित शिवालय तक पहुंची। यहां महिलाओं ने शिव परछन किया। बारात में शिव के गण अबीर-गुलाल उड़ाते और नाचते गाते जा रहे थे।शिवालयों के बाहर मेले जैसा दृश्य रहा। प्रसाद सामग्री की दुकानें भी क्रम से सजी रहीं। शहर के सोमनाथ मंदिर में मंगलवार की भोर से ही भक्तों की कतार लगी रही। देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए जल, भांग, धतूर और विल्व पत्र का प्रति दोना बीस रुपये में बिका। शिव मंदिरों के आसपास फूल माला, भांग, धतूर और विल्व पत्र की दूकानें सजी हुई थीं। बड़ी संख्या में लोगों ने ईख का टुकड़ा, बेर आदि मौसमी फलों को भी चढ़ाया।

देवकली गांव के अखाड़े में पहलवानों का हाथ मिलाते जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह।

बाजार में निकाली गई शिव बारात

दिलदारनगर। स्थानीय नगर में शिवरात्री के अवसर पर में शिवबारात का एक भव्य जलूस गाजे बाजे के संग बड़े धूम धाम के साथ निकला।शिवबारात के जुलूस में नव जवानो कि टोली हर हर महादेव के जय घोष के साथ नाचते गाते हुए शिव मंदिर से चलकर पूरे बाजार में घूमते हुए थाना, हनुमान मन्दिर दिलदारनगर गावँ महादेव मन्दिर तथा विभिन्न शिवालों से होकर गुजरा। नगर में जगह जगह लोगो ने शिवबारात कि टोली को ठंडए ० शर्बत तथा मीठा खीलाकर ० फूलो कि वर्षा कर स्वागत कररहे जिससे पूरा नगर शिवमय हो गया। शान्ती व सुरक्षा को ध्यान को देखते हुए थाने के निरीक्षक प्रभारी अशेष नाथ सिंह व पुलिस के जुलूस के आगे पीछे चक्रमण करती रही। इस मौके पर अनील कुमार,प्रदीप कुमार,अविनास जायसवाल,गोपाल वर्मा,मनोज वर्मा,दिलीप जायसवाल इत्यादि लोग जुलस में शामिल रहे।

जखनियां में शिव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने लगाया जयकारा

भांवरकोल। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के शिव मंदिरों में अवगढ दानी,कैलाश निवासी भूत भावन भगवान शिव पर दुग्धाभिषेक/ जलाभिषेक करने के तड़के सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें लगने लगी थी। भक्तों में इतना आध्यात्मिक जोश भरा था कि घंटों कतार में लगने के बाद भी शिव लिंग पर बेलपत्र,धतूरा फल,फूल आदि चढ़ाने का मौका मिल पाता था फिर उनमें थकान नही दिखाई दे रहा था। बीच बीच में हर-हर महादेव के जयकारे से समूचा वातावरण गूंजने लगता था। क्षेत्र के सबसे प्राचीन शिव मंदिर बाबा भदेसर नाथ भदौरा में दो बजे रात से ही लोग अर्घ्य देना शुरू कर दिए थे। देर शाम तक यहां का मेला चलता रहा। नर्वदेश्वर मंदिर टोडरपुर में दुग्धाभिषेक प्रधानाचार्य शिवजी यादव द्वारा किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों महेशपुर, अवथही, रानीपुर, शेरपुर, कुंडेसर, वीरपुर, पलिया, कनुवान, लोहारपुर, सजना, मिश्रवलिया,आदि गांवों के शिव मंदिरों में भी श्रद्वालुओं द्वारा शिवपूजन का आस्था व श्रद्धा के साथ करने का समाचार मिला है। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने पुलिस की टोली हर संवेदनशील जगहों पर नियुक्त कर रखे थे।

महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

जखनिया। महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। क्षेत्र के सभी छोटे बड़े मंदिरों पर लोग पूजन अर्चन करते नजर आए स्थानीय क्षेत्र के शिव मंदिर जखनियां अलीपुर मदरा, महादेव बाबा जखनिया गोविंद, सहित हथियाराम में श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। वही शाहपुर बहोर राय गांव के काली माता स्थान से शिव बारात निकल कर कस्बे के शिव मंदिर पर पहुंचकर कुंवारी कन्याओं ने दुग्ध अभिषेक किया मंदिर के पुजारी ने बताया कि हर वर्ष शिव बारात निकाली जाती है। महादेव के मंदिर पर पहुंचकर पूजन अर्चन कर समाप्त होती है।

शिवरात्रि पर्व पर एसडीएम ने श्रद्धालुओं को परोसा प्रसाद

सेवराई। महाशिवरात्रि पर जगह-जगह शिवालयों में जहां लोग जलाभिषेक कर भंडारे का आयोजन कर रहे थे । वही सेवराई तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा महाशिवरात्रि के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस तरह का अब तक कोई भी महाशिवरात्रि के मौके पर किसी भी तहसील मुख्यालय पर किया जाने वाला पहला भंडारा है। चर्चित भंडारे में भगवान शिव का प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ,तहसीलदार अमित शेखर व नायब तहसीलदार द्वारा खुद तहसील कर्मियों संग काउंटर पर खड़ा होकर लोगों को प्रसाद परोस रहे थे। भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र के ग्राम प्रधानों सहित विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह भी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

जलाभिषेक के लिए आस्थावानों का उमड़ा हुजूम

मुहम्मदाबाद। नगर से सटे महादेवा स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महिलाओं ने हजारों की संख्या में अखंड दीप जलाए। साथ ही भजन-कीर्तन व नृत्य की प्रस्तुति की। देर शाम से अर्ध रात्रि तक सोमेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर, तिवारी टोला स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, अग्रवाल टोली बुढ़िया माई शिव मंदिर में काफी संख्या में आस्थावानों ने पहुंचकर जलाभिषेक किया। स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत क्षेत्र के हनुमान मंदिर शाहनिंदा से नगर वासियों व श्रद्धालुओं ने शिव बारात का आयोजन किया। शिव बारात का आयोजन शाहनिन्दा स्थित हनुमान मंदिर से आरंभ हुआ। बारात में हाथी, घोड़े और ऊंट भी शामिल थे। गाजे-बाजे के साथ शिव बारात नोनियापूरा सड़क से होकर पकड़ी तर, धारानगर, छात्रधारी मोड़ चौक होते हुए पूरे बाजार का भ्रमण किया। बारात भ्रमण करते हुए महादेवा शिव मंदिर पर पहुंचा। रेवतीपुरः स्थानीय बुढ़वा महादेव के मंदिर पर पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं के आने जाने का सिलसिला चल रहा है।

संक्षेप

ग्राम पंचायतों में नहीं हो रही सफाई, चारों तरफ गंदगी

गाजीपुर। सदर विकास खंड गाजीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत फतेहपुर सिकन्दर में सफाई व्यवस्था बदहाल है। गांवों में चारों तरफ गंदगी पसरी है। लोगों का कहना है कि गांवों में सफाई नहीं होती है। गांव फुल्लनपुर में सफाई के लिए कर्मी भी तैनात है। उसके बावजूद नाली व गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे लोगों में काफी रोष है।

ओवरलोडिंग पर नहीं लग रहा अंकुश

मरदह। स्थानीय मरदह बाजार में जमकर हो रही ओवरलोडिंग नही लग रहा अंकुश। बाजार की सड़कों पर रोजाना ओवरलोड वाहन आते-जाते दिखाई देते हैं, लेकिन इन वाहनों पर न तो प्रशासन और ना ही परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।यह ओवरलोड वाहन हाईवे से लेकर मरदह बजार की सड़कों पर बेखौफ निकलते देखे जा रहे हैं।वाहन मालिक अपनी मनमानी कर रोड पर फर्राटे मार रहे हैं। एक ओर जहां प्रशासन द्वारा यातायात के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया जा रहा है,बिना हेलमेट व अनियमितता बरतते हुए ओबरलोडिंग ऑटो,मैजिक,पिकअप,वैन,जिप,टैक्टर अन्य प्रकार के वाहन सड़कों पर गुजर रहे हैं जो एक बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। ऐसे वाहनों को लेकर गांव क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटनाएं सामने आ सकती हैं।

फुटबॉल मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

सुहवल। रमवल गाँव में आरएफसी क्लब के तत्वावधान में जिलास्तरीय मिनी पोल फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित है। शुक्रवार को दो अलग अलग खेले गये मुकाबलें में कुर्रा ने देवैथा को 4-0 जबकि दूसरे मुकाबलें में मेहमान कमसार एलेवन ने मेजबान रमवल को 1-0 से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। मैच में निर्णायक शिव शर्मा जबकि उद्घोषक की भूमिका मुसीर खांन ने निभाई।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

जनसंदेश न्यूज

नंदगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के नन्दगंज रामपुर बन्तरा फोरलेन के पास शनिवार को शाम लगभग साढ़े चार बजे सैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परमनाचक निवासी अमरावती देवी (24) अपने पति रामअवतार के साथ मोटरसाइकिल से मायके कबूतरी जा रही थी।

नन्दगंज के पास जैसे ही पहुँचे दो ट्रक एक दूसरे को ओवरटेक कर आगे बढ़ रहे थे कि तभी मोटरसाइकिल चला रहा रामअतार का बैलेंस बिगड़ गया और मोटरसाइकिल गड्ढे में गिर गयी जिससे एक तरफ रामअतार दूसरी तरफ उसकी पत्नी गिर पड़ी। तभी पीछे से आ रही ट्रक का पिछला पहिया अमरावती के सिर को कुचलते हुए चला गया। जिससे अमरावती की मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

वही ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। अमरावती की शादी पिछले वर्ष 22 जून को हुई थी। वही उसका पति को कोई चोट नही लगी। घटना की सूचना मिलते ही घर वाले मौके पर पहुँच गए। वही घटना की सूचना पर पहुँची नन्दगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, युवक घायल

दिलदारनगर। स्थानीय थाना के ठीक सामने जगजीवन राम छात्रावास परिसर में ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलदारनगर थाने के ठीक सामने जगजीवन राम छात्रावास परिसर में पहले से ट्रक खड़ा था। कड़ी धूप होने के कारण ट्रक के नीचे हरबंस वर्मा तथा ऋषिकेश बैठकर आपस में बातें कर रहे थे। इसी बीच चालक गाड़ी अचानक चालू कर आगे बढ़ा दिया।

नीचे बैठे ऋषिकेश और हरबंस वर्मा चपेट में आ गए। इसकी जानकारी होते ही ट्रक चालक तत्काल मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया और ट्रक के नीचे दबा हरबंस वर्मा 72 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा ऋषिकेश 40 वर्ष घायल हो गया। थाने के ठीक सामने घटना होने के बाद तत्काल पुलिस की नजर पड़ गई और ट्रक को कब्जे में ले लिया और चालक की तलाश किया तो चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया था। मृत हरबंस वर्मा के परिजन घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे। मृतक वृद्ध का लड़का रमेश वर्मा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मृत वृद्ध का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही ऋषिकेश को सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक शेषनाथ सिंह ने बताया कि मृतक वृद्ध का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

अफसरों ने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा का लिया जायजा

स्वामी रामकृष्ण इंटर कॉलेज जांही में जांच करते जिला विद्यालय निरीक्षक।

जनसंदेश न्यूज

जखनियां। नकल के लिए कुख्यात जखनियां तहसील में यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर अधिकारियों ने देर रात तक निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे पेपर कॉपी और कालेज में लगे कैमरों की तहकीकात की। अधिकारियों की औचक निरीक्षण से शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हो गए है। जखनियां तहसील क्षेत्र में बने यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रो पर शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में पूरी रात सचल दस्ते की टीम जांच की। टीम में एसडीएम, तहसीलदार और भारी पुलिस फोर्स रही। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांग रुम में रखे प्रश्नपत्रों की जांच की। इसके अलावा केंद्रो पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वायस कैमरे भी देखे। डीआईओएस ने जखनियां तहसील अन्तर्गत श्री मातृ कालिका इंटर कॉलेज गजाधरपुर, महंत श्री रामबरनदास इंटर कॉलेज भुड़कुडा,स्वामी रामकृष्ण इंटर कॉलेज जांही झोटना सहित कई विद्यालयों का निरीक्षण किया।

यूपी बोर्ड

अफसरों ने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा का लिया जायजा

अधिकारियों के निरीक्षण से शिक्षा माफियाओं में खलबली

प्रशासन की सख्ती के बाद माफियाओं ने बदला तरीका

यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रो पर प्रशासन नकल रोकने का लाख दावा कर रहा है लेकिन शिक्षा माफिया अपनी आदत से बाज नहीं आ रहें है। प्रशासन नकल रोकने के लिए कठोर नियम बनाए है। परंतु माफिया इसका तोड़ निकाल लिए है। नतीजा यूपी बोर्ड परीक्षा की शुरूआत में ही प्रधानाचार्य सहित आठ नकलची पकड़े गए। सूत्रों का दावा है कि शिक्षा माफिया कॉपी लिखवाने के लिए मोटी रकम की मांग कर रहें। इसके लिए कालेज संचालक अपने-अपने खास को लगाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि प्रशासन जितना सख्त हो जा रहा है नकल का रेट उतना ही मांगा होता जा रहा है। बताया जा रहा है कि कैमरों के सामने नकल कराना संभव नहीं है। इसलिए कापी लिखकर छात्रों की बदल दी जा रही है। कुछ विद्यालय तो ऐसे मिले जहां पर अधिकारियों को स्कूल गेट का ताला खुलवाने के लिए घंटो तक इंतजार करना पड़ा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान स्ट्रांग रुम में लगे ताले पर सील लगी होनी चाहिए। अगर ऐसा न होने पर विद्यालय के खिलाफ मुकदमा कायम होगा।

सरकार उद्योगपतियों का माफ कर रही कर्जः राजभर

समारोह

महाराजा सुहेलदेव की धूमधाम से मनी 1014 वीं जयंती

जनसंदेश न्यूज

दिलदारनगर। सुभासपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने किसानों का कर्ज और बिजली बिल को लेकर कहा कि सरकार देश के टैक्स का पैसा लेकर उद्योगपतियों को लाखों करोड़ों का कर्ज देती है। जब वह कर्ज चुका नहीं पाते हैं। तो उनका लाखों करोड़ों का कर्ज माफ कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार से लड़ाई हमारी चलती रहेगी कि गरीब किसानों का भी कर्ज माफ हो।

शनिवार को क्षेत्र के फूली गांव स्थित एक कॉलेज परिसर में महाराजा सुहेलदेव की1014 वी जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर ओमप्रकाश राजभर बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि देश में समान शिक्षा के लिए भी हम आंदोलनरत रहेंगे। आज नेता का बेटा बड़े स्कूल में क से कंप्यूटर और गरीब का बेटा सरकारी स्कूल में क से कबूतर पढ़ता है। यह दोहरी शिक्षा नीति समाप्त होनी चाहिए और देश में समान शिक्षा नीति लागू होनी चाहिए।

देश में जातिगत जनगणना करके जिसकी जितनी संख्या है उसके हिसाब से उसको उतना अधिकार मिलना चाहिए। इस अवसर पर विधायक बेदी राम, लल्लन राजभर, अरविंद राजभर, अमरावती सिंह, सादिक यादव आदि उपस्थित थे। संचालन हरिशंकर राजभर ने किया।

फूली गांव स्थित एक कॉलेज परिसर में संबोधित करते जहूराबाद विधायक ओपी राजभर।

फर्जी नंबर प्लेट के वाहन से कर रहे थे शराब तस्करी

गाजीपुर। होली पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा जनपद के शराब तस्करी को रोकने का हर संभव प्रयास कर रहे है। शनिवार को पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को बताया कि कंरडा पुलिस व स्वाट टीम ने एक पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया है। करंडा थानाध्यक्ष समपूणार्नंद राय स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय शुक्रवार को मय टीम धरम्मरपुर चट्टी पर भ्रमणशील होकर अपराध व अपराधियों के बारे बातचीत की जा रही थी।जरिये मुखबिर सूचना मिली की धरम्मरपुर बाजार के रास्ते एक व्यक्ति 70 पेटी पेटी अवैध शराब एक पिकअप गाड़ी पर लादकर जमानिया के रास्ते बिहार बेचने जा रहा है। जिस वाहन से तस्करी की जा रहीं हैं उस गाड़ी पर नम्बर प्लेट भी फर्जी लगा हुआ है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने धरम्मरपुर चट्टी के पास घेराबंदी कर वाहन का इतंजार कर रही थी। मुखबिर की निशानदेही पर वाहन को रोक तलाशी ली गई तो गाड़ी पर टमाटर के अंदर शराब की पेटी छुपाकर रखीं गई थी। अभियुक्त विकास पुत्र बलजीत सिंह निवासी बली आनन्दपुर थाना सदर बहु अकबरपुर जनपद रोहतास हरियाणा बताया। तलाशी में पिक अप के अंदर 70 पेटी नाजायज शराब रायल क्लासिक व्हिस्की (कुल 3360 पाउच 604 लीटर पाई गई। बरामद शराब की कीमत करीब दो लाख बयासी हजार दो सौ चालीस रुपएं आकी जा रहीं हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को विभिन्न धाराओं में जेल भेजा गया। गिरफ्तार बरामद करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सम्पूर्णानन्द राय, उनि सुनील शुक्ला, विनय, प्रेम शंकर, चन्दन, जयन्त सिंह, राकेश सोनकर, राजकुमार, अंकित, प्रफुल्ल, प्रमोद मौजूद रहे।

जनसंपादकीय

राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है

हृदयनारायण दीक्षित

भारत अखण्ड सत्ता है। दुनिया की सभी सभ्यताओं की तुलना में यहाँ विशेष प्रकार की संस्कृति प्रवाहमान है। दार्शनिक स्तर पर सभी जीव और मनुष्य एक ही परमसत्ता की अभिव्यक्ति हैं। लेकिन सामाजिक व्यवहार में जाति आधारित विभाजन हैं। बहुत पहले वर्ण भी थे। वे वस्तुतः व्यवसाय या दृष्टिकोण आधारित वर्ग थे। समाज का एक वर्ग मनु को जातिव्यवस्था का जन्मदाता बताता है। जाति पाति की राजनीति करने वाले लोग इसे मनुवाद भी कहते हैं। डॉ० बी० आर० आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में 'भारत में जातियां' शीर्षक शोधपत्र 9 मई 1916 के दिन पढ़ा था। इस वक्तव्य में उन्होंने मनु को जातिव्यवस्था का जनक न मानते हुए कहा, ''मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि जाति धर्म का नियम मनुप्रदत्त नहीं है। जाति मनु के पहले से थी।'' डॉ० आंबेडकर संभवतः मनुस्मृति के रचनाकार माने जाने वाले मनु का उल्लेख कर रहे थे। निस्संदेह जातियां मनुस्मृति के रचनाकाल के पहले भी थी। लेकिन ऋग्वेद के रचनाकाल में जाति का विकास नहीं हुआ था। ऋग्वेद में जन्मना और कर्मणा जाति विभाजन का उल्लेख नहीं मिलता। लेकिन मनु ऋग्वेद में भी हैं। मार्क्सवादी विचारक डॉ० रामविलास शर्मा ने 'इतिहास दर्शन' (पृष्ठ 25) में लिखा है, ''यह तथ्य बहुत महत्वपूर्ण है कि ऋग्वेद में मनु के नाम और कार्यों का उल्लेख बार बार हुआ है। परन्तु जलप्रलय का उल्लेख अथवा उसकी ओर संकेत एक बार भी नहीं हुआ है। यह तथ्य ऋग्वेद के मनु को पुराणों की कथाओं के मनु से अलग करता है।'' मनु प्राचीन भारतीय इतिहास, पुराण और संस्कृति में अटूट परंपरा हैं। भारत के राष्ट्रजीवन में मनु आश्चर्यजनक जिज्ञासा हैं। जातिवादी राजनीति उन्हें कोसती है। वर्णव्यवस्था जातिव्यवस्था का जन्मदाता बताती है। जाति उद्भव का समय और जन्मदाता खोजे नहीं मिलता। मनु की निंदा चलती है। उनके नाम के बहाने मनुवाद की चर्चा चलती है। मनु की तरफ से कोई नहीं बोलता। उनका कोई प्रचारक भी नहीं है। वे एक जीवंत हीरो की तरह प्रशंसा और निंदा पाते हैं।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विवेचन में मनु एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं। मनु को लेकर अनेक प्रश्न उठते हैं। पहला प्रश्न यही है कि क्या वे हम सब की तरह साधारण मनुष्य थे? यदि हाँ तो वे कब पैदा हुए? वे कौन थे? क्या मनुस्मृति नाम की पुस्तक उन्होंने ही लिखी थी? मनुस्मृति की भाषा व्याकरण सम्मत है और परिष्कृत भी है। स्पष्ट है कि मनुस्मृति की रचना व्याकरण के विकास के बाद की है। ऋग्वेद की भाषा इससे भिन्न है। ऋग्वेद वाले मनु मजेदार पात्र हैं। ऋग्वेद के ऋषि अपने समकालीन ऋषियों की तुलना में मनु को और भी प्राचीन बताते हैं। मनु ऋग्वेद के ऋषियों से भी प्राचीन हैं। ऋग्वेद (1.80.16) में ऋषि इन्द्र की स्तुति करते हैं, ''पिता मनु, ऋषि अथर्वा और दध्यंग ने पहले भी इन्द्र की स्तुतियां गाईं थी।ह्व ऋग्वेद के ऋषि मनु को पिता के रूप में याद करते हैं। (वही 1.114.2) देवों की कुछ स्तुतियों की रचना ऋग्वेद से भी पुरानी है। मनु अग्रज पूर्वज हैं। वैदिक साहित्य में जाति व्यवस्था के लिए मनु का उल्लेख कहीं नहीं है। वर्ण और जाति देवताओं के गढे नहीं है। महाभारतकाल में श्रर्म के विशिष्टीकरण के कारण गण टूटते दिखाई पड़ते हैं। तब वर्ण या वर्ग व्यवस्थित हो रहे थे। वे जन्मना नहीं थे।

जाति और वर्ग सामाजिक विकास का परिणाम हैं। महाभारत के गीता वाले अंश में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि, ''मैंने गुण और कर्म के आधार पर चार वर्ण बनाए।ह्व अर्थ स्पष्ट है कि पहले वर्ण नहीं थे। वर्ण और जाति का निमार्ता कोई देवता या ईश्वर नहीं है। देवता या सर्वशक्तिमान ईश्वर वर्ण बनाता तो ऋग्वेद के पहले ही बना डालता। गीता में वर्ण तो हैं लेकिन गुण और कर्म आधारित हैं। जन्म आधारित नहीं। मनु ने भी वर्ण व्यवस्था नहीं बनाई। ऋग्वेद में ऋषिकर्म की प्रशंसा है। ऋषि के अनुसार ह्वअश्विनीदेवों ने हल चलाए।ह्व हल चलाने का उनका उद्देश्य समृद्धि था। ऋग्वेद (8.22.6) में कहते हैं, ''अश्विनीदेवों ने मनु की समृद्धि के लिए हल चलाया। अग्नि से मनुष्य जाति का परिचय बड़ा पुराना है। अग्नि की जानकारी से सारी दुनिया में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं।

क्रोनोलॉजी के विद्वान असीमोव ने लिखा है कि अग्नि का परिचय विश्व इतिहास की क्रांतिकारी घटना है। दुनिया को अग्नि की जानकारी कब हुई? इसके इतिहास का प्रस्थानबिंदु जानना कठिन है। लेकिन ऋग्वेद (7.2.3) में कहते हैं, ''यज्ञ के लिए मनु ने अग्नि प्रज्वलित की।'' ऋषि अग्नि से कहते हैं, ''हे प्रकाशरूप अग्नि मनु ने लोककल्याण के हित में सदा के लिए अग्नि की स्थापना की।'' (वही 1.36.19) मनु सामान्य व्यक्ति नहीं जान पड़ते। एक मंत्र (2.33.13) में कहते हैं, ''उन्होंने ही दिव्य औषधियों की खोज की। मनु का उल्लेख तैत्तिरीय संहिता में है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार मनु ने अपनी सम्पदा पुत्रों में बाँट दी। वैदिक वांग्मय व वैदिक साहित्य में मनु का अनेकशः उल्लेख है। लेकिन जाति वर्ण बनाने के लिए कोई उल्लेख नहीं है।

मनु प्रतिष्ठित पूर्वज थे। भारत रत्न डॉ० पी० वी० काणे ने 'धर्मशास्त्र का इतिहास' (खण्ड 1 पृष्ठ 42) में लिखा है, ''मनुस्मृति का प्रणयन किसने किया? आदि पूर्वज मनु ने इसका प्रणयन नहीं किया। इसका व्याकरण पाणिनि सम्मत है।ह्व काणे ने बताया है कि मनुस्मृति की प्राचीनतम टीका मेघातिथि (900 ईस्वी) की है। काणे कहते हैं कि, ''मनुस्मृति की रचना ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी या ईसा बाद दूसरी शताब्दी के बीच हुई होगी। मनुस्मृति के कुछ अंश आधुनिक समाज की संगति में नहीं बैठते। मनुस्मृति बाध्यकारी संहिता नहीं है। इसके कुछ अंश आपत्तिजनक कहे जा सकते हैं। मनु एक पहेली जान पड़ते हैं। महाभारत के शांतिपर्व में मनु और बृहस्पति की बातचीत है। इसके अनुसार एक समय देवों और ऋषियों में प्रधान महर्षि बृहस्पति ने मनु को प्रणाम कर के पूछा कि ह्वजो इस जगत का कारण और वैदिक कर्मों का अधिष्ठान है, मन्त्रों द्वारा जिसका ज्ञान नहीं हो सकता, मुझे वही तत्व बताइये।ह्व इसके पहले बृहस्पति ने मनु को अपने अध्ययन व गैरजानकारी की सीमा बताई और कहा ह्वमैंने ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, ज्योतिष, निरुक्त, व्याकरण आदि का अध्ययन किया लेकिन मुझे मूल तत्व का ज्ञान नहीं है।ह्व ध्यान देने योग्य बात यह है कि यहाँ विद्वान बृहस्पति भी मनु को प्रणाम करते हैं। तमाम विषयों के जानकार होने के बावजूद तत्वज्ञान न जानने की लाचारी बताते हैं। मनु ने बृहस्पति को बताया, ''प्रिय विषय सुख है। अप्रिय दुख है। मनचाही प्राप्ति और अनिष्ट निवारण के लिए कर्म हैं। मन और कर्म से संसार की सृष्टि हुई है। अक्षर से आकाश। आकाश से वायु। वायु से अग्नि। अग्नि से जल। जल से पृथ्वी और पृथ्वी से पार्थिव जगत की उत्पत्ति हुई है। वे सत्य और ब्रह्मतत्व की व्याख्या भी करते हैं।'' ऐसे परम विद्वान जाति वर्ण के जन्मदाता कैसे हो सकते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक कर्यकर्ता संवेदनशील विषयों को भी समग्रता में लेकर वक्तव्य नहीं देते। वे समाज विभाजक का काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता अपरिहार्य है।

(लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)

जय चक्रवर्ती की दो गजलें

1.
लिखने-भर को ही लिखते हो,या फिर कुछ सच भी लिखते हो?
'ना' को 'ना' लिखना आता है,अथवा केवल 'जी' लिखते हो?
लिख न सके यदि अपने युग को,समझो तुम फर्जी लिखते हो.
क्यों लिखते हो, पहले सोचो,फिर लिक्खो जो भी लिखते हो.
लिक्खो औरों की भी पीड़ा,क्यों केवल अपनी लिखते हो?
जैसा लिखते, दिखते हो क्या,या यूँ ही खाली लिखते हो?
किसकी जय गाथा लिखनी थी,सोचो, तुम किसकी लिखते हो.

2.
लगाए काम की उम्मीद बच्चे,सड़क पर हैं सवेरे से इकट्ठे.
महज दो जून की रोटी के बदले,बिके श्रम-देवता सस्ते से सस्ते.
मरे भूखे बेचारे अन्नदाता,मजे में थे मगर सारे निकम्मे.
कभी हारे न अपनी मुफलिसी से,लड़े हम अंत तक होकर निहत्थे.
हुआ दस साल आगे उम्र से मैं,कोई जब बोला-दादा जी नमस्ते.
नया इक शौक राजा को लगा है,उतारे घूमता है कपड़े-लत्ते.
कहाँ कैसे दिखें बोलें चलें हम,सिखाते अब हमें बच्चों के बच्चे.

उत्तर सत्य: एक जरूरी पोस्ट-मार्टम

विशेष

सुशील द्विवेदी

सुशील द्विवेसदी रजनीतिक-ज्ञानमीमांसा और ज्ञान की सत्तात्मकता की दृष्टि से उत्तरसत्य (पोस्ट-ट्रुथ) एक असफल अवधारणा है। उत्तर सत्य और राजनीति के बीच का संबंध हमारी अस्मिता को अपंग करता है और सत्तावाद को प्रोत्साहित करता है। यह 'हमारे समय' की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए खतरनाक है । दूसरे दशक की कविता उत्तरसत्य की कविता है ' उत्तर सत्य के मूल में अतिसाम्प्रदायिकता, भय, झूठ, अविश्वास, बहु छद्मव्यक्तित्व, अस्थिरता, चयन की बहुस्तरीयता, सस्ती दैहिकता (सॉफ्ट पोर्न) और भाषा के प्रति सस्ता सम्मोहन दिखाई पड़ता है । कविता इससे मुठभेड़ करती है।इस दशक का कवि सस्ते सम्मोहन के कारण कभी-कभी विवेक भी खो बैठता है और 'उदासी सत्रहवाँ श्रृंगार है' कहने की भूल करता है। वह नौकरशाही, सरकार और सस्ती लोकप्रियता के आगे नतमस्तक हो जाता है ' क्या आज हम राजनीति, समाज, जनतंत्र के विषय में गंभीरता से विचार कर रहे हैं, क्या हम पहले से अधिक हिंसात्मक हुए हैं, क्या धार्मिक कट्टरता के प्रति हम सम्मोहित हो रहे हैं, ऐसे कई जरूरी सवाल हमारे समय के सवाल हैं। यह 'हमारा समय' जिस समय में हम रह रहे हैं, को उत्तरसत्य या सत्योत्तर या सत्यातीत युग (पोस्टट्रुथ एरा) की संज्ञा दी गयी है । यह 'उत्तरआधुनिकता' के बाद का समय है। सर्बियन-अमेरिकी पटकथा लेखक और नाटककार स्टीव टेसिच ने 1992 में उत्तर अमेरिकी जनता पर राष्ट्रपति जॉर्ज बुश के प्रशासन द्वारा झूठ को चुपचाप स्वीकार कर आरोप लगाने के लिए 'पोस्ट-ट्रुथ' शब्द का प्रयोग किया था । 1992 में इस शब्द का आशय लोगों की समझ में नहीं आया। इसके ठीक 12 वर्ष के बाद रॉल्फ कीज ने पोस्ट-ट्रुथ एरा (2004) शीर्षक से पुस्तक लिखी। यह पोस्ट ट्रुथ एरा पर लिखी गयी पहली किताब है। 2010 में ब्लॉगर डेबिट रॉबर्ट्स ने एकेडमिक पॉलिटिकल साइंस के नये निष्कर्षों का सर्वेक्षण करते हुए यह पाया कि राजनीति-व्यवहार में बदलाव आ चुका है।ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर द जर्मन लैंग्वेज ने पोस्ट-ट्रुथ को वर्ष 2016 के शब्द के रूप में चुना । इसकी लोकप्रियता अभी भी बढ़ रही है, न केवल मीडिया में बल्कि ज्ञान विज्ञान के अध्ययन क्षेत्रों में भी। उत्तर सत्य अपने लक्षण, व्यवहारों के कारण अपने आप में दिलचस्प है । यह ज्ञानमीमांसा और राजनीति दोनों के लिए खतरा है। यह सत्य और राजनीति के बीच संबंधों का सरलीकरण कर हमारी समझ को पंगु बना देता है और अधिनायकवाद को प्रोत्साहित करता है।

उत्तर सत्य परिभाषित अवधारणा नहीं है । इसके लक्षणों, प्रयोगों के आधार पर इस समय को 'उत्तर सत्य युग' कहा गया है ' ब्रिटेन के ब्रेकजिट पोल और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की बढ़ती लोकप्रियता ने पोस्ट ट्रुथ को गति प्रदान की है और यह माना जाने लगा कि इस समय अपनी पसंद के आँकड़ों को चुनना, मनमाना निष्कर्ष निकालना और उन्हें आबादी के एक बड़े हिस्से में स्वीकृत करा लेना अब बेहद आसान हो गया है जबकि तथ्यात्मक रूप से निराधार ऐसे निष्कर्षों को उपयुक्त चुनौती नहीं मिल रही है। पर ऐसा नहीं है कि लोगों की भावनाओं को उभारने के लिए अर्द्धसत्य का प्रयोग इससे पहले नहीं हुआ। लेकिन तथ्यों को सत्य से परे प्रस्तुत करना और अफवाह आधारित धारणाओं को समाज में इतना सम्मान और समर्थन कभी नहीं मिला था जितना कि आजकल मिल रहा है। सोशल मीडिया के आने के बाद इस दिशा में अधिक सफलता मिली है। सीमित जानकारी से निकलना हुआ सत्य आज दुनियाभर में लीडरशिप का सत्य बनता जा रहा है?। अमेरिका, ब्रिटेन, इराक, अफगानिस्तान, म्यामार, भारत जैसे देशों में अब यह सामान्य अर्थ में ग्रहण किया जाने लगा है। समाचार पत्रों और अन्य मीडिया में अक्सर अतिहिंसा, साम्प्रदायिकता व विश्वविद्यालयों से संबंधित घटनाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। जामिया, जेएनयू, अलीगढ़ या जर्मनी के विश्वविद्यालयों के सन्दर्भ में छात्र हिंसा,बर्बरता और उन्हें बहिष्कृत करने की घटनाएँ देखी जा सकती हैं। जर्मनी के विश्वविद्यालयों में वामपंथी कार्यकताओं के वर्चस्व, बहिष्कार, हिंसात्मक होने की बात दक्षिण पंथी लोगों द्वारा की जाती रही है।

मैथ्यू डी एनकोना पोस्ट-ट्रुथ के चिंतकों में शामिल हैं। हालाँकि इंटरनेशनल न्यूयार्क टाइम्स और द गार्जियन में नियमित रूप से प्रकाशित उनके आलेखों को अवश्य पढ़ना चाहिए। मैथ्यू डी एनकोना का मानना है कि 'हम प्रोपेगैंडा, विचार, झूठ और सत्य की अवहेलना करते हुए इनमें फर्क करना भूल गये हैं। यह भूलने का विचार ही उत्तर सत्य है । विन्सेन्ट एफ. हेन्ड्रिक्स और मैड्स वेस्टरगार्ड ने कहा है कि 'पोस्ट-ट्रुथ प्रोपेगैंडा और अर्द्धसत्य से अलग है क्योंकि इस झूठ या प्रोपेगैंडा पर विश्वास किया जाता है और इसलिए इसे प्रोपेगैंडा या झूठ के रूप में आमतौर पर स्वीकार नहीं किया जाता है।' यह पोस्ट ट्रुथ प्रोपेगैंडा या राजनीतिक झूठ का एक सामान्य विचार भर है। एक ओर, 'पोस्ट ट्रुथ' निश्चित रूप से विश्वास दिलाता है, हालाँकि उसका उद्देश्य लोगों को विश्वास दिलाकर उनको उद्वेलित करना है। बल्कि यह कहना चाहिए कि यह मूर्खतापूर्ण और असत्य बयानों को सत्य के रूप में बदल देता है और वह घटना सामान्य प्रतीत होने लगती है। दूसरी ओर, प्रोपेगैंडा और राजनीतिक-झूठ अक्सर दूसरों पर शक्ति-प्रदर्शन करने के लिए किया जाता है ताकि वे झूठ को सही ठहरा सकें ।

'पोस्ट-ट्रुथ एरा' में ज्ञान की सत्ता को चुनौती दी गयी है। तर्क और विवेक को झुठला कर लोगों को वैकल्पिक -सत्य की अनुभूति करवाना, इसका लक्ष्य बन गया है । डी.एनकोना के शब्दों में झ्र'उत्तर सत्य अक्सर अपने असत्य-दावों को सही ठहराने की अपील करता है और हमें इसका भरोसा दिलाता चलता है।' हम विचारक, नागरिक, विशेषज्ञ, राजनेता किस पर भरोसा करें ? यह हमें कौन बताएगा कि अंधविश्वास और विश्वास में कितना महीन फर्क है ? विश्वास दिलाने के ये नये तरीके अक्सर अविश्वास में बदल जाते हैं । शासक के झूठे समाचार और झूठे विशेषज्ञ हमारे न चाहने के बावजूद हमारे जीवन में अहर्निश प्रवेश कर रहे हैं । हम 'इनटेलक्चुअल मिस्ट्रस्ट' का शिकार हो रहे हैं। इतिहास, धर्म, विचार, ज्ञान, दर्शन के सवाल हमारे मन में स्वाभाविक रूप से आते हैं किन्तु अब हमें इन प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया जाता है। लुइस एल्थुस का मानना है कि हमारी सामाजिक प्रथाएं न तो विचारधारा में न तो विकृत या न ही अविकृत रूप में पायी जाती हैं। उनका निष्कर्ष स्वयं विचारधारा के बजाय विचारधारा को उत्पन्न करने वाली प्रथाओं के विश्लेषण के सन्दर्भ में है।

सत्य और राजनीति के बीच का सम्बन्ध असत-ख्याति का सम्बन्ध है जो मौजूद नहीं है, उसकी मौजूदगी का एहसास दिलाना, असत-ख्याति है। 'पोस्ट-ट्रुथ एरा' सत्य और राजनीति के बीच किसी आदर्श की वकालत नहीं करता अपितु यह पूर्व निर्धारित तथ्यों, तर्कों से सत्य को असत्य घोषित करने की माँग करता है। इसकी बुनियादी बातें, पहली दृष्टि में सामान्य लेकिन बेहद प्रभावशाली दिखाई देती हैं, यह गंभीर बात है कि सत्य शायद ही कभी हमारी सबसे महत्वपूर्ण असहमतियों को हल करने में मदद करता है। इसका सत्य को राजनीति के विरोधी चरित्र के रूप में अंगीकार किया है।जॉन रॉल्स और हन्ना अरेंड्ट के विचार इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण हैं। उनका मानना है कि सत्य और राजनीति के बीच का संघर्ष दो ताकतों के बीच का सम्बन्ध है।

17 वीं शताब्दी में यूरोप खासकर लन्दन धर्म, सम्प्रदाय, भय और हिंसात्मक युद्धों के लिए जाना गया। लोगों को भयभीत करने के लिए टेम्स के पुल पर अपराधियों के सिर काटकर लटका दिए जाते थे। शासक के संप्रदाय से भिन्न किसी अन्य संप्रदाय को गिरजाघर में उपदेश सुनने की सजा मौत थी। ऐसे समय में सत्य और राजनीति के बीच के संबंध पर विचार करना अनिवार्य हो जाता है। जॉन रॉल्स का मानना है कि आधुनिक लोकतांत्रिक समाजों में पाए जाने वाले उचित व्यापक धार्मिक-दार्शनिक और नैतिक सिद्धांतों की विविधता केवल एक ऐतिहासिक स्थिति नहीं है। यह लोकतंत्र की सार्वजनिक संस्कृति की एक स्थायी विशेषता है। मुक्त संस्थानों के बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रताओं द्वारा सुरक्षित राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के तहत परस्पर विरोधी और अप्रासंगिक होने पर भी उनके मूल्य विचारणीय हैं। सत्य और राजनीति के बीच संबंध के सन्दर्भ में, रॉल्स के तीन महत्वपूर्ण तर्क हैं- पहला, सिद्धांतों का बहुलवाद न तो एक क्षणिक ऐतिहासिक स्थिति है और न ही हल की जाने वाली समस्या बल्कि आधुनिकता की एक स्थायी स्थिति है। यह कोई समस्या नहीं है जिसे हल किया जाना चाहिए। रॉल्स का तर्क है कि लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण समाज नैतिकता को प्रोत्साहित करता है । रॉल्स ने कहा है कि 'एक व्यापक धार्मिक, दार्शनिक या नैतिक सिद्धांत पर सहिष्णुता को केवल राज्य शक्ति के दमनकारी उपयोग से ही बनाए रखा जा सकता है।' उनका संदेह है कि एक स्वतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में बहुलवाद कायम रहना और बढ़ना तय है।

दूसरा मत बहुलवाद केन्द्रित है। केवल यह नहीं है कि हम अपने समाज में विभिन्न नैतिक, राजनीतिक या सौंदर्यवादी सिद्धांतों का एक विशाल गृह है बल्कि यह समझें कि परस्पर जुड़े निर्णयों का समूह जो जीवन में बुनियादी मूल्यों और उनकी भूमिका को परिभाषित करता है। रॉल्स पारस्परिकता के एक नैतिक आदर्श पर विश्वास रखते हैं, और वह ऐसे सिद्धांतों को स्वीकार करते हैं जो सार्वजनिक हितों की रक्षा करते हैं।

तीसरा मत, रॉल्स उचित असहमति की संभावना को मानते हैं जो उनके विशेष बहुलवाद के तथ्य के परिणामों को काफी कमजोर करता है। क्योंकि उनका तर्क है कि उचित असहमति बाधाओं से उत्पन्न होती है ।हम परस्पर विरोधी और जटिल साक्ष्य का सामना करते हैं, भले ही हम कुछ कारणों से सहमत हों । हम कैसे तर्क करते हैं, यह हमारे पूरे जीवन से प्रभावित होता है। मूल्यों के साथ न्याय करना मुश्किल है । सभी मूल्यों को एक ही समय में महसूस नहीं किया जा सकता है, इसलिए प्राथमिकताओं के बारे में निर्णय आवश्यक हैं। हालाँकि ये निर्णय विवादास्पद हैं । इसके अलावा, हमारे आसपास के वातावरण में उचित असहमति के कारण मौजूद हैं।

उत्तर सत्य का सापेक्षवाद से गहरा सम्बन्ध है । हम एक सापेक्षवादी या संदेहवादी स्थिति में हैं। हम अभी भी अपने विश्वासों को सर्वोत्तम न्यायोचित ठहरा सकते हैं। रॉल्स का दृढ़ विश्वास केवल इस बात की पुष्टि करता है कि हम इन औचित्यों की सीमाओं का पालन करते हैं जो हमें उन लोगों के बारे में सोचने और करने की अनुमति देते हैं जो उनके द्वारा आश्वस्त नहीं हैं । फिर भी इसका मतलब यह है कि एक ओर हम केवल उचित राजनीति के लिए सत्य की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, हम जिस भी बहस में संलग्न हैं, उसमें असत्य भारी पड़ रहा है । हमें यह महसूस करने के लिए मजबूर करता है कि सत्य राजनीतिक बहसों को हल नहीं करता है । हम शायद ही सत्यों के सारगर्भित बहुलवाद की बात करें।यह केवल राजनीतिक सिद्धांत में अल्पसंख्यक दृष्टिकोण की बात नहीं है, जिसे सत्य के लिए 'उत्तर आधुनिक' अवमानना ????के रूप में अक्सर निंदा की जाती है। इसके विपरीत, उचित बहुलवाद के प्रति प्रतिबद्धता न राजनीतिक उदारवाद तक सीमित है और न ही उत्तर-संरचनावादी राजनीतिक दर्शन, कट्टरपंथी लोकतांत्रिक सिद्धांत या विखंडनवाद तक। यदि हम उचित बहुलवाद के तथ्य की पूरी ताकत को स्वीकार करते हैं, तो हम देख सकते हैं कि कैसे आधुनिक राजनीतिक दर्शन सत्य की बहुलता को मानने में असामान्य सहमति में है।

अपने प्रसिद्ध निबंध 'ट्रुथ एंड पॉलिटिक्स' (2006) में, हन्ना अरेंड्ट ने राजनीति और सत्य के बीच संघर्ष के लंबे इतिहास का वर्णन किया है। राजनेताओं को कभी भी, विशेष रूप से, ईमानदार नहीं माना गया है। उनका तर्क विरोधों की एक शृंखला पर टिका है। एक ओर, हमारे पास बहुलता, भविष्य-निर्देशित कार्यों और झूठ के दायरे के रूप में राजनीति है; दूसरी ओर, हमारे पास दार्शनिकों और वैज्ञानिकों का क्षेत्र है जिसमें सत्य सोचने के लिए निर्णायक भूमिका निभाता है। राजनीति दूसरों के साथ और आवश्यक रूप से दूसरों की राय से कार्य करने का एक तरीका है। इसका उद्देश्य एक साझा यथार्थ बनाना है जिसमें हम एक साथ जीवन जी सकें। विज्ञान और दर्शन का संबंध ज्ञान से है, अभिनय से नहीं और सत्य की खोज करना उसके मूल में है । इस सत्य को अन्य मतों के साथ समान आधार पर मात्र मत मानना भी सत्य का अवमूल्यन करना है।

हन्ना अरेंड्ट ने 'तर्कसंगत' और 'तथ्यात्मक सत्य' के बीच के सम्बन्ध को स्पष्ट किया है । तर्कसंगत सत्य के उदाहरण गणितीय और वैज्ञानिक विधियों द्वारा दिए जाते हैं। त्रिभुज में सभी कोणों का योग 180 डिग्री है; प्रत्येक क्रिया समान बल की प्रतिक्रिया का कारण बनती है। तथ्यात्मक सत्य के उदाहरण ऐतिहासिक घटनाओं का अस्तित्व है जैसे तथ्य यह है कि १९४७ में भारत आजाद हुआ। अरेंड्ट का तर्क है कि तर्कसंगत सत्य और राजनीति के बीच ऐतिहासिक रूप से संघर्ष अब सामान्य हो गया है, तर्कसंगत सत्य को अब स्वीकार किया जाता है। आज तथ्यात्मक सत्य राजनीति के खतरे में है- और यह तर्कसंगत सत्य की तुलना में अधिक संवेदनशील है । एक ऐतिहासिक तथ्य को उसके सभी निशान मिटाकर हमारे ज्ञान से अलग किया जा सकता है। यह एक तर्कसंगत सत्य तथ्य के साथ भी हो सकता है, लेकिन तर्कसंगत सत्य अपरिवर्तनीय सत्य है, उसे फिर से खोजा जा सकता है। इसलिए तर्कसंगत सत्य उनके अभिलेखों पर निर्भर नहीं करते हैं जैसा कि तथ्यात्मक सत्य करते हैं। तथ्यात्मक सत्य राजनीति के लिए महत्वपूर्ण है । फिर भी हम तथ्यात्मक सत्य और राजनीति के बीच संघर्ष देखते हैं, क्योंकि जब राजनीति की बात आती है तो तथ्यात्मक सत्य का निरंकुश चरित्र दिखाई देता है। समस्या यह है कि तथ्यात्मक सत्य, अन्य सभी सत्यों की तरह, अनिवार्य रूप से स्वीकार किए जाने का दावा करता है और बहस को रोकता है । यदि राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो सत्य से निपटने वाले विचार और संचार के तरीके मजबूत हुए हैं । तथ्यात्मक सत्य राजनीति की एक बाहरी सीमा है, और विशुद्ध रूप से राजनीतिक । उत्तर सत्य सत्य की मौलिकता को विद्रूप करता है। आज जितने ऐतिहासिक तथ्य हैं उन्हें झुठलाया जा रहा है। धार्मिक प्रतीकों, ज्ञान विज्ञान और तर्क के मूल्यांकन पर जोर दिया जा रहा है।

आठवें दशक के बाद हिन्दी कविता की काव्यधारा अवरुद्ध हुई और उसका स्थान दलित व स्त्री विमर्श की कविताओं, कहानियों ने ले लिया। लिहाजा शताब्दी के अंतिम दशकों में कविता के परम्परागत मूल्यों में बदलाव आया। यह बदलाव अपेक्षाकृत अधिक यथार्थ और आक्रोशपूर्ण था। दूसरे दशक की कविता उत्तर सत्य की कविता है। उत्तर सत्य के मूल में अतिसाम्प्रदायिकता, भय, झूठ, अविश्वास, बहु छद्मव्यक्तित्व, अस्थिरता, चयन की बहुस्तरीयता, सस्ती दैहिकता (सॉफ्ट पोर्न) और भाषा के प्रति सस्ता सम्मोहन दिखाई पड़ता है। कविता इससे मुठभेड़ करती है । वस्तुतः दूसरे दशक की हिन्दी कविता समय की तीव्र धारा से संपृक्त कविता है। वह अधिनायकवाद से मुठभेड़ करती हुए स्वस्थ जनतंत्र की मांग करती है। धर्म, बाजार, सियासत, राजनीति से मुक्त कर किसानों मजदूरों, स्त्रियों, युवाओं के लिए उत्तर सत्य से लड़ने का रास्ता अख्तियार करती है।

व्यंग्य में सामाजिक सरोकार

विमर्श

राजेंद्र वर्मा

व्यंग्य का काम है कि समाज, राजनीति आदि अनेक क्षेत्रों में फैली विसंगतियों की पहचान करना और उसे पर यथेष्ट प्रहार करना। साथ-ही, उसका उद्देश्य शोषण या शोषित को निशाने पर लेना है। अतः व्यंग्यकार की प्रतिबद्धता शोषित के पक्ष में होनी चाहिए और उसे जनोन्मुख होना चाहिए ताकि यथास्थिति में परिवर्तन हो। विभिन्न सत्ताओं में जो गड़बड़ियाँ व्याप्त हैं, व्यंग्य उसके खिलाफ खड़ा होता है। इसीलिए व्यंग्य को सत्ता का स्थायी प्रतिपक्ष कहा गया है। इसे व्यंग्य या व्यंग्यकार का सरोकार भी कहा जा सकता है।

व्यंग्य में सरोकार पर, परसाई जी के विचार बहुत प्रासंगिक हैं, 'यदि व्यंग्य लेखक को मानव जीवन से सरोकार न हो तो वह क्यों रोए कि भाई मेरे! तुममें यह बुराई है। तुम अच्छे हो जाओ।'

दूसरे शब्दों में, व्यंग्य लेखक के मन में जो करुणा होती है वह दूसरों को सुधारने में प्रकट होती है। इस दृष्टि से यह उसका सरोकार ही है कि वह दुनिया को अच्छा देखना चाहता है। व्यंग्यकार आम आदमी की पीड़ा से दुखी होता है और रचना में व्यंग्य ढालता है, जैसे परसाई जी की 'भोलाराम का जीव'। इसी प्रकार, पाखंड के विरोध में 'वैष्णव की फिसलन' को देखा जा सकता है।

जहाँ तक व्यंग्य के सामाजिक सरोकार का प्रश्न है, समाज की हर विसंगति उसके निशाने पर होती है। साम्प्रदायिकता, सामाजिक विषमता, वर्ग-भेद, जातिभेद, धार्मिक पाखंड जैसे कितने ही मुद्दे हैं जिन पर विस्तार से चर्चा, विश्लेषण और विसंगति के कारकों पर व्यंग्यात्मक प्रहार की जरूरत होती है। व्यंग्य-रचना का उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि वह पाठक की समझ को विकसित करे और उसमें चेतना की लहर उठाए। लेकिन आज जो लोग व्यंग्य लिख रहे हैं, वे अधिकतर खाए-अघाए लोग हैं। उनमें से अधिकांश पाखंड जीने वाले लोग हैं, यथास्थितिवादी लोग हैं। गरीबी, महँगाई, बेरोजगारी, बदहाली जैसी बातों को लेकर उनके कोई अनुभव नहीं हैं, वे जीवन-संघर्ष से कटे हुए हैं। उनकी संवेदनाएँ नकली हैं। वे बदलाव के लिए नहीं, मन-बहलाव और यशलाभ के लिए लिख रहे हैं। इसलिए वे व्यंग्य नहीं, हास्य-व्यंग्य जैसी कोई चीज लिख रहे हैं ताकि वह किसी अखबार में छप सके। व्यंग्य तो आज अखबारों में छपता ही नहीं, क्योंकि उसमें सत्ता का प्रतिरोध रहता है और उसका उद्देश्य बदलाव रहता है। आजकल वहाँ हास्य-व्यंग्य छपता है, भले ही व्यंग्य के नाम पर छपे। समाज में दो तरह के लोग हमेशा रहे हैं : एक, जो हाथ-पाँव चलाकर अपनी रोटी अर्जित करते हैं और दूसरे वे जो सिर्फ जुबान चलाते हैं। इसी से वे न केवल अपनी रोटी अर्जित करते हैं. वरन प्रतिष्ठा भी पाते हैं। अधिकांश व्यंग्य लेखक जुबान चलाने वाली श्रेणी से आते हैं। वे मध्यवर्ग का हिस्सा है जो सरकारी नौकरी में हैं या किसी ऐसे प्रतिष्ठान में जो सत्ता द्वारा ही पोषित है। इस प्रकार वे सत्ता के अंग हैं और सत्ता का ही एजेंडा आगे बढ़ाने में लगे हैं। बदले में मोटी तनख्वाह पाते हैं और ठसक के साथ परिवार पालते हैं। इस प्रक्रिया में वे हमेशा उच्चवर्ग की ओर सम्मानजनक और आशाभरी निगाहों से देखते रहते हैं और निम्नवर्ग की ओर देखते भी हैं तो सहानुभूतिक उपेक्षा के साथ। वे सत्ता के स्थायी पक्ष होकर भी सत्ता के प्रतिरोध में लेखन करने का दंभ भरते हैं। समाज में बढ़ती महँगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दों को लेकर वे जितना संजीदा लेखन कर सकते हैं, सरकारी नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, परंतु व्यावहारिक जीवन में वे उसके खिलाफ धेले भर का काम नहीं कर सकते। सड़क पर नहीं उतर सकते; किसी आंदोलन में हिस्सा नहीं ले सकते। वे सिर्फ बातों के शेर हैं। इसलिए

हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

पर्व

श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना चढ़ाया बेलपत्र व भांग धतूरा

शिव मंदिरों पर सुबह से ही लगा रहा श्रद्धालुओं का रेला

फूलपुर स्थित शिव मंदिर पर दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार

कैलेश्वर धाम अतरौलिया में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

शिव की बारात में नाचते गाते श्रद्धालु

भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

भवरनाथ मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

भवरनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु

आजमगढ़। महाशिवरात्रि का पर्व शनिवार को जनपद में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। जनपद के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। भीड़ को देखते हुए कुछ स्थानों पर रुट डायवर्ट भी किया गया था जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जनपद में स्थित शिव मंदिरों में पूजा करने व शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर के भवरनाथ स्थित मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ इकट्ठा रही। पूरा मंदिर क्षेत्र सुबह से ही भगवान शंकर के जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान मेले जैसा दृश्य दिखायी दिया। मेले में तरह-तरह की दुकाने सजायी गयी थी। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने रुट डायवर्ट भी किया था। अतरौलिया की तरफ से आने जाने वाले वाहनों को भवरनाथ चैराहे से मोड़ दिया गया जिससे कि ये वाहन सीधे न आकर जुनेदगंज चैराहा व हाफिजपुर चैराहा से होते हुए शहर में प्रवेश कर सकें। इसके साथ ही शंकर जी त्रिमुहानी पर भी भक्तों की भीड़ रही। लछिरामपुर स्थित शिवमंदिर में भक्त सुबह से ही जल चढ़ाने के लिए लाइन में खड़े रहे। चैक स्थित सदावर्ती में स्थित शिवमंदिर में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली। रौदोपुर स्थित पुराना पावर हाउस में महाशिवरात्रि के पर्व पर जलाभिषेक के बाद भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रामचन्द्र, रणधीर सिंह, आशीष प्रजापति आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में कालीचैरा मोढ़ पर भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें भगवान शिव का प्रसाद वितरित किया गया।

गेलवारा प्रतिनिधि के अनुसार भदुली बाजार स्थित गेलवारा गांव कुटी पर महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया। कुटी के महंथ बाबा सबद दास ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बाबा राममिलन दास, बाबा फन्नू दास, मिन्टू यादव, अंग्रेज यादव, महेन्द्र यादव, विशाल यादव, आसू सिंह, रोहित मौर्या आदि उपस्थित रहे।

फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित शिव मन्दिरों पर शिव भक्त महिला पुरुष बच्चों का जमावड़ा रहा। दुवार्सा धाम स्थित तमसा मंजूषा संगम पर स्नान कर दुवार्सा धाम स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद जल लेकर रास्ते में मुंडेश्वर नाथ शिव मंदिर फूलपुर कस्बा स्थित शंकर जी तिराहे पर स्थित शिव मंदिर, शिव मंदिर शहजेरपुर, कस्बा स्थित नागा बाबा मंदिर, बाबा परमहंस मन्दिर, बक्सपुर गांव स्थित शिव मंदिर, जोमा, डारीडीह, अंजान शहीद शिव मन्दिर पर जलाभिषेक के लिए लाइन लगी रही। बम भोले के उद्घोष से पूरा क्षेत्र शिव मय हो गया।

पटवध संवाददाता के अनुसार महाशिवरात्रि का पावन पर्व धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ सभी मंदिरों और शिवालयों में मनाया गया। पटवध कौतुक क्षेत्र में शिव मंदिर सरैया बाजार के प्रांगण में भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों और शिवालयों पर शिव चर्चा, हरि कीर्तन और अखंड रामायण पाठ के भी आयोजन किए गए थे। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के शादी विवाह संबंधित झांकी भी निकाली गई। महिलाओं को सुबह से ही भोलेनाथ का पूजन अर्चन भांग, धतूर, बिल्वपत्र, बेर आदि सामानों के साथ करते देखा गया। इसी क्रम में जैगहां बाजार के शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। पटवध कौतुक के शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के महंत राजेश्वर दास द्वारा आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इसी क्रम में श्रीनगर सियरहां शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ मां पार्वती का पूजन अर्चन दर्शन किया और अंवती पहलवानपुर के शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार द्वापर युगीन कैलेश्वर धाम मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। पूरा कैलेश्वर धाम मंदिर परिसर हर हर महादेव के नारों से गूंज उठा। वर्तमान समय में 15वें शिष्य के रूप में बाबा दिलीप दास जी महाराज मंदिर के पुजारी हैं। वहीं यह भी मान्यता है कि द्वापर युग का बरगद का पेड़ आज भी उसी तरह है तथा वट वृक्ष को ही लोग शिव मानते हुए आराधना करते चले आ रहे हैं। वहीं बगल ही स्थित जमीन से निकला हुआ शिवलिंग है जिस पर लोग पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। श्रद्धालु जितेंद्र प्रसाद सवर्णकार ने बताया कि लगभग 25 वर्षों से निरंतर इस तपोभूमि पर आकर जलाभिषेक करते हैं। यहां आने के बाद सभी प्रकार के दुख अपने आप समाप्त हो जाते हैं।

निजामाबाद/फरिहां प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील क्षेत्र में धूमधाम से महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों कि लम्बी लाइनें लगी हुई थी। क्षेत्र के बड़ागांव शिव मन्दिर, फरिहां शिव मन्दिर, तहबरपुर के मेड़ी शिव जी मंदिर पर भक्तों लम्बी लाइन सुबह से लगी थी और मेला लगा हुआ था। लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस सुबह से मंदिर पर पहुंच गयी थी। पूरा क्षेत्र हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान था।

रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के शिवालयों में आस्था का रेला उमड़ पड़ा। मंदिरों में पूजन अर्चन तो शाम को बाजार में निकली औघड़ दानी की बारात। गूंजते रहे मोर भंगिया के मनाय दियो भोलेनाथ। अवंतिकापुरी में स्नान कर मंदिर में पूजन किया गया। कस्बे के शिव मंदिर में प्रातः से ही भक्तों की भीड़ रही। काजीभीटी में मेले में दुकाने लगी रही। डीजे पर युवा थिरकते रहे तो प्रसाद में भांग भी खूब चली। अवंतिकापुरी धाम में सुबह से सरोवर में स्नान कर मंदिर में दर्शन का क्रम शुरू हुआ जो देर शाम तक चला। कस्बे में परंपरागत औघड़दानी की बारात निकली। रथ पर भोले नाथ सवार रहे। चारों ओर शिव पूजन की धूम रही। डीहा स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में काफी भीड़ रही।

बिलरियागंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के शिव मंदिरों पर शनिवार को सुबह से ही आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोग भगवान शिव शंकर के दर्शन के लिए पूरी श्रद्धा के साथ मंदिरों में जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक करते रहे। जहां भक्तो ने गन्ना, बेर, धतूरा, दूध आदि चढ़ा कर शिवलिंग के समक्ष मत्था टेका। बाबा भोले नाथ से परिवार के सुख समृद्धि व शांति के लिए मन्नतें किया। झारखंडेय महादेव मंदिर जलालपुर बड़िहारी पर सुबह से शिव भक्तों का रेला उमड़ा रहा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामपाल सिंह, प्रभुनाथ सिंह पप्पू, डा.विजय सिंह, कमल प्रकाश राय आदि उपस्थित रहे। वहीं कस्बा बिलरियागंज स्थित शिव मंदिर, पड़री, पटवध सरैया, शहाबुद्दीनपुर आदि शिव मंदिरों पर भक्तों की भीड़ रही।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व स्थानीय क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम मे शनिवार को रामपुर कठरवां, लालगंज, देवगांव, कंजहित, निहोरगंज, गोसाईगंज क्षेत्र में सुबह से ही ग्रामीण महिला, पुरुष तथा बच्चों का शिवालयों में जलाभिषेक के लिए तांता लगा हुआ था। घमरिया शिव मंदिर लालगंज नगर, पातालपुरी महादेव मंदिर बड़ागांव, पातालपुरी महादेव मंदिर रामपुर कठरवां, शिव मंदिर चेवार पश्चिम, शिव मंदिर कंजहित, महादेव मंदिर तरफकाजी के साथ तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शिवजी के जितने मंदिर व शिवालय हैं, हर जगह पूजा पाठ चला। सैकड़ों वर्ष पुराने कलीचाबाद शिव मंदिर पर भक्तों ने पूजा अर्चना की। रामप्यारे यादव व डा.उमेश यादव निवासी रामपुर कठरवा ने बताया कि पातालपुरी महादेव मंदिर की मान्यता है कि यहां जो भी लोग पूजा-पाठ कर अपनी मन्नतें मांगते हैं, वह पूरी होती है। इसी प्रकार कटघर लालगंज चेयरमैन प्रतिनिधि शरद यादव ने बताया कि घमिरिया शिव मंदिर का पूर्व में नगर पंचायत द्वारा सुंदरीकरण कराने के साथ तालाब व उसके अगल-बगल स्थित खाली जमीन को मेला के लिए सुंदर सजावट की गई है। रामपुर कठरवां में शीतला प्रसाद मिश्र, डॉ उमेश यादव, शैलेश यादव, संजय यादव, मुरली यादव, राम प्रसाद यादव, मंद्रिका यादव, जेपी यादव, भोनू यादव, सूर्यकांत यादव, अंकुर यादव, अजय यादव, बृजेश यादव उपस्थित रहे। देवगांव कोतवाली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आयी।

शिव बारात में लोगों ने बरसाये फूल

रथ पर सवार शिव पार्वती की झांकी

जनसंदेश न्यूज

निजामाबाद (आजमगढ़)। महाशिवरात्रि पर दोपहर बाद निजामाबाद में शिव बारात निकाली गई। गाजे-बाजे और ढोल नगाड़े पर थिरकते बरातियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। बारात में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र शिव-पार्वती की झांकी रही। वहीं भंडारे का भी आयोजन हुआ। शिव बारात तमसा तट स्थित महादेव घाट से निकली, जो थाना मोड़, पुराना चैक, नई सड़क होते पुनः 6 बजे शाम को महादेव घाट पहुंचकर समाप्त हुआ। महादेव घाट पर देर रात तक कीर्तन चलता रहा। शिव शक्ति दल के अध्यक्ष दिवाकर माली, हरिहर पाठक, पंकज माली, भाजपा जिला मंत्री संतोष गोंड़, मंडल अध्यक्ष गगन कश्यप, मनोज सोनी, प्रमोद मौर्य, अवधेश सोनी, रोहित गोंड़, रघुनन्दन साहू आदि उपस्थित थे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह हमराहियों के साथ लगे हुए थे।

महराजगंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत स्थित भैरव धाम परिसर से भगवान शिव की बारात निकली और हाथी घोड़ा बाजा गाजा के साथ भूत प्रेत, बैताल बाराती के रूप में शामिल हुए।

यह बारात धाम परिसर से निकलकर बजरंग चैक, पंडित लक्ष्मीकांत चौक होते हुए सहदेवगंज चैक के रास्ते थाना परिसर पहुंचा जहां थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा ने सर्व प्रथम भगवान गणेश का पूजन किया तत्पश्चात भगवान शिव को तिलक कर उनका स्वागत और बंदन किया। बारात थाने से निकलकर पुराना चैक होते हुए धाम परिसर पहुंचा। भैरव धाम में विधिवत आदि शक्ति से विवाह सम्पन्न हुआ।

संक्षेप

परम्परागत रास्तों से निकली शिव बारात

मुबारकपुर (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। व्रती महीलाएं एवं पुरूष तमसा से जल भरकर देवाधिदेव महादेव भोलेनाथ के मंदिर पर जलाभिषेक किया। मुबारकपुर नगर पालिका से एक भव्य जलूस निकलकर पूरे नगर में परंपरागत रास्तों से होता हुआ भ्रमण किया। जुलूस छोटी एजेंटी, बड़ी एजेंटी, रोडवेज होता हुआ अलीनगर, बवाली मोड़ से होते हुए विभिन्न स्थानों से गुजरा। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, चैकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह एवं हिंदू संगठन की भारी तादाद में लोग एकत्रित थे। महिलाओं ने देवाधिदेव महादेव को जलाभिषेक करने के बाद अपने जीवन की मंगल कामनाओं के साथ ही जगत कल्याण के लिए व्रत रखा। जलूस में देवाधिदेव महादेव भोलेनाथ, गणेश भगवान एवं विष्णु के रूप में विभिन्न प्रकार के मनमोहक सजावट वाले प्रतिमा स्थापित कराई गई थी जिसमें कलाकारों ने अपने विभिन्न अनुभव से साक्षात उपरोक्त देवताओं की प्रतिमा में तब्दील थे। जुलूस में विजय वर्मा, मुन्नू लाल वर्मा, विद्यासागर जायसवाल, गोपाल जायसवाल, बबलू मिश्रा, आनंद चैरसिया, रतन लाल पटवा, सुधीर, द्विग्विजय पाल आदि लोग उपस्थित थे।

जीयनपुर कस्बे में सोलर सिस्टम का हुआ शुभारंभ

अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बे में जनपद के पहले सोलर सिस्टम का जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस सिस्टम से प्रीपेड सोलर बिजली की सप्लाई की जायेगी। जीयनपुर कस्बे के जमातुल बनात नगर में हस्क पावर सोलर सिस्टम का शनिवार को जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय व अपराध निरीक्षक अवधेश अवस्थी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। सोलर सिस्टम 40 किलो वाट तक पावर थर्मल से अनुबंधित है जीयनपुर कस्बा व आस पास के क्षेत्र में 24 घंटे दुकान व औद्योगिक व्यापारियों को सोलर बिजली की सप्लाई की जाएगी जो प्रीपेड होगा। यूपी हेड कौशल मिश्रा ने बताया कि जनपद के जीयनपुर कस्बे में पहला सोलर सिस्टम लगाया गया है वहीं प्रदेश में अब तक 250 जगहों पर सोलर सिस्टम से प्रीपेड बिजली की सप्लाई की जा रही है। जीयनपुर कस्बे में आधुनिक तरीके से सभी को सोलर बिजली सस्ते दर पर देने के लिए किलोवाट पर प्रीपेड सप्लाई दी जाएगी। सोलर प्लांट के उद्घाटन से कस्बे वासियों में खुशी है। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र मिश्रा, अंकित, बृजेश कुमार, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भण्डारे का प्रसाद

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बे के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शिव मंदिर पर शनिवार को भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवरात्रि पर जहां अन्य मंदिरो में पूजन होते हैं वहीं रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शिव मंदिर में पूजन अर्चन के साथ सायं काल बृहद भंडारा होता है। शनिवार की शाम से शुरू हुआ भंडारा देर रात चला। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संचालन में बबलू गुप्ता, अजय सैनी, मोहन गुप्ता, डब्लू सिंह, संतोष ठठेरा, चंदन, गोलू, अभिनंदन जायसवाल, अवधेश, लवकुश, रजनीश, बंटी, राजू आदि लोग लगे रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगा 'हँसुली' का मंचनः प्रो. अखिलेश चंद्र

आजमगढ़। प्रो.अखिलेश चंद्र शिक्षा संकाय श्री गाँधी पीजी कॉलेज, मालटारी, आजमगढ़ द्वारा लिखी कहानी हँसुली का 13वां नाट्य मंचन भारत रंग महोत्सव 2023 के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय समारोह आरंगम भोपाल में आगामी 19 फरवरी 2023 को होगा। नाटक हँसुली का चयन भारत स्तर पर 573 नाटकों में से चयनित 80 नाटकों में होना बड़े गर्व की बात है। यह समारोह भारत के 10 बड़े शहरों में नई दिल्ली, जयपुर, भोपाल, राजमुंजरी, रांची, गुवाहाटी, जम्मू, श्रीनगर, नाशिक और केवडिया में किया जा रहा है। प्रत्येक जगह 8 नाटकों का मंचन होना है। यह समारोह 16-26 फरवरी तक चलेगा। यह नाट्य मंचन समूहन कला संस्थान आजमगढ़ के निर्देशक और अभिनेता राजकुमार शाह के निर्देशन में साथी कलाकारों द्वारा मंचित किया जाना है। हँसुली का नाट्य मंचन पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। इसके पूर्व इस कालजयी नाटक का मंचन राष्ट्रीय स्तर पर 12 बार हो चुका है। कहानी हँसुली के लेखक प्रोफेसर अखिलेश चंद्र ने इसके मंचन में चयनित होने पर अपार खुशी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हँसुली मालटारी, आजमगढ़ की पहिचान सहित अब देश का प्रतिनिधित्व कर रहीं है। यह मेरा नहीं, जनपद का सम्मान है। हँसुली की कहानी आधुनिक परिवेश में भौतिक संसाधन के बढ़ते प्रभाव और लालची प्रवृत्ति से रिश्ते में आ रही गिरावट पर केन्द्रित है। आज सभी को सम्पत्ति में अपना हक और हिस्सा तो चाहिए पर मां-पिता की जिम्मेदारी उठाने को कोई तैयार नहीं है। कहानी का अंत भी बड़े कष्टमय तरीके से होता है। यह कहानी हर बुजुर्ग माता-पिता के जीवन का यथार्थ चित्रण करती है।

नहीं थम रहा चोरों का आतंक

अहिरौला क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियां

जनसंदेश न्यूज

घटना की जानकारी लेकर जाती पुलिस

अतरौलिया (आजमगढ़)। पुलिस के लिए लगातार सिरदर्द बनती जा रही हैं अहिरौला में एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाएं। अभी एक हफ्ता भी नहीं बीता कि बहेरा ग्राम सभा में हुई लाखों की चोरी ने अहिरौला पुलिस को फिर कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है।

शुक्रवार की देर रात बहेरा ग्राम सभा में चोरों द्वारा एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया जिसमें तीन अलग-अलग घरों में चोरी की वारदात की घटना घटित हुई। चोरों ने रात में सोए हुए घर के परिजनों के कमरे के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए और लाखों का सामान जेवर एवं नगदी चुराकर रफूचक्कर हो गए और घर में सोए हुए परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी, जिसमें बहेरा निवासी रमेश सिंह पत्रकार के घर से जेवरात एवं नकदी समेत लगभग साढ़े आठ लाख रपए की चोरी की गई, वही गांव के ही अजय सिंह के घर से चोरों द्वारा जेवरात एवं नकदी समेत लगभग एक लाख रुपए की चोरी की गई। चोरों ने अन्य दो घरों लक्ष्मी प्रसाद सिंह एवं पिंटू सिंह के यहां भी चोरी का प्रयास किया परंतु चोरों द्वारा इन घरों पर चोरी की घटना को अंजाम नहीं दिया जा सका। चोरी के इस प्रकार की घटना से पूरे गांव में दहशत फैला हुआ है और पूरे ग्रामीण पुलिस को इसका जवाबदेह मान रहे हैं। सूचना मिलने के पश्चात क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर महेंद्र कुमार शुक्ला थाना प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर विस्तार पूर्वक पूरी घटना की जानकारी ली और जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया। देखते हैं अब अहिरौला पुलिस आगे क्या कार्रवाई करती है और कब तक इन चोरी की घटनाओं का पदार्फाश करती है। चोरी की घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बोलेरो ने ट्रक चालक को रौंदा, मौत

मोहम्मदपुर (आजमगढ़)। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाजार स्थित सैनिक ढाबा के पास ट्रक से उतरते समय चालक बोलेरो की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मोहम्मदपुर सैनिक ढाबा के पास ट्रक ड्राइवर उमेश चंद यादव 35 पुत्र ज्ञान चंद यादव निवासी रानीपुर रजमो थाना गंभीरपुर अपनी ट्रक खड़ी करके उतर रहा था, कि पीछे से वाराणसी की तरफ से आ रही तेज बोलेरो ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे उठाकर चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के 2 बच्चे एक पुत्र 5 वर्ष और एक पुत्री 3 वर्ष है। मौत की सूचना मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ज्योति यादव का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक 4 भाइयो में तीसरे नंबर पर था, और परिवार का कमाऊ सदस्य था।

अकीदत के साथ मनाया गया एकतालिस शाह बाबा का उर्स-ए-पाक

चादर व गागर का जुलूस निकालते जायरीन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाग लखराव स्थित एकतालिस शाह बाबा का उर्स-ए-पाक बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह में कुरान खानी एवं दोपहर में कव्वाली का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मोहल्ला पहाड़पुर स्थित उर्स ए पाक के मोतवल्ली परवेज बाबा के आवास से चादर व गाकर का जुलूस निकाला गया जो पहाड़पुर, तकिया, पुरानी कोतवाली, जामा मस्जिद होते हुए बागलखरांव स्थित एकतालिस शाह बाबा की मजार पर चादरपोशी के साथ समाप्त हुई। मोतवल्ली परवेज बाबा ने बताया कि एकतालिस शाह बाबा की मजार पर आने वाले भक्तों जायरीनों की हर मुरादें पूरी होती हैं। यहां पर हर प्रकार के वर्ग के लोग आते हैं और उनकी मुरादें पूरी होती हैं। यहां गंगा जमुनी तहजीब की एक मिसाल देखने को मिलती है। उसके बाद देर शाम लंगर खाने के बाद कव्वाली का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर मु.ताज, मु.खालिद, मु.शाहिद, मु.आफताब, मु.तबरेज, मु.कलीम आदि लोग उपस्थित थे।

हमदर्द वाइस चांसलर को मिला 19वां फ्रेंडशिप अवार्ड

जनसंदेश न्यूज

अंजान शहीद (आजमगढ़)। सगड़ी तहसील क्षेत्र के मौलाना आजाद इंटर कॉलेज अंजान शहीद परिसर में शनिवार को मिर्जा अहसानुल्लाह बेग एवं स्व.बाबू राम कुंवर सिंह की स्मृति में 19वां फ्रेंडशिप अवार्ड अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय हमदर्द के वाइस चांसलर डॉ.अफशार आलम को दिया गया।

अवार्ड के साथ हमदर्द के वाइस चांसलर डॉ.अफशार आलम व अन्य

विद्यालय परिसर पर 105वीं जयंती पर अहसानुल्लाह हसन बेग की संस्थापक दिवस समारोह एवं हिंदू मुस्लिम एकता के प्रति उनकी मित्रता बाबू राम कुंवर सिंह की याद में फ्रेंडशिप अवार्ड वितरण समारोह का आयोजन मौलाना आजाद एजुकेशनल सोसायटी द्वारा किया गया। कॉलेज की छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गयें। हमदर्द के वाइस चांसलर डॉ.अफशार आलम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने फ्रेंडशिप अवार्ड ग्रहण किया। अतिथियों को अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की बीए की छात्रा मधुबाला को सर्वाधिक अंक के लिए अबरार आजमी गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। अंत में कालेज के प्रबंधक मिर्जा आरिफ बेग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

जामिया फैजे आम के पूर्व छात्रों की बैठक आज

लालगंज (आजमगढ़)। जामिया फैजे आम देवगांव के 25वें वार्षिक जलसा के 19-20 मार्च को रजत जयंती मनाने के सिलसिले में 19 फरवरी को पूर्व छात्रों की बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नाजिम जामिया मौलाना हबीबुर्रहमान कासमी ने बताया कि इसका उद्देश्य पुरस्कार विजेता बच्चों को प्रोत्साहित करना है। विशेष रूप से 19 मार्च को आयोजित होने वाले 25वीं वार्षिक जलसा में सुधार और सौंदर्यीकरण में इन छात्रों की सेवाओं और विचारों को प्राप्त करना है। उन्होंने पूर्व छात्रों से 19 फरवरी को जामिया में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सुबह नौ बजे से 11 बजे तक और दूसरा कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा।

किसी भी दशा में भंग न हो परीक्षा की शुचिताः डीएम

बैठक के संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि जनपद में चल रही यूपी बोर्ड की परीक्षा को निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में परीक्षा की शुचिता भंग न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि अतिसंवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में परीक्षा केंद्र पर 7 बजे तक पहुंचना सुनिश्चित करें। स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि अपनी देखरेख में ही प्रश्न पत्रों को खोलना सुनिश्चित कराएं। किसी भी दशा में निर्धारित समय से पहले प्रश्न पत्र न खोले जाएं। अति संवेदनशील केंद्रों को ध्यान में रखकर विज्ञान एवं गणित परीक्षा के दिन केंद्रों पर लगातार 3 घंटे रुककर परीक्षा को संपन्न करायें। सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमण करते रहे, कहीं भी नकल की सूचना मिलने पर तत्काल पहुंचे। किसी भी कीमत पर नकल माफिया नकल कराने में सफल न हो पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सेंटर को चेक कर सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशिलता सुनिश्चित कराएं। सीसीटीवी कैमरे प्रॉपर स्थान पर हों तथा सही हालत में रिकॉर्डिंग भी होती रहे। केंद्र व्यवस्थापक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार एक दूसरे से संपर्क बनाए रखें। कंट्रोल रूम प्रभारी लगातार दोनों पारियों की परीक्षा की मानिटरिंग करें।

शादी समारोह में गए दो व्यक्तियों की बाइक चोरी

माहुल (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र के कोराघाटमपुर गांव में मानबहादुर यादव के घर शादी समारोह में शामिल हुए दो लोगों की बाइक चोरी हो गई। दोनों व्यक्तियों ने अहरौला थाना में बाइक चोरी होने की तहरीर दी है। उदयभान चैहान अहरौला थाना के मक्खापुर गांव निवासी हैं। अपने रिश्तेदार की बाइक लेकर कोराघाटमपुर गांव के मित्र मान बहादुर यादव के घर लड़की की शादी समारोह में गए थे। इसी तरह से लाल बहादुर यादव पुत्र बंसराज यादव अखंडनगर थाना क्षेत्र के बडौरा ख्वाजापुर जनपद सुल्तानपुर भी शादी समारोह में शामिल होने आए थे। उनकी भी बाइक वहां से चोरी हो गई। दोनों लोगों ने अहरौला थाना पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

जिले के शिवालयों पर दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

शिवरात्रि

एडीएम वित्त व एसपी सिटी ने मंदिरों पर भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देवालय एवं शिवालयों में देखने को मिली। जहां अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला व एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने नगर क्षेत्र के देवालय एवं शिवालयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बताते चलें कि नगर क्षेत्र के पंचमुखी महादेव, तारकेश्वर महादेव, रामेश्वरम समेत अन्य शिव मंदिरों पर भक्तों का रेला उमड़ पड़ा था। भक्तों की भीड़ को देखकर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों को भी खूब मेहनत करनी पड़ी। वहीं जिलाधिकारी द्वारा शिवरात्रि महापर्व को देखते हुए सभी मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला एवं एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने नगर क्षेत्र के सभी मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था समेत भीड़ का भी जायजा लिया। इस दौरान भक्तों का हुजूम अलग ही देखने को मिला। बम बम बोल रहा है काशी समेत अन्य शिव गीतों से मंदिर और शिवालयों पर भक्त झूमते हुए दिखाई पड़े। बिरसा नगर के भोलेनाथ मंदिर से शिव बारात भी निकाली गई।

शिवालयों पर जायजा लेते एडीएम वित्त व एसपी सिटी

कोटार नाथ दर्शन को उमड़ा भतों का रेला

मेला क्षेत्र का जायजा लेते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

बदेवरा नाथ में दर्शन करतीं हाईकोर्ट की जज

दो लाख से अधिक भक्तों ने कोटार धाम में टेका मत्था

हलिया। स्थानीय विकास खंड के अदवा नदी के मध्य कोटार शिव धाम में शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर मेले में दो लाख से ज्यादा भक्तों ने भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर मन्नतें पूरी की। भोर से ही भक्त अदवा नदी में स्नान कर कतारबद्ध होकर मंगल आरती के बाद लोगों का दर्शन पूजन प्रारंभ किया गया। भक्तों ने हाथ में नारियल, चुनरी, फूल, माला, बेलपत्र, भांग, धतूरा, गंगाजल, दूध आदि लेकर कतारबद्ध होकर अपने समय का घंटों इंतजार के बाद भक्तों ने भोले नाथ का जलाभिषेक किया। पुलिस को भीड़ कंट्रोल करने में पसीना पसीना होना पड़ा। पुरुष तथा महिलाओं की अलग कतारें लगाई गई थी लेकिन भीड़ इतना बढ़ गई थी कि पुरूष महिलाओं की अलग अलग लाइन लगा कर दर्शन पूजन किया। वही मंदिर से अदवा नदी के किनारे तक 500 मीटर दूर से ही भक्तों को कतार में खड़ा होना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद भक्तों ने दर्शन पूजन किया। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर नदी के दक्षिणी छोर तथा उत्तरी छोर पर बड़े वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए बैरियर लगा दिए गए थे परंतु उसके पूर्व रोड पर आने जाने वालों को घंटो जाम का झाम भी झेलना पड़ा। दर्शन पूजन के बाद भक्तों ने लाई, मिठाई, बास के बर्तन गृह उपयोगी सामान खरीदा और बच्चों ने झूले का आनन्द ले कर घर वापसी किया। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा ने मेले का जाएजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि 5 उपनिरीक्षक, 21 हेड कांस्टेबल व कास्टेबल, 8 महिला कांस्टेबल थाना मड़िहान व राजगढ थाने की पुलिस के अलावा पुलिस लाइन से दो उप निरीक्षक तथा मुख्य आरक्षी तथा मेला प्रभारी विजय कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक मेले में चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि 18 सफाई कर्मचारियों को मेले की सफाई में तैनात किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

मड़िहान। तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में शिवभक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में दर्शन पूजन व जलाभिषेक के लिए सुबह से लम्बी कतार लगी रही। पूजा पाठ में किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए तहसील व पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया गया, एवं डयूटी पर तैनात मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मड़िहान तहसील क्षेत्र के रामपुर-रिक्सा, देवरी-कटईया, बघौड़ा, खोराडीह, चौबेपुर, देवरी कला, दीपनगर समेत दर्जनों मन्दिर पर दर्शन पूजन के लिए पहुँचे ग्रामीण सुबह से जयघोष करते रहे। मंदिरों पर शिवभक्तों की व्यवस्था आदि का जायजा लेने उपजिलामजिस्ट्रेट अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचन्द्र यादव द्वारा भ्रमण कर जायजा लिया गया। हिनौता ग्राम सभा स्थित गंगापुर मजरे में शिवमहापुराण व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि दर्शन पूजन में शिवभक्तों को असुविधा न हो इसलिए क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया गया। डयूटी में तैनात टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

शिव के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की लगी रही भीड़

लालगंज। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के मंदिरों एवं शिवालयों पर भगवान शिव के दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। बसहीमठ पर प्राचीन काल से परंपरागत तरीके से भगवान शिव के मंदिर मे दर्शन के बाद दर्शनार्थियों को फलाहार भी दिया गया। क्षेत्र में बसहीमठ पर भोलेनाथ शिव जी का मंदिर है जिस पर सुबह से ही क्षेत्र के तमाम दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वही महंत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र गिरी उर्फ महेंद्र गिरी ने आए हुए दर्शनार्थियों को फलाहार की व्यवस्था दिया गया। इसी क्रम में वन रेंजर ऑफिस में स्थित भगवान शिव के मंदिर में रामचरितमानस अखंड पाठ संपन्न हुआ और क्षेत्र के तमाम लोग प्रसाद ग्रहण किए। क्षेत्र में मंदिरों शिवालयों पर आस्था का प्रतीक महाशिवरात्रि पर्व काफी धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएस नवनीत सेहरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर भ्रमण करते रहे। उनके निर्देश के क्रम मे थाना प्रभारी ज्ञानूप्रिया अपने दल बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील करते हुए महाशिवरात्र पावन पर्व को शांति तरीके से संपन्न कराये जाने में लगे रहे। हालांकि क्षेत्र में शांति तरीके से महाशिवरात्रि का पावन पर्व संपन्न हुआ।

भगवान शिव व माता पार्वती की पालकी यात्रा का पूजन अर्चन कर किया रवाना

श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर से निकाली गयी भव्य पालकी यात्रा

नगर वासियों ने फूल बरसाकर किया स्वागत

मीरजापुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आज नगर में स्थित बूढ़ेनाथ जी के मन्दिर से भगवान शिव व माता पार्वती की भव्य पालकी यात्रा निकाली गयी। पालकी यात्रा में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल, नगर विधायक रत्नाकर मिश्र अष्ट कौशल महन्थ स्वामी डॉ योगानन्द गिरी के साथ पालकी यात्रा में शामिल हुए। श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर प्रांगण में प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल, के द्वारा भगवान शिव की पालकी यात्रा का विधिवत पूजन अर्चन एवं मत्रोच्चार के साथ आरती कर पालकी यात्रा को रवाना किया गया। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में स्थित भगवान बूढ़ेनाथ जी के दर्शन के लिये पूरे दिन लम्बी कतार लगी रही। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण में आयोजित भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका उषा गुप्ता एवं लोकगायक जटाशंकर एवं दल के द्वारा भगवान शिव पर आधारित अनेकों गीत सुनाकर लोगों को शिव मय करते हुये भक्ति रंग भाव विभारे किया गया। माता पार्वती की पालकी यात्रा में नगर वधुओं द्वारा पूजन अर्चन कर कंधा देकर आगे बढ़ाया गया। पालकी यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गयी वैसे-वैसे जन प्रतिनिधियों व जनपदवासियों की भीड़ जुटती गयी और भगवान शिव व माता पार्वती की आरती उतारकर मनोवांछित आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पालकी यात्रा को बैण्ड बाजा, डीजे, घोड़ा रथ आदि के साथ बूढ़ेनाथ मन्दिर से चलकर पक्का घाट, पर जाकर जलाभिषेक किया गया तत्पश्चात धुंधी कटरा, गुड़हट्टी, मुकेरी बाजार, लाल डिग्गी, इमामबाड़ा, बल्ली का अड्डा मुसफ्फरंग, टेड़ी नीम होते हुये श्री बूढ़ेनाथ मन्दिर पर पुर्नागमन कर समाप्त किया गया। पालकी यात्रा में मंत्रीगण, विधायक व जनपद वासियों के साथ काफी दूर तक पैदल चलकर शामिल हुए।

पालकी यात्रा में शामिल प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री व विधायक

बाबा बदेहरा नाथ का दर्शन करने पहुंची हाईकोर्ट की जज

तीन लाख भक्तों ने किया दर्शन पूजन

हर हर महादेव के नारों से गूंजायमान रहा क्षेत्र

जिगना। शनिवार को महाशिवरात्रि के शुभ पावन अवसर पर शनिवार को बाबा बदेवरा नाथ पर लगभग 3 लाख श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इस शुभ अवसर पर बाबा बदेवरा नाथ मंदिर दुल्हन की तरह चारों तरफ से सजाया गया था। भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए जिले के आसपास के कई जिलों से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय पत्नी ओम प्रकाश उपाध्याय ने मेला व्यवस्था में किसी को कोई असुविधा ना हो इसलिए उन्होंने अलग से वालंटियर लगा रखा था। पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से मौजूद रही। ग्राम पंचायत व प्रशासन संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र में चौकस रही। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ शेखू उपाध्याय ने पुलिस प्रशासन के साथ मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर घूम कर अपनी नजर बनाए रखें। महाशिवरात्रि शुभ अवसर पर नेगुरा बान सिंह की बहू हाईकोर्ट की जज मंजू सिंह पत्नी कल्पराज सिंह वर्तमान में लोक सेवा आयोग प्रयागराज के सदस्य भी हैं ने भी बाबा बदेवरा नाथ पर आकर मत्था टेक कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि का मेला संपन्न होने पर ग्राम प्रधान बदेवरा चौबे महेश्वरी उपाध्याय आए हुए भक्तों का आभार प्रकट किया। इस दौरान अर्जुन प्रसाद चतुर्वेदी, बद्री प्रसाद चतुर्वेदी, गिरजा मणि चतुर्वेदी, हाई कोर्ट अधिवक्ता राकेश कुमार चतुर्वेदी, समाजसेवी कर्मेश तिवारी पुत्र उद्योगपति वीरेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

शिवालयों पर लगा शिवभक्तों का जमावड़ा

भक्तों ने जलाभिषेक कर हर्षोल्लास के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

राजगढ़। शिव शंकर भगवान भोलेनाथ एवं शक्ति स्वरूपा जगत जननी मां पार्वती के उपासक एवं भक्तगणों ने शिवरात्रि पर्व को बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान आसपास के शिव मंदिरों पर भक्तों का जलाभिषेक करने के लिए तांता लगा रहा और विधि विधान से पूजा ध्यान किया गया। शिव शंकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए उन्हें सबसे प्रिय बेल पत्र, भांग, धतूरा, फल, फूल इत्यादि अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना भक्तों ने किया। स्थानीय क्षेत्र के भीटी गांव में अमृत सरोवर पर बने शिव मंदिर में सैकड़ों लोगों ने जलाभिषेक किया और भजन भाव के साथ भगवान शिव की आराधना की। स्थानीय गांव निवासी पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले शिव भक्त नीरज केशरी एवं उनके परिजनों द्वारा मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया गया है और मन्दिर परिसर का साफ-सफाई एवं नियमित पूजा पाठ किया जाता है जहां शिव रात्रि के पावन अवसर पर नीरज केशरी की ओर से अखंड हरि कीर्तन एवं भन्डारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, विहिप नेता विवेक पाण्डेय, भाजपा आईटी सेल के पदाधिकारी अवधेश कुमार, राजेश केशरी, गणेश केशरी, सहित सैकड़ों लोगों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

रामचरित मानस के हर पात्र अनुकरणीय : साध्वी ऋचा

कार्यक्रम

भरत के चरित्र पर प्रकाश डाला

जनसंदेश न्यूज

हलिया। क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन शनिवार को कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रोताओं को भरत के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रामचरित मानस के हर पात्र अनुकरणीय है।

साध्वी ने कहा छः चीज विधि के विधान पर ही होती है हानि, लाभ, जीवन, मरण, यस, अपयस यह बिना भगवान के प्रेरणा के नहीं होती। यह चीजें पूर्व निर्धारित है। भरत जी के चरित्र के अनुकरण से कभी भी भाइयों में विवाद नहीं होगा। लंका से विजय प्राप्त करने के बाद राम वन से वापस अयोध्या के लिए पुष्पक विमान पर बैठ गए कि बंदर, भालू भी अयोध्या आने के लिये आतुर हो गये। राम ने सब को मनुष्य का शरीर दे दिया। इस खुशी में सब खुशियाँ मनाने लगे लेकिन राम चिंतित थे।

लक्ष्मण ने पूछा तो राम ने कहा कि अयोध्या पहुँचने में यदि एक क्षण भी विलंब हुआ तो भरत प्राण त्याग देगा। साध्वी ने कहा मानस में हनुमान जी महत्वपूर्ण पात्र है। रावण सबसे ज्यादा हनुमान जी से डरता था जिनको राम ने वन से वापस आने की सूचना देने के लिये भरत के पास भेजा। जहाँ पहुँच कर उन्होंने संदेश सुनाया तो अयोध्या में हर्ष फैल गया।

इसके बाद विमान पर राम, सीता, लक्ष्मण पहुंचे तो राम ने गुरु बशिष्ठ का दौड़ कर चरण पकड़ा और भरत को गले लगाते हुए भाव विभोर हो गये। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक भानु तिवारी, अशोक पुरी महाराज जी निरंजनी अखाड़ा, राम चरन दास महाराज, पिंकेश सिंह, लालजी तिवारी, अजय सिंह, शारदा, अरुण मिश्रा, विजेंद्र पांडे, पवन तिवारी आदि सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने राम कथा का श्रवण किया।

कथा सुनने की उमड़ी भक्तों की भीड़

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार चौकी के जयकर खुर्द निवासी 38 वर्षीय युवक की शुक्रवार की रात ट्रक की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सूचना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचते ही वातावरण गमगीन हो गया।

लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत जयकर खुर्द निवासी स्वर्गीय लौधर का 38 वर्षीय पुत्र नरेश शुक्रवार की रात ट्रैक्टर लेकर किसी काम से वाराणसी जा रहा था कि पड़री थाना क्षेत्र के पथरहा गुरुखुली गांव के पास देर रात पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से आगे जा रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दूसरे साइट पर चली गई। वहीं पर चालक नरेश सड़क पर ही गिर गया। ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौत मौके पर हो गई। परिजनों को सूचना मिलने पर रात को ही परिजन मौके पर पहुंचे। शनिवार को सुबह घटना की जानकारी होते ही मृतक के घर गांव वालों की भीड़ लग गई। वहीं पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जानकारी देते हुए गणेश यादव ने बताया कि मृतक के छोटे-छोटे बच्चे हैं पिता की पहले ही मौत हो गई है। मृतक के दो पुत्र व चार पुत्रियां है जिसमें क्रमश रविशंकर, रचित, साधना, आराधिका, सोनम है।

गंगा में डूबने से अधेड़ की मौत

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के मेडिया घाट पर शनिवार की सुबह गंगा स्नान करते वक्त छांगुर 60 की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुँची अदलपुरा चौकी पुलिस ने परिजनों की मदद से घटना के दो घंटे बाद शव को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के लिए शव को चुनार भेजा गया। चुनार थाना क्षेत्र के तम्मनपट्टी निवासी छांगुर शनिवार को सुबह करीब 9 बजे गंगा स्नान के लिए मेड़िया घाट पर गया था। स्नान करते वक्त गहरे पानी में चला गया। जब तक आसपास स्नान कर रहे लोगों का ध्यान जाता छांगुर डूब चुका था। मृतक ट्राली चलाकर जीवन यापन करता था।

शिव बारात में महादेव की झांकी में शामिल हुए ऊंट, गदहा, घोड़ा

आकर्षण

डीजे के साथ झूमते नजर आये सैकड़ों भक्त

अदलहाट। महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के शिव मंदिरों में दिनभर दर्शनार्थियों का ता -ता लगा रहा। रैपुरिया स्थित गंगा घाट पर गंगा स्नान के बाद भक्तों ने अपने शिवालयों मे जलभिषेक किया। कोलउन्द गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में परम्परा नुसार मेले का आयोजन किया गया। बच्चों ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। दिन भर रामायण का गायन होता रहा। नरायनपुर स्थित बैकुण्ठेश्वर महादेव मंदिर में महिला पुरुष भक्तों ने विधि विधान के साथ जलाभिषेक व पूजन किया।

शाम को शिव बारात निकाली गयी। शिव बारात में महादेव की झाकी के साथ ऊट, गदहा,घोड़ा, डीजे के साथ सैकड़ों भक्त झूमते नाचते हुए चल रहे थे। बारात में चल रहे भक्तों के लिए जगह-जगह जलपान व ठंडई आदि की व्यवस्था बाजारवासियों की ओर से किया गया था।

शिव मंदिर पर महिलाएं भजन कीर्तन के साथ मंगल गीत गायी। इस दौरान प्रभाल सिह, आनंद गुप्ता, गौरीशंकर सिह, प्रवीण पटेल, कमलेश यादव, संजय जायसवाल, राजेश चौधरी, दीपक प्रजापति, राजू यादव, मनीष अग्रहरी, दिनेश चौरसिया, संतोष चौरसिया, रामविलास गुप्ता, कवि शंकर गुप्ता, कन्हैयालाल लाल यादव आदि तमाम लोग साथ चल रहे थे।

प्राचीन शिव मंदिर पर धूमधाम से मनायी गयी महा शिवरात्रि

संपन्न हुआ शिव पार्वती का विवाह

अदलहाट। क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर गरौड़ी शिवालय पर चार बजे भोर से दोपहर एक दो बजे तक दर्शनार्थियों का दर्शन के लिए लम्बी कतार लगी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिर शिवालयों पर महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने वालों की लंबी कतार लगी रही। वही रात्रि में विधि विधान से भगवान शिव माता पार्वती की पूजा अर्चना कर बहुत ही धूम धाम गाजे बाजे के साथ विवाह संपन्न कराया गया। वही भुईली खास में स्थित शिव मंदिर पर काफी मेला लगा रहा। वही मंदिर में दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। बताया जाता है कि भगवान शिव और माता पार्वती की शादी शिवरात्रि के दिन हुआ था। इस लिए सभी भक्त महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव माता पार्वती का शादी मनाते हैं। प्राचीन शिव मंदिर पर मंदिर के भक्तों ने महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे मंदिर को झालर बत्तियों से सजाया गया था। जिसमे छोटे लाल, संकठा प्रसाद, बचाऊ लाल, पिंटू जायसवाल, धंनजय तिवारी बालक दास, संतोष गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, सहित तमाम शिव भक्त मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक

बूढ़ेनाथ मंदिर प्रागंण में पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने की घोष रचना

मीरजापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मीरजापुर के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर अखिल भारतीय घोष दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नगर स्थित अति प्राचीन बूढ़ेनाथ मंदिर के प्रागंण में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में घोष की विभिन्न रचनाओं का अद्भुत वादन किया गया। जिसकी प्रस्तुति देख लोगों ने जमकर वाहवाही की। कार्यक्रम में विभाग संघचालक एडवोकेट तिलकधारी, मिलन, निलेश, शरद आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

एप्पल बैर की खेती करके लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं किसान

जिला उद्यान अधिकारी के द्वारा प्रोत्साहित करने के बाद किसानों ने शुरु की खेती

नितीश पाठक

मीरजापुर। जिले में किसान अब परंपरागत खेती से हटकर कुछ अलग खेती कर रहे है। जिसके फलस्वरूप न सिर्फ उन्हें भारी मुनाफा हो रहा है बल्कि कृषि विभाग भी अनुदान दे रही है। सीखड़ विकास खंड के खानपुर गांव में किसान योगेंद्र कुमार सिंह परंपरागत खेती से हटकर कश्मीरी एप्पल बैर की खेती कर रहे है। इस खेती में कम लागत और कई गुना अधिक मुनाफा है।

सरकार इसको लेकर किसानों को अनुदान भी दे रही है। जिले में पहले से ही ड्रैगन फ्रूट व स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है, जहां अब किसानों ने एप्पल बैर की खेती करना शुरू किया है। सीखड़ विकास खंड के खानपुर के रहने वाले किसान योगेंद्र कुमार सिंह लगभग एक एकड़ में एप्पल बैर की खेती कर रहे है। किसान योगेन्द्र को जिला उद्यान अधिकारी ने परम्परागत खेती से हटकर अलग खेती करने को लेकर सलाह दिया था, जिसके बाद योगेंद्र ने कश्मीरी एप्पल बैर की खेती करना शुरू किया। किसान योगेंद्र ने बताया कि कश्मीरी एप्पल बैर की खेती में बहुत ही कम लागत है। एक एकड़ में लगभग 25 हजार रुपये का खर्च आता है। किसान योगेंद्र सिंह तीन वर्ष से एप्पल बैर की खेती कर रहे है, जहां एक एकड़ में लगभग तीन लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। किसान ने कहा फरवरी व जुलाई माह में इसका रोपण होता है, जहां एक वर्ष बाद इसका पैदावार शुरू हो जाता है।


एप्पल बैर

आसानी से होती है एप्पल बैर की बिक्री, मिलता है बेहतर दाम

किसान योगेंद्र ने बताया कि कश्मीरी एप्पल बैर की खेती किसी भी मिट्टी पर हो सकती है। किसान आसानी से इसको कर सकते है। इसके लिए ज्यादा पोषक तत्व की भी आवश्यक नही होती है। कश्मीरी एप्पल बैर को वाराणसी मंडी में लेकर जाते है, जहां से 50 रुपये किलो के भाव से थोक में बिक्री होती है। सरकार हर महीने तीन हजार रुपये भी देखभाल के लिए देती है। किसान इस खेती को नीलगाय से सुरक्षित रखेंगे तभी इस खेती को कर सकते है।

दो तरह की होती है एप्पल बैर

जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि जिले के मड़िहान व सीखड़ क्षेत्र में किसान एप्पल बैर की खेती कर रहे है। इन किसानों को विंध्य बुंदेलखंड योजना के तहत तीन हजार रुपये तीन साल तक हर माह दिया जाता है। लगभग एक लाख 5 हजार रुपये किसान को दिया जाता है। एप्पल बैर की खेती से किसानों को काफी मुनाफा मिल रहा है। एप्पल बैर दो तरह के होते है एक कश्मीरी बैर होता है जो थोड़ा लाल रंग का होता है, जो काफी मीठा होता है। एक थाई बैर होता है जो हरा रंग का होता है। किसान इसकी खेती कर सकते है।

शहर की सड़कें दे रही हैं दुर्घटना को दावत

मीरजापुर। शहर क्षेत्र में हो रहे कार्यों में बड़ी लापरवाही के साथ स्थानीय लोगों को खामियांजा भुतना पड़ रहा है। पतली गलियों में खुदे गढ़े में आम जनमानस गिर कर आए दिन घायल हो जा रहे हैं। सरकार के द्वारा संचालित सीवर और पाइप लाइन के कार्यों में तेजी से प्रगति तो की जा रही है, किंतु स्थानीय ठिकेदारों द्वारा कार्यों में लापरवाही किया जा रहा है। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय ठिकेदारों द्वारा रास्तों का बदलाव किए जाने का बोर्ड नही लगता तो डेंजर जोन का निशान नहीं लगाया जाता है। जिससे लोगो को सड़क पर हुए गढ्ढे के बारे में पता नही चलता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ठिकेदारो की मनमानी से आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है और सड़को के किनारे धूल से दुकानों को काफी नुकसान हो रहा है।

शाम होते ही छलकता है जाम

मीरजापुर। अगर आप जनपद के निवासी हैं और शरीफ आदमी है तो देर रात आपको जनपद के कुछ स्थानों पर जाना मुश्किल हो सकता है। जिसमे कटरा कोतवाली क्षेत्र के लालडिग्गी और शुक्लहा पर बड़ी संख्या में शराबी तांडव मचाते नजर आ जायेगे। सरकार के निर्धारित समय के बाद शराब बिकना आम बात है। यह शराब की दुकान बंद होने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा महंगे दामों पर शराब की बिक्री की जाती है। जबकि जिले के पुलिस अधीक्षक ने आते ही शराब पीकर रोड पर घूमने वालो को कड़े हिदायद दी थी। फिर भी उनकी पुलिस ही देर रात गस्त करते हुए। ऐसे लोगों पर कार्यवाही नही कर पा रही है तो मामले में लोगों को संदेह लग रहा है। खुलेआम पुलिस के सामने शराब बिक्री कर रहे है।

महाशिवरात्रि : शिवमय हुई गुप्त काशी, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

दर्शन-पूजन

हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हुआ वातावरण, दर्जनों स्थानों पर लगे मेले

निकली शिव बारात, भूत पिशाच बने बाराती

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र/घोरावल। जिले में शनिवार को महाशिवरात्रि का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान जनपद के शिवालयों और देवालयों में भक्तों और व्रतियों ने मत्था टेक महादेव भोलेनाथ के शिवलिंग पर दूध व गंगाजल से अभिषेक कर अपने मंगल जीवन की कामना किया। इसके अलावा लोगों ने अपने घरों में भी रुद्राभिषेक, महा मृत्युंजय का पाठ कराया। वहीं कई स्थानों पर लगे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की, तो मेले में गुड़हिया जलेबी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा जगह-जगह शिव बारात भी निकाली गई। जिसमें दानव, देव, भूत, पिशाच बाराती रहे।

बता दें कि जिला मुख्यालय स्थित वीरेश्वर महादेव मंदिर, बरैला मंदिर, पंचमुखी महादेव मंदिर, गौरीशंकर, कंडाकोट, नवलखा मंदिर, घोरावल के शिवद्वार समेत जिले के तमाम शिवालयों में सुबह से ही भक्तों के पूजन का क्रम शुरू हो गया जो देर शाम तक चला। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का अभिषेक कर भांग, धतूरा, फल, मिष्ठान चढ़ाया तथा धूप, दीप व नैवेद्य जलाकर दर्शन पूजन कर अपने मंगल जीवन की कामना किया। वहीं मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगातार चक्रमण करता रहा। मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन शिव-पार्वती की बारात भी निकाली जाती है। महाशिवरात्रि व्रत त्रयोदशी तिथि से ही शुरू हो जाता है। इस दिन कई लोग पूरे दिन का व्रत रखते हैं। हिंदू शास्त्रों के अनुसार,चतुर्दशी पर रात्रि के दौरान चार बार महा शिवरात्रि की पूजा की जाती है। इन चार समयों को चार पहर के रूप में भी जाना जाता है। मान्यतानुसार चारों पहरों में से पूजा करने पर व्यक्ति को अपने पिछले पापों से मुक्ति मिल जाती है, साथ ही उन्हें मोक्ष का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। घोरावल संवाददाता के अनुसार- शिवद्वार में परंपरागत मेला का शुभारंभ हुआ। मंदिर के पुजारियों व कलाकारों द्वारा उमामहेश्वर के अद्वितीय विग्रह का दिव्य श्रृंगार किया गया। शनिवार को तड़के मुख्य पुजारी द्वारा मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोल दिए गए। भोर से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।

सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। साफ सफाई के लिए दर्जन भर सफाईकर्मी मौजूद रहे। मेले में पूजा सामग्री, श्रृंगार का सामान, मिठाई, खिलौने की सैकड़ों दुकानें लगी रही, जहां दर्शनार्थियों ने बच्चों के साथ जमकर खरीदारी की। मेले में गुड़हिया जलेबी का लोगों ने जमकर लुफ्त उठाया। उधर भारी भीड़ की संभावना के मद्देनजर कोहरथा मार्ग पर पोखरे के पास, घोरावल शिवद्वार मार्ग पर इलाहाबाद बैंक के पास, आमडीह मार्ग व हिरनखुड़ी मार्ग पर बैरिकेडिंग करके गाड़ियों के आवागमन को रोक दिया गया था। वहां से तीर्थयात्रियों को पैदल चलकर मंदिर तक जाना पड़ा। सुरक्षा के लिहाज से मेटल डिटेक्टर व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में दर्शन पूजन हुआ। बड़ी संख्या में वाहनों के आने जाने से सोढ़रीगढ़ किला से खड़देऊर मोड़ तक यात्रियों को जाम का सामना करना पड़ा।

शिवद्वार मंदिर में सजी उमामहेश्वर की झांकी

अग्नि को साक्षी मान शिव पार्वती ने लिए फेरे

दुद्धी। मल्देवा स्थित कैलाश कुंज द्वार पहुंची भगवान शिव की बारात का स्वागत व अभिनंदन कन्या पक्ष से डा. लवकुश, तारा देवी, डा. हर्ष, डा. जयवर्धन, डा प्रीति, सुनैना, मीना देवी, ललिता देवी, उमा प्रजापति, प्रधान सीता जायसवाल, निरंजन जायसवाल, कुलभूषण पांडे के साथ मल्देवावासियों ने पुष्प वर्षा करते हुए किया। स्वागतोपरान्त शादी की रश्म अदा की गई। भगवान शिव को मां पार्वती के द्वारा जयमाल पहनाते ही हर-हर महादेव के उद्घोष से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। पुष्प वर्षा होने के साथ मनोरम दृश्य देखते ही बन रही थी। मानो जैसे लोग देवलोक में भगवान शिव व पार्वती का विवाह देख रहे हो। इसके बाद विधि विधान से मंत्रोउच्चार से विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें भगवान शंकर व मां पार्वती ने अग्नि को साक्षी मानकर फेरे भी लिए। विवाह का कार्यक्रम महंत महेंद्र मिश्रा ने वैदिक रीति रिवाज सम्पन्न कराया। इसके बाद भंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें बारातियों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उधर बीड़र गांव स्थित हिरेश्वर मंदिर में भी विधि विधान से महंत ईश्वर प्रसाद मिश्रा ने शिव विवाह सम्पन्न कराया। इस दौरान बारातियों के लिए जगह जगह खीर, शुद्ध पेयजल व ठंडई की व्यवस्था की गई। मंदिर के बाहर सड़क के दोनों किनारे मेले का आयोजन भी किया गया था। शिवरात्रि के मेले और निकली शिवबारात में सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम रहे। जगह-जगह पुलिस प्रशासन के जवान तैनात रहे। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय, क्राइम इंस्पेक्टर शेषनाथ पाल, कस्बा इंचार्ज संजय सिंह, एसआई एनामुल हक के साथ दो प्लाटून पीएसी के जवान जुलूस की अगवानी में साथ साथ चले।

ओबरा में हर-हर-बम-बम करती निकली अड़भंगी की बारात, जमकर झूमे भक्त

शिव बारात में शामिल श्रद्धालु

ओबरा। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर नगर में शनिवार को महाकाल सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शिव बारात निकाली गयी। शिव बारात में मनमोहक झांकियां, कलाकारों की मंत्रमुग्ध करतीं प्रस्तुतियां और शोभायात्रा के पीछे शिव भक्तों की आस्था का सैलाब दिखायी दे रहा था। नजारा ऐसा कि जो भी देखे भोले का दीवाना हो जाए। शिवमय माहौल में भगवान भोले भंडारी की महिमा का गुणगान करते श्रद्धालुओं का नजारा देखते ही बन रहा था। वही श्रद्धालु साफा बांधकर हाथों में झंडा लिए व माथे पर तिलक लगाए चल रहे थे। शोभा यात्रा थाना चौराहे से निकलकर हनुमान मंदिर होते हुए मेन बाजार, कॉन्वेंट तिराहा, आर्य समाज, चड्ढा मार्केट, पीजी कॉलेज चौराहा, गैस गोदाम रोड आदि स्थानों से होकर राम मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान शिव के रंग में रंगे कलाकारों की प्रस्तुतियां लोगों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। भगवान शिव के जयकारों की गूंज से पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं भगवान शिव के सुंदर भजनों पर भक्त झूमते रहे। बारात में शिव पार्वती सहित राधे कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। सबसे आगे भगवान शिव का तांडव नृत्य, ढोल, शिव आराधना की मनमोहक झांकी शामिल रही। शोभायात्रा में नाचते गाते हुए शिव भक्तों का भव्य नृत्य समूचे नगर को थिरकने पर विवश कर दिया। बारात के रास्ते पर जगह जगह शिव भक्तों के लिए जलपान व अल्पाहार की व्यवस्था नगर के गणमान्यों द्वारा करायी गयी थी। वहीं जामा मस्जिद पर इंतजामया कमेटी द्वारा भी शिव भक्तों को जलपान कराया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद रहे। शिव बारात में समिति अध्यक्ष रामनरेश अग्रहरि, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रानमति देवी, इं संजय वैसवार, जगमंदर अग्रवाल, प्रदीप अग्रहरि, राजकुमार अग्रवाल, राज सुशील पासवान, राहुल श्रीवास्तव, नीरज भाटिया, सुशील कुशवाहा, धुरंधर शर्मा, संजीत चौबे, विकास सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बीजपुर के देवालयों में दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

बीजपुर स्थित शिवालय में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु

बीजपुर। महाशिवरात्रि का त्यौहार क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। बाजार स्थित बेड़िया हनुमान मंदिर, दुदहिया मंदिर, एनटीपीसी आवासीय परिसर के शिव मंदिर, सिरसोती शिव मंदिर, जरहां के अजीरेश्वर धाम, बकरिहवा सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्त भांग, धतुर, फल, फूल, दूध, बेलपत्र, धूप दीप आदि पूजन सामग्री लेकर मंदिर परिसरों में अपनी बारी का घण्टो इंतजार करते रहे। क्षेत्र हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। अजीरेश्वर महादेव धाम में तीन दिवसीय ऐतिहासिक विशाल प्राचीन मेले का आयोजन मंदिर निर्माण समिति द्वारा किया गया। मेले में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत आस पास के क्षेत्रों के लोगों ने शिरकत की। ग्रामीणों ने मेले का जमकर लुफ्त उठाया। मेले में गुड़ की जलेबी आकर्षण का केंद्र रही, जिसका ग्रामीणों ने जमकर स्वाद चखा। मंदिर समिति द्वारा खोया पाया केंद्र भी स्थापित किया गया था। जगह जगह शुद्ध जल की व्यवस्था भी थी। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह बघेल, गणेश शर्मा, श्यामसुंदर जायसवाल, राजकुमार सिंह, विनोद भारती, ब्रम्हजीत सिंह, मुन्ना लाल, श्रीराम बियार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सीओ दुद्धी आशीष मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह पीएसी बल के साथ लगातार चक्रमण करते रहे।

दुद्धी में शिवाला, डीहवार मंदिर से निकली शिव बारात

दुद्धी में निकली शिव बारात में दूल्हा बने भोलेनाथ

दुद्धी। क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व शविर को धूमधाम से मनाया गया। कस्बे के शिवाला मंदिर, कनहर नदी तट स्थित कनहेश्वर मंदिर, मल्देवा स्थित कैलाश कुंज द्वार आदि मंदिरों में तड़के सुबह से ही घण्टे घड़ियाल गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने शिव लिंग पर बेलपत्र धतूरा, पुष्प चढ़ाकर दुग्धाभिषेक व जलाभिषेक कर विधि विधान से दर्शन पूजन किया। दोपहर बाद प्राचीन शिवाला मन्दिर से भगवान अड़भंगी भोले नाथ की बारात बैलगाड़ी पर निकाली गयी, जो कैलाश कुंज द्वार के लिए निकली। वहीं कस्बे के वार्ड नं 2 डीहवार बाबा मंदिर प्रांगण से रथ पर सवार शिव की बारात हिरेश्वर मंदिर के लिए निकली, जिसमें भूत, पिशाच, चुड़ैल, बानर, औघड़, राक्षस के रूप में शरीर में भभूत लपेटे शिवभक्त बाराती बने, जो आकर्षण के केंद्र रहे। बैल गाड़ी पर सवार भगवान भोले शंकर दूल्हे के रूप में निकले। वही ब्रह्मा, विष्णु रथ पर सवार होकर पीछे-पीछे बाराती बन कर निकले। शिव की भव्य बारात देखते ही बन रही थी। बारात को नगर के लोग घरों से निकल भक्ति भाव से निहारते रहे। बारात के दौरान सम्पूर्ण नगर हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मल्देवा कैलाश कुंज द्वार पहुंचा, जहां देवों में देव महादेव का विधि विधान से मां पार्वती के साथ विवाह सम्पन्न हुआ, वहीं हिरेश्वर मंदिर पर भी शिव विवाह सम्पन्न हुआ। वर पक्ष से भोला आढ़ती, रामेश्वर राय, राजू बाबु, ईश्वर प्रसाद, धीरू, शम्भू हलुवाई, नाजू अग्रहरि, दीपक शाह, प्रेमचंद आढ़ती, विनय, पंकज अग्रहरी के साथ तमाम शिवभक्त मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन

कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवक

सोनभद्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से अखिल भारतीय घोष दिवस शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों ने घोष दल का संचलन निकाला। जिला घोष प्रमुख तारकेश्वर सिंह के नेतृत्व में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने शिवाजी शाखा पर उपस्थित होकर संघ प्रार्थना किया। इसके बाद नगर का घोष पथ संचलन हाइडिल मैदान से पूर्ण गणवेश में प्रारंभ होकर दंडईत बाबा शिव मंदिर पर घोष वादन के साथ समाप्त हुआ। महामृत्युंजय शिव मंदिर पर पहुंचकर स्वयंसेवकों ने बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। लगभग एक घंटे तक घोष का वादन लगातार चलता रहा। कार्यक्रम में जिला संघचालक हर्ष अग्रवाल, दीपक, पंकज पांडेय, सुरेश केशरी, महेश शुक्ला, कीर्तन सिंह, नीरज सिंह, रामलगन, अखिलेश, राजेंद्र, भीम सिंह, जेबी सिंह, अनिल आदि मौजूद रहे।

रेणुकूट में धूमधाम से निकली शिव बारात

शिव बारात में सजी झांकी

रेणुकूट। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पूर्वांचल श्रीराम सेना एवं शिव भक्त मंडल द्वारा शिव बारात का आयोजन किया गया। मुर्धवा मोड़ से निकली बारात में रंग बिरंगे परिधानों से सुसज्जित बाराती ढोल नगाड़े व अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर नाचते रहे। नर-मानव, भूत-पिशाच,राक्षस के प्रतीकात्मक रूपों को धारण किए लोग ऐसे प्रतीत हो रहे थे, मानो मां गौरी और भगवान शंकर के अलौकिक विवाह में आकाश पाताल सहित सभी लोकों से आए बाराती शामिल होकर अपने को गौरवान्वित और धन्य समझ रहे हों। शिव बारात के अलावा अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न प्रकार के फूल मालाओं से सजे रथ रूपी वाहन पर भगवान शंकर का प्रतीकात्मक स्वरूप नगरवासियों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। नगरवासी शिव पार्वती के एक दर्शन मात्र से पुण्य के प्रतिभागी बन गये। विवाह में महाकाल, विशाल शिवलिंग की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। जूलुस में बाहर से आए दर्जनों कलाकारों द्वारा शिव तांडव, भस्म आरती का सजीव कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुर्धवा मोड़ से शुरू होकर पिपरी चौराहे तक जाने वाले शिव बारात में भारी संख्या में शामिल बारातियों का जोश देखते ही बन रहा था। महिलाएं, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग,नवयुवक सभी डीजे की धुन पर जहां खूब नाचते थिरकते रहे, वहीं पूरा नगर हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो उठा। तीन दिन पूर्व ही पूरे नगर को भगवाध्वज से पाट दिया गया था। कार्यक्रम में नगरवासियों द्वारा एक दर्जन से अधिक जगहों पर जलपान का व्यवस्था किया गया था। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पिपरी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय और चौकी प्रभारी शिव कुमार सिंह मयफोर्स खाड़पाथर से पिपरी तक मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों को हटवाने में लगे रहे।

आध्यात्मिक कार्यक्रमों से दिया गया शिव भक्ति का संदेश

सोनभद्र। महाशिवरात्रि का पर्व जीवन के तमस में आध्यात्मिक चेतना के प्रस्फुटित होने का महापर्व है। देवालयों में स्थापित पार्थिव शिवलिंग ज्योतिबिंदुस्वरूप परमात्मा शिव के निराकार स्वरूप की यादगार हैं। रात्रि अर्थात घोर अधर्म और अज्ञानता के समय में परमात्मा शिव साकार मनुष्य के तन में अवतरित होकर ईश्वरीय सत्य ज्ञान देकर और राजयोग सिखा कर मानव मन में व्यापक पांच विकारों को सदाकाल के लिए दूर करते हैं। वर्तमान समय में इस सृष्टि पर परम कल्याणकारी संगमयुग चल रहा है, जब स्वयं परमात्मा शिव साधारण मनुष्य के तन में अवतरित होकर इस सृष्टि के महापरिवर्तन का दिव्यकर्म कर रहे हैं। विकास नगर स्थित ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र पर ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रवचन करते हुए बीके सुमन दीदी ने यह बातें कहीं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हम सभी को स्थूल सामग्री के साथ साथ जीवन में दुख और अशांति उत्पन्न करने वाले विचारों और संस्कारों को मन से परमात्मा शिव के ऊपर समर्पित करना चाहिए तभी हमारे जीवन में सच्ची सुख और शांति संभव है। इस अवसर पर सेवाकेंद्र पर आध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिव संदेश दिया गया। शिव और शंकर में अंतर को एक नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। महिला चिकित्सक डॉ अनुपमा सिंह ने आध्यात्मिक गीत के माध्यम से शिव के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके प्रतिभा बहन, सीता बहन, सरोज बहन, कविता बहन, ललिता बहन, दीपशिखा बहन ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं संग राज्यमंत्री ने भी किया जलाभिषेक

जनसंदेश न्यूज

आस्था

सुबह से ही चलता रहा बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

डाला। महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार की सुबह नगर के शिवालयों पर पुरुष महिलाओं की भीड़ भोलेनाथ का दर्शन पूजन करने के जुटी रही।

बाडी गांव शिव मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गोड़ व चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी मंदिर पहुच कर जलाभिषेक किया और राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। बाडी गांव में पारम्परिक मेले मे हजारों लोग जूट गए और गुडही जलेबी का रस्वादन किया।वही दुवरा घाटी शिव पार्वती अमर गुफा पर भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए हजारों लोगों क्रमबद्ध से अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। अचलेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार की सुबह चार बजे से ही भोलेनाथ का रुद्राभिषेक चलता रहा।

कोटा ग्राम पंचायत के अम्माटोला, सलईबनवा, बाड़ी गाँव समेत विभिन्न स्थानो पर मेला लगा रहा। सुरक्षा व्यवस्था में चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत व डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता मय फोर्स दलबल के साथ लगे रहे।

बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने से कायम होगा अमनचैनः सुषमा मौर्य

बौद्ध महोत्सव

चिरहुली गांव में बौद्ध महोत्सव का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

बौद्ध महोत्सव को संबोधित करती जअपा राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य

सोनभद्र। चोपन क्षेत्र के चिरहुली गांव में शनिवार को बौद्ध महोत्सव का आयोजन हुआ। इसकी शुरूआत सारनाथ वाराणसी से आए पूज्य भन्ते बुद्ध ज्योति ने बुद्ध पूजा त्रिशरण, पंचशील कराकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव सुषमा मौर्य रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज पूरा देश ही नही बल्कि पूरा विश्व आतंकवाद , आपसी कलह, आर्थिक तंगी, अंधविश्वास से जूझ रहा है, इससे बाहर निकलने का मात्र एक ही रास्ता है वो है तथागत बुद्ध का मार्ग। तथागत बुद्ध ने कहा है कि यदि दुःख है तो उसका कारण है, कारण है तो निवारण है और निवारण का मार्ग है परंतु उस मार्ग पर हम सभी को चलना होगा। तथागत बुद्ध के विचारों को यदि हर ब्यक्ति आत्मसात कर ले तो पूरे विश्व में अमनचैन, शांति एवं खुशहाली कायम हो जाएगी। जिसके लिए तथागत बुद्ध के द्वारा दिया गया त्रिशरण पंचशील एवं अष्टांगिक मार्ग को ग्रहण करना होगा और उसको अमल में लाना होगा। विश्व में तथागत बुद्ध का ही एक ऐसा मार्ग है जो वैज्ञानिक है व तर्क करने की खुली छूट देता है। बुद्ध कहते हैं कि यदि कोई भी बात जब तर्क की कसौटी पर खरी उतरे तभी मानें, किसी के कह देने से मानने की जरूरत नही है।

भारतीय लोकतंत्र में जातीय जनगणना का सवाल है, पहले हम लोगों को यह समझना होगा कि भारत का संविधान तथागत बुद्ध की विचारधारा एवं सम्राट अशोक के शासन पर आधारित संविधान है। बाबा साहब ने जो संविधान देशवासियों को दिया है वह सबको बराबरी का अधिकार एवं बराबरी का सम्मान देता है। संविधान कहता है कि इस देश में रहने वाले लोगों को संख्या के अनुपात में जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व होना चाहिए परन्तु आजादी के बाद से चाहे जिसकी सरकारे बनी किसी ने इस काम को नही किया। हमारे वोट से बनी सरकार में पहुंचे लोग भारतीय संविधान में संशोधन अपने फायदे के लिए किया है। उन्होंने मंच के माध्यम से भी मांग किया कि सरकार जातीय जनगणना कराए और जिस जाति की जितनी संख्या है, उस जाति को जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी सुनिश्चित कराया जाना चाहिए, जिससे समाज के अंतिम ब्यक्ति के होठों पर मुस्कान दिख सके। अंत में कार्यक्रम आयोजक मंगला प्रसाद मौर्य ने बुद्ध महोत्सव में आए हुए लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पार्टी के रीवां सम्भाग प्रभारी डा. भागीरथी सिंह मौर्य, वाराणसी मण्डल प्रभारी सुमन्त सिंह मौर्य, जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य, रविरंजन शाक्य, रानी सिंह, सन्तोष कुमार पटेल, परमेश्वर यादव, चुनमुन भारती, बाबूलाल पनिका, संकठा प्रसाद, इंद्र बहादुर, जय प्रकाश मौर्य, कालीचरन समेत तमाम लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह एवं संचालन रविन्द्र कुशवाहा, बीडी मौर्य व अनिल सिंह मौर्य ने किया।

रेलवे स्टेशन पर महिला ने जना बच्चा दोनों सुरक्षित

सोनभद्र। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की देर रात एक महिला ने बालक को जन्म दिया। बच्चा व जच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। बताया गया कि गर्भवती महिला 18310- डाउन मूरी एक्सप्रेस जनरल बोगी में पठानकोट से चोपन की यात्रा कर रही थी। सोनभद्र रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा से जूझने लगी। रात्रि ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के कांस्टेबल उमाकांत यादव और कृपाशंकर वर्मा ने तत्काल महिला को बोगी से नीचे उतार रेलवे स्टेशन पर मौजूद स्ट्रेचर पर उसको लेटाया। स्टेशन पर मौजूद महिला रेलवे कर्मी और स्टेशन मास्टर की मदद से चादर का घेरा बनाकर वहीं पर प्रसव कराया गया। प्लेटफार्म नंबर एक पर मौजूद तमाम यात्रियों और रेलवे कर्मियों ने महिला की मदद करने के लिए रेलवे कर्मियों की प्रशंसा की। रेलवे कर्मियों ने महिला को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जानकारी के मुताबिक, डाउन मुरी एक्सप्रेस से महिला पूनम पत्नी सागर निवासी सिंगरौली, मध्य प्रदेश पठानकोट से चोपन की यात्रा कर रही थी। इसी दौरान ट्रेन में ही उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। उसने एक बच्चे को जन्म दे दिया। तत्काल मदद करते हुए उसे प्लेटफार्म पर उतारा गया। प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

कांग्रेसियों ने चलाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

अभियान के तहत लोगों को पर्चा देते पीसीसी सदस्य आशुतोष दूबे

सोनभद्र। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत शनिवार को राबर्ट्सगंज नगर के काशीराम आवास के वार्ड नंबर 8 में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विचारों को व उनके भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव को लोगों के साथ साझा किया गया। कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के संदेश में कहा है कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान सभी के बीच सभी के विचारों और उनके परेशानियों को यात्रा में चलते हुए सुना। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, युवा बेरोजगार है, महंगाई आसमान छू रही है, किसान कर्ज के बोझ के तले दबा है, देश की सारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों के कब्जे में है। लोगों को उनकी नौकरी जाने का डर है, उनकी आय कम होती जा रही है और उनके बेहतर भविष्य का जो सपना है वह टूटता जा रहा है, देश के चारों ओर निराशा का माहौल है। उनके संदेश के साथ आशु दुबे ने कहा कि यह अभियान आम-जनमानस के हृदय में बसता जा रहा है। इसका संदेश है कि हर व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति से लगाव। जब हर व्यक्ति का हाथ एक-दूसरे से नहीं जुड़ेगा तब तक, हम हमारा समाज, देश आगे की ओर नहीं बढ़ेंगे। इसलिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आम-जनमानस से मिलकर राहुल गांधी के संदेश को उन तक पहुंचाना है। इस मौके पर शंकरलाल भारती, अशर्फी लाल सोनकर, सतीश, सूरज वर्मा, अरुण सोनी, श्रीपद भारती, तुलसी सोनी, बिस्मिल्लाह, सुरेश सोनकर, बुद्धू, मनदीप पटेल, गोविंद यादव, चुनमुन भारती, गणेश भारती, मोनू भारती, मुन्ना भारती, कमलेश कन्नौजिया, रामधनी पासवान उपस्थित रहे।

संक्षेप

डैम में उतराया मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, सनसनी

ओबरा। स्थानीय थाना अंतर्गत सेक्टर दस स्थित ओबरा डैम ब्रिज नंबर सात के समीप शुक्रवार की देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की देर शाम कुछ लोगो ने ओबरा डैम में एक अज्ञात व्यक्ति का उतराया शव देखा। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस नाव चालकों की मदद से शव को कड़ी मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकलवाया। थाना प्रभारी मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि मृतक की उम्र 65 वर्ष के करीब है। शव को देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी मौत पानी में डूबने से हुई है। बताया कि उक्त व्यक्ति सफेद रंग की धोती, सफेद रंग का कुर्ता व काले रंग की बनियान पहना हुआ है। शव जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवा शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

कार-बाइक में टक्कर, दो गंभीर

ओबरा। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत वीआईपी चौराहे पर शनिवार को कार-बाइक में टक्कर हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। टक्कर के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को परियोजना अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक युवक को गंभीर चोट आने पर अन्यत्र रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को सेक्टर नौ निवासी नमन राठौर और सेक्टर चार निवासी सौरभ कुमार शिव बारात में शामिल होने के लिए बाइक से जा रहे थे। जैसे ही वे दोनों वीआईपी चौराहे के पास पहुंचे कि बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से जा भिड़ी। जिससे दोनों घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोग तत्काल घायलों को इलाज के लिए परियोजना अस्पताल ले गए। जहां गंभीर रूप से घायल नमन राठौर को चिकित्सकों ने अन्यत्र रेफर कर दिया।

ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

बभनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के चौना भंडार मोड के समीप शनिवार को ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।क्षेत्र के चौना भंडार मोड गांव निवासी 35 वर्षीय राजू गोड पुत्र रामजतन शिवरात्रि मेला देखने के लिए अपने घर मचबन्धवाँ जा रहा था कि घर से कुछ दूर पर ही पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने कुचल दिया।युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।वही हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर मौके से फरार हो गया।घटना स्थल पर देखते देखते भीड़ इकट्ठा हो गयी। घटना की सूचना चौना ग्राम प्रधान दीनदयाल ने बभनी थाने में दिया।सुचना पाकर मौके पर पहुँची बभनी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया।चौना प्रधान दीनदयाल ने बताया कि राजू का विवाह 10 वर्ष पूर्व हुआ था, मृतक का एक भी बच्चा नही है।मृतक दो भाई थे, राजू सबसे बड़ा था।

महाशिवरात्रिः हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे शिवालय

चंदौली कोट स्थित शिव मदिर पर दर्शन-पूजन करती महिलाएं।

महर्षि वेद व्यास मंदिर में शिवलिंग का दर्शन करते हुए श्रद्धालु।

महर्षि वेद व्यास मंदिर प्रांगण में लगा मेला।

महाशिवरात्रिः दर्शन पूजन को शिव मंदिरों पर उमड़े भक्त

नौगढ़ में महाशिवरात्रि पर शिव बारात में शामिल भक्तगण।

नौगढ़। महाशिवरात्रि के पर्व पर तहसील क्षेत्र में प्रमुख शिवालय शिवशंकर मंदिर, चन्द्रकान्ता किला, भोले मंदिर, पुरानी तहसील, झारखंडी महादेव मंदिर, दीवानी चुआं शिव मंदिर शमसेरपुर, पंचदेव मंदिर देवखत, भोले शंकर मंदिर, कस्बा बाजार आदि शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया।

दीवानी चुआं परिसर में परंपरागत शिवरात्रि मेला के दौरान किसी बात को लेकर (बैरगाढ थाना चकरघट्टा) व (वैनी थाना रायपुर सोनभद्र) के रहनुमा दो पक्षों में हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। जिसकी जानकारी मिलते ही पीएसी बल के जवानों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर विवाद को शांत कराया।

शिव बारात के आयोजन में शिव पार्वती व भूत प्रेत के साथ राधा कृष्ण व गोपियों के झांकी डीजे की धुन पर युवाओं का जत्था नाचते झूमते हुए चन्द्रकान्ता किला से कस्बा बाजार होते हुए दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंचा, जहां पर शिव चर्चा व महिलाओं ने विवाह गीत की प्रस्तुति की।

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। महाशिवरात्रि पर्व शनिवार को जनपद में धूमधाम के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान शिवालयों से सुबह से ही बाबा का जलाभिषेक करने और दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करने के बाद बाबा को भांग, धतूरा, फल, मेवा अर्पित किया। दिन भर शिवालय हर हर महादेव के जयकारे से गूंजते रहे। विभिन्न शिवालयों से गाजे बाजे और लाग विमान के साथ शिव बारात निकाली गई और रात में भगवान शिव और शक्ति का विवाह कराया गया।

हर-हर महादेव के नारों से शिवालय झूठे लोगों ने जलाभिषेक कर परिवार की सुख शांति के लिए भगवान शिव व पार्वती से सुख समृद्धि की कामना की। नगर के महावीर मंदिर, कोट स्थित शिव मंदिर, श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर, प्राचीन काली माता मंदिर के शिव मंदिर सहित तमाम ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा लोगों ने जलाभिषेक प्रभु से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान लोगों ने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ भगवान शिव की अराधना की और मानव कल्याण के साथ ही परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान नगर सहित ग्रामीण इलाकों में स्थित शिवालयों में पूरे दिन घंट व घड़ियाल की गूंज सुनाई दी। जगह-जगह मंदिरों के बाहर मेले का आयोजन भी किया गया था, जहां लोगों ने लजीज पकवानों का लुत्फ उठाने के साथ ही जमकर खरीदारी की।

महाशिवरात्रिः जागेश्वर नाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब

जनसंदेश न्यूज

जागेश्वरनाथ धाम पर दर्शन-पूजन के लिए कतारबद्ध भक्तगण।

जागेश्वरनाथ धाम के पास महाशिवरात्रि पर लगा मेला।

चकिया। विंध्य पर्वत मालाओं से घिरे हेतिमपुर गांव में महर्षि याज्ञवल्क्य की तपोभूमि में विराजमान बाबा जागेश्वरनाथ धाम मैं महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जनपद सहित आसपास के जनपदों और बिहार प्रांत से आए हजारों श्रद्धालुओं ने स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए पूजा अर्चना की। कांवड़ में गंगाजल लिए कांवरिया हर हर महादेव का उद्घोष कर रहे थे। पूरा मंदिर परिसर महादेव की जय जयकार से गुंजायमान हो रहा था।

दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए पुलिस की चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी। जागेश्वर नाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा महिला और पुरुषों के लिए अलग से कतारे बैरिकेटिंग लगा कर बनाई गई थी। मंदिर तक जाने वाले तीनों बाहरी प्रवेश द्वारों पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित था। जागेश्वर नाथ सेवा समिति द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम से लगातार मेले की विशेषताओं का खूब बखान किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज के नेतृत्व में कोतवाल मुकेश कुमार लगातार मेले परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से चक्रमण करते रहे। इसके अलावा एडिशनल एसपी नक्सल सुखराम भारती और उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद यादव द्वारा भी मेले की सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया गया।

शहाबगंज। महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के बीच सम्पन्न हुआ। वहीं संध्या समय पर शिवबारात और झांकी निकाली गयी। शिवरात्रि पर ग्रामीण शनिवार की भोर से शिवालयों में गंगाजल, बेलपत्र व फूल लेकर हर हर महादेव की जयघोष के साथ जल चढ़ाया। चारों तरफ भक्ति मय माहौल व्याप्त था। वहीं क्षेत्र के भिटिया, कलानी, खरौझा, शिवपुर, लालपुर व लटांव गांव स्थित शिव मंदिरों पर मेले का भी आयोजन किया गया था। जहां चाट, पकौड़ी, गुड़हिया जलेबी का लुत्फ उठाया। मेला परिसर में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी मय पुलिस फोर्स के साथ दिनभर चक्रमण करते रहे।

माता-पिता व बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से करें दिन की शुरूआत

सैयदराजा। क्षेत्र स्थित ब्यूरी कुटी पर महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुधावाणी के माध्यम से उपस्थित भक्तगणों को आशीर्वचन देते हुए सत्संग में स्वामी नामधनी महाराज ने कहा कि सुबह उठते ही माता-पिता, गुरु तथा अपने से बड़े बुजुर्गों को प्रणाम कीजिए, ताकि उनके आशीर्वाद से आपके दिन की शुरूआत हो और रात को सोने से पहले माता-पिता व गुरु की सेवा कीजिए, ताकि उनका आशीर्वाद अंधेरी रात में भी आप लोगों के साथ हो। यदि आप किसी जरूरतमंद आदमी की मदद करना चाहते हैं तो उसे आप केवल खाना ना खिलाए बल्कि उसे काम करना और कमाना भी सिखाए क्योंकि भोजन कराने से तो उसका एक दिन का पेट भरेगा, परन्तु कमाना सिखा देंगे तो जीवन भर अपना तथा अपने परिवार का पेट भरता रहेगा। इस संसार में नब्बे प्रतिशत अपराध क्रोध और दुर्व्यसन के कारण होते हैं यदि हम क्रोध और मदिरा का शिकार न बने तो जेल खाने में कैदियों की संख्या नब्बे प्रतिशत कम हो जाये। मनुष्य के जीवन में जो क्रियाकलाप होते हैं वही बच्चों के मानस पटल पर अमिट प्रभाव डालते हैं इसलिए प्रातः काल 3 बजे से 6 बजे की बेला में नित्य क्रिया से निवृत्त होकर कम से कम आधे घंटे बैठकर अवश्य श्रीहरि का स्मरण करें। क्योंकि हम ईश्वर को सुख में याद करें तो वह दुख में हमें अपनी गोद में उठा लेता है इसलिए हम सुख में भी ईश्वर की भजन करना ना भूले। इस अवसर पर चंद्रदेव गुप्ता, दिलीप कुमार मौर्य, अशोक कुमार सिंह, रामविलास यादव, प्रमोद यादव, राजेंद्र प्रसाद (कवि), अमरदेव मौर्य, श्याम लाल गुप्ता,राम जन्म, वीरेंद्र सिंह आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

धानापुर में निकली शिव बारात, शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

धानापुर में निकली शिव बारात में शामिल लोग।

धानापुर। महाशिवरात्रि पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कस्बे में भगवान शिव की बारात निकाली गईं। जगह-जगह खास आयोजन किए गए। शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना शिव अभिषेक किए गए। पूरा माहौल शिवमय बना रहा। सुबह से ही देवालयों में श्रृद्धालु पहुंचना शुरू हो गए थे। भव्य शिव बरात निकाली गई, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी, जगह-जगह बारात का स्वागत किया गया। इसमें उत्साही श्रद्धालुओं का जोश देखने लायक रहा। यहां हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस कर्मी भी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। बरात में बड़ी संख्या में शिवभक्त ढोल-तासे, बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते हुए बमबम भोले का जयघोष कर रहे थे। जगह-जगह बरात का स्वागत किया गया।शिव बारात में मुख्य रूप से भाजपा के जिला महामंत्री सुजीत जायसवाल, बृजेश सिंह, सुशील सिंह जनौली, मुकुंद रस्तोगी, ग्राम प्रधान रामजी कुशवाहा, कमला कांत मिश्र, अरविंद मिश्रा, अन्नु सिंह, मनीष सिंह अमादपुर, मोहित रस्तोगी, जितेंद्र वर्मा, कर्मवीर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

शिव बारात में नाचते-गाते व झूमते हुए पहुंचे बाराती

सकलडीहा में निकली शिव बारात में शामिल लोग।

सकलडीहा में निकली शिव बारात की झांकी।

सकलडीहा में निकली शिव बारात के दौरान नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। महाशिवरात्रि पर कस्बा और चतुर्भुजपुर कस्बा से शिवबारात निकाली गयी। इस दौरान विभिन्न प्रकार की मनमोहक भगवान की झांकी सजायी गया था।

शिव बारात में देर रात तक शिवभक्त नाचते गाते हुए मंदिर पहुंचे, जहां भक्तों ने धूमधाम से शिव पार्वती की शादी कराया। कस्बा के शिव मंदिर से बंम बंम स्पोर्टिंग क्लब की ओर से झांकी निकाली गयी। जहां एक दर्जन से अधिक विभिन्न प्रकार की झांकी गाजा बाजा के साथ पूरे कस्बा में भ्रमण करते हुए पुनरू देर रात को शिव मंदिर पहुंची। जहां विद्वान पंडितों ने विधि विधान के साथ शिव पार्वती के शादी समारोह में साक्षी बने। वही चतुर्भुजपुर कस्बा से शिव बारात निकाली गयी। जहां शिव भक्त नाचते गाते हुए कॉलेश्वर मंदिर पहुंचे। शिव बारात को लेकर भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाया गया था। शिव बारात के दौरान सकलडीहा चहनियां और अलीनगर मार्ग पर घंटो जाम की स्थिति हो गयी थी। पुलिस के अभाव में घंटो जाम से राहगीर और दर्शक परेशान थे। कई लिंक मार्ग पर भी वाहन स्वामी परेशान रहे

शिव बारात के दौरान मारपीट से भगदड़

सकलडीहा। कस्बा के शिव बारात के दौरान कुछ युवक नाचने व गाने को लेकर आपस में विवाद कर लिये। देखते देखते विवाद मारपीट में तब्दील होगया। जिससे शिव बारात के दौरान भगदड़ का माहौल हो गया। मौके पर पुलिस कस्बा प्रभारी मूकदर्शक की भूमिका में नजर आये। हालांकि काफी देर बाद मामला किसी तरह शांत हुआ।

हर-हर महादेव : शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। महाशिवरात्रि पर कस्बा के शिव मंदिर और चतुर्भुजपुर कॉलेश्वर महादेव मंदिर से लेकर जामडीह के जामेश्वर महादेव मंदिर पर भक्तों ने सुबह से ही जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया। इस दौरान देर शाम तक भक्तों की भीड़ मंदिर में लगी रही। एसडीएम व सीओ सहित कोतवाली पुलिस पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था में डटी रही। चतुर्भुजपुर स्थित कॉलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह तीन बजे भोर से ही दर्शन पूजन के लिये शिवभक्तों की लाइन लगी हुई थी। उजाला की व्यवस्था नही होने पर अंधेरे में शिवभक्तों ने जयकारा लगाते हुए जलाभिषेक किया। थोड़ी देर में भक्तों की लम्बी कतार लग गया। दो गेट से महिला और पुरूषों को दर्शन पूजन कराया गया। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय, कोतवाल अनिल कुमार पांडेय सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी व पीएसी मौजूद रहे।

अंधेरे में भक्तों ने किया जलाभिषेक

सकलडीहा। काशी विश्वनाथ मंदिर से सम्बद्ध स्वयं भू कॉलेश्वर महादेव का मंदिर है। कुछ माह पूर्व करोड़ों रुपए खर्च करके मंदिर की सुंदरीकरण और लाइट सज्जा किया गयाथा। लेकिन शिवभक्त लाइट के अभाव में अंधेरे में जलाभिषेक करने के लिये मजबूर रहे। यहां तक की टूटी मंदिर का छज्जा का निर्माण भी नही हुआ था। एसडीएम मनोज पाठक ने शिकायत मिलने पर जांच कराने की बात कही।

माला फूल और चंदन टिका लगाने वालों से हुई वसूली

सकलडीहा। काशी विश्वनाथ मंदिर से संबद्ध होने का हवाला देते हुए तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने मंदिर में टीका लगाने वाले पंडितों से लेकर मालाफूल और मुंडन करने वाले नाई से भी मनमानी कर की वसूली किया। जबकि रसीद पर किससे कितना लेना है यह नहीं दशार्या गया था। जो लिख दिया उसका वसूली करना था। इसका पंडितों ने पूरजोर विरोध किया।

सकलडीहा स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी।

नौगढ़ पुलिस ने 31 किलो गांजा संग तीन तस्करों को दबोचा

जनसंदेश न्यूज

पकड़े गए गांजा संग नौगढ़ पुलिस टीम।

नौगढ़। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर के लगभग 31 किलो अवैध गांजा को बरामद कर दो बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करके अग्रिम विधिक कार्यवाही किया है। जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक आपरेशन कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि शनिवार को रिठिया भैसौडा मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 65 डीए 7649 पर 1 बोरी मे भरा हुआ 15 किलो 530 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त छोटेलाल खरवार निवासी जरहर थाना चकरघट्टा व पंकज खरवार निवासी कन्हानार थाना अधौरा बिहार को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से की गई पूछताछ में बताया गया कि बिहार राज्य के चैधरना गांव निवासी राजेश यादव से सस्ते दामों पर अवैध गांजा खरीद कर उसे महंगे दामों पर बेचा जाता है। शुक्रवार को सायंकाल नौगढ़ वैनी मार्ग पर कहुअवा घाट पुल पर पुलिस की वाहन चेकिंग मे बाइक यूपी 62 एएच 3768 पर बोरी मे लदा हुआ 21 किलो अवैध गांजा के साथ अभियुक्त मनोज कुमार यादव निवासी अहिरौली थाना लाईन बाजार जौनपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस कार्यवाही को देख सह अभियुक्त दीपक यादव निवासी पचोखर थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर फरार हो गया। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष अतुल कुमार, प्रजापति उपनिरीक्षक लल्लन राम बिंद, अवधेश कुमार सिंह, शिवानन्द बर्मा शामिल रहे।

वाराणसी जाते वक्त शिवसैनिक गिरफ्तार मुचलके पर रिहा

महाशिवरात्रि पर चंदौली से वाराणसी रवाना होते शिवसैनिक।

चंदौली। महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक को जाते शिवसैनिक गिरफ्तार और रिहा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिवसैनिक सकलडीहा त्रिमुहानी पुलिस चौकी के पास एकत्रित होकर रचना सिंह के नेतृत्व में रवाना हुए कचहरी के पास सदर कोतवाल राजीव सिंह पहले से बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। इस दौरान पुलिस द्वारा वाराणसी जाने से रोके जाने पर हल्की-फुल्की नोकझोंक के बाद सभी शिवसैनिकों को कोतवाली लाया गया। दो घंटे के बाद निजी मुचलका पर सभी शिवसैनिकों को रिहा किया गया। गिरफ्तारी देने वालों में अजय पासवान, श्वेता सिंह, शकुंतला मौर्य, निरंजन सिंह, रामाश्रय तिवारी, राकेश गुप्ता, श्रीकांत गुप्ता, प्रीति सिंह, कपिल प्रजापति, मदन भारती, अनुराग मिश्रा, पंकज केसरी, राम प्रकाश राय, संजीव कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, संजय कुमार गौड़, गुड्डू सोनकर राम, विकास मौर्य, राजू जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थ।

सड़क हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे की मौत

दुखद

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस

हादसे के बाद चंदौली पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जुटे परिजन व ग्रामीण।

चंदौली। सदर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर में आने से दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई।

बताते हैं कि अलीनगर थाना क्षेत्र के बसंती मडई गांव निवासी बाबूलाल यादव 40 और सकलडीहा थाना क्षेत्र के महगांव निवासी मनोज यादव 38 वर्ष मांगलिक कार्यक्रम में शरीक होने के लिए बिहार गए थे। घिर लौटते समय सदर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव के समीप शुक्रवार की रात नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को इलाज के लिए मुख्यालय से पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल भर्ती कराने की तैयारी कर रही थी कि इसी दौरान दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों युवकों के पास से मिले कागजात पर इसकी सूचना परिजनों को दी। इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजनों ने बताया कि युवक रिश्ते में मामा और भांजे लगते थे। नवीन मंडी चैकी प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है और इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है।

स्पोर्ट्स

भारत पहली बार एशिया मिश्रित चैंपियनशिप के सेमिफाइनल में, हॉन्गकॉन्ग को 3-2 से दी मात

दुबई। भारत ने यहां एशिया मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टरफाइनल में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए हांगकांग को 3-2 से हराकर पहली बार टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत शुक्रवार को खेले गये इस मुकाबले में 0-2 से पिछड़ा हुआ था, लेकिन ध्रुव कपिला-चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और पीवी सिंधु ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबला जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। दिन के पहले मुकाबले में इशान भटनागर और तनीषा क्रेस्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को हॉन्ग कॉन्ग के ली चुन ही रेजिनाल्ड और ट्ज यॉ एनजी से 24-26 17-21 की हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मैच में विश्व नंबर 14 एनजी का लॉन्ग ने विश्व नंबर 11 लक्ष्य सेन को 20-22, 21-19, 21-18 से मात दे दी। भारत टूनार्मेंट से बाहर होने की कगार पर था।

दूसरे दिन का खेल खत्म, ऑस्ट्रेलिया ने बनाई 62 रन की बढ़त...भारत की पहली पारी 262 पर सिमटी

ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद , भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 83.3 ओवर में 262 रन बनाये

नई दिल्ली। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली मैदान पर खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर एक रन की बढ़त लेने के बाद दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर दूसरी पारी में एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया पर उसकी बढ़त 62 रनों की हो गई है। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां अपनी पहली पारी में 83.3 ओवर में 262 रन बनाये। भारतीय टीम पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रह गयी। भारत के लिए हरफनमौला अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 74 रन का योगदान दिया। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (37) के साथ आठवें विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी कर मैच में भारत की वापसी करायी। अक्षर ने 115 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के लगाये। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने 29 ओवर में 67 रन देकर पांच विकेट झटके। लियोन ने टेस्ट में 22वीं बार है पांच या उससे अधिक विकेट चटकाये।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम के 263 रन के जवाब में भारत ने 7 विकेट पर 230 रन बना लिए हैं। अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन खेल रहे हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। अक्षर ने लगातार दूसरे टेस्ट में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। अक्षर के टेस्ट करियर का यह तीसरा अर्धशतक है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां चाय के विश्राम तक 62 ओवर में सात विकेट पर 179 रन बनाए। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी के आधार पर अब भी 84 रन पीछे है। चाय के विश्राम के समय अक्षर पटेल 28 और रविचंद्रन अश्विन 11 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। भारत के लिए विराट कोहली ने अब तक सबसे ज्यादा 44 जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने 32 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने पांच जबकि मैथ्यू कुहनेमैन और टॉड मरफी ने एक-एक विकेट लिये।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां लंच तक 35 ओवर में चार विकेट पर 88 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए चारों विकेट ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने लिये। लंच के विश्राम के समय विराट कोहली 14 रन और रविन्द्र जडेजा 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी के आधार पर 175 रन पीछे है। भारतीय टीम ने दिन की शुरूआती बिना किसी नुकसान के 21 से आगे से की लेकिन नाथन लियोन ने लोकेश राहुल (17) को आउट कर कप्तान रोहित शर्मा (32) के साथ 46 रन की उनकी साझेदारी को तोड़ा। लियोन ने इसके बाद एक ही ओवर में रोहित और चेतेश्वर पुजारा (शून्य) को चलता किया। उन्होंने भारतीय पारी के 26वें ओवर में श्रेयस अय्यर (चार) को पीटर हैंड्सकॉम्ब के हाथों कैच कराकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बना दी।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उस्मान ख्वाजा (81) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (72) के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 263 रन बनाए। भारत के लिए शमी ने चार और अश्विन-जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके जवाब में भारत ने 262 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 74 और विराट ने 44 रन बनाए। अक्षर और अश्विन ने शतकीय साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन लियोन ने पांच, टॉड मर्फी और कुह्नेमन ने दो-दो विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को एक रन की बढ़त मिली। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 62 रन की हो गई है। हेड और लाबुशेन नाबाद हैं। अब टीम इंडिया तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को छोटे स्कोर पर समेटने की कोशिश करेगी।

ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, दिल्ली टेस्ट से डेविड वॉर्नर हुए बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह अंतिम एकादश में मैथ्यू रेनशॉ को शामिल किया गया है। मैच के शुरूआती दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की पारी के 10वें ओवर में मोहम्मद सिराज की गेंद वॉर्नर के सिर पर लगी थी। बायें हाथ के बल्लेबाज को इससे पहले कोहनी पर भी चोट लगी थी। इस चोट के बाद चिकित्सकों ने मैदान पर उनका उपचार किया था। उन्होंने कनकशन जांच (सिर में चोट लगने पर होने वाली जांच) नहीं कराया। भारतीय टीम जब बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी तो यह 36 वर्षीय खिलाड़ी क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से जारी बयान के मुताबिक, वॉर्नर अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दिशानिर्देशों के अनुरूप इंदौर में तीसरे टेस्ट से पहले उनके खेल प्रोटोकॉल का पालन करते हुए वापसी करेंगे। पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद साथी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वॉर्नर थोड़ी थकान महसूस कर रहे हैं। ख्वाजा ने कहा था, बांह और फिर सिर पर लगी चोट के का वह थोड़ी थकान महसूस कर रहे है। वार्नर के चोटिल होने से रेनशॉ की टीम में वापसी हुई। रेनशॉ को चार मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में शून्य और दो रन की पारी के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था।

बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास, दो छक्के लगा कोच मैक्कुलम को पीछे छोड़ा, बनाया विश्व रिकॉर्ड

स्टोक्स ने 33 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल

नई दिल्ली। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में इतिहास रच दिया। वह इंग्लैंड के कोच और न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रेंडन मैकुलम को पछाड़कर टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। माउंट माउंगानुई में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट की दूसरी पारी में दो छक्के लगाकर स्टोक्स ने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी टीम की दूसरी पारी के 49वें ओवर में न्यूजीलैंड के स्कॉट कुगलेइजन के ओवर की तीसरी गेंद पर स्टोक्स ने फाइन लेग के ऊपर से छक्का लगाकर मैकुलम को पीछे छोड़ा, जो अब इंग्लैंड के टेस्ट मुख्य कोच हैं। स्टोक्स ने 33 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने उन्हें ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर स्टंप आउट किया।

90 टेस्ट मैचों में, स्टोक्स ने 36.00 के औसत से 109 छक्के और 12 शतक और 28 अर्द्धशतक के साथ कुल 5,652 रन बनाए हैं। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 258 है। वहीं, मैक्कुलम के नाम 101 टेस्ट में 107 छक्के हैं। उन्होंने 38.64 की औसत से 6,453 रन बनाए। उनके 302 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ टेस्ट में 12 शतक और 31 अर्द्धशतक हैं।

टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में स्टोक्स (109) और मैक्कुलम (107) के बाद ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट तीसरे स्थान पर हैं, उन्होंने 100 छक्के लगाए हैं। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 98 छक्कों के साथ लिस्ट में चौथे और दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस 97 छक्कों के साथ सूची में पांचवें स्थान पर हैं। भारत के वीरेंद्र सहवाग इस सूची में छठे स्थान पर हैं, उन्होंने 91 छक्के लगाए हैं। सहवाग टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय हैं। उनके बाद महेंद्र सिहं धोनी 78 और सचिन तेंदुलकर 69 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

बॉलीवुड न्यूज

संजय लीला भंसाली ने 'हीरामंडी' का लुक किया जारी

मुंबई। हाल में नेटफ्लिक्स के को-सीईओ टेड सारंडोस, और पुरस्कार विजेता भारतीय लेखक संजय लीला भंसाली इंडियन और ग्लोबल स्टोरीटेलिंग की बढ़ती दुनिया के बारे में बातचीत करने के लिए मुंबई में आए एक साथ। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैसे कहानियों में वैरायटी और डाइवर्सिटी दर्शकों के स्वाद और उनकी देखने की आदतों पर इसके प्रभाव को दुनिया भर में विकसित कर रही थी। साथ ही उन्होंने इनोवेटिव फॉर्मेट्स, क्रिएटिव कोलैबोरेशन और क्रिएटिविटी को नर्चर करने की जरूरत पर भी चर्चा की। इस जोड़ी ने फिल्मों और सीरीज के लिए अपने साझा प्रेम में, अपने नजरिए के ग्लोबल पैमाने पर, और यादगार मनोरंजन का निर्माण जारी रखने की अपनी महत्वाकांक्षाओं पर चर्चा की, जो लोगों के अनुभव करने के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ रहता है। उन्होंने हमें अपनी ऑल टाइम फेवरेट कहानियों और उनके जीवन को गाइड करने वाली प्रेरणा की भी एक झलक दी। इस बातचीत के दौरान संजय लीला भंसाली की पहली ग्लोबल ड्रामा सीरीज, हीरामंडी की एक एक्सक्लूसिव और बहुप्रतीक्षित झलक सामने आई और इसी के साथ दोनों की ये बातचीत खत्म हुई। इस दौरान मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा निभाए गए लीड किरदारों का बेहतरीन लुक भी पेश किया गया। लेखक निर्देशक संजय लीला भंसाली ने कहा कि क्रिएटिव आजादी और नए कॉन्सेप्ट्स के साथ एक्सपेरिमेंट करना, यादगार कहानियां बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं जो दर्शकों को नई दुनिया में ले जाती हैं। नेटफ्लिक्स समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली सफल, आइकोनिक कहानियां बनाने में स्टोरीटेलर्स के साथ साझेदारी करने में सबसे आगे रहा है। वहीं सारांडोस ने फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली के नजरिए की तारीफ करते हुए कहा, नेटफ्लिक्स में, हम दुनिया भर के बेस्ट क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करने में गर्व महसूस करते हैं। संजय लीला भंसाली एक सच्चे दूरदर्शी हैं, और हम उनके साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गलत फैसले का शिकार हुए कोहली? ड्रेसिंग रूम में भड़के, जानें आईसीसी का नियम

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में विराट कोहली अर्धशतक लगाने से चूक गए। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के तीसरे दिन शनिवार (18 फरवरी) को वह 44 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मैथ्यू कुह्नेमैन ने एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद कोहली ड्रेसिंग रूम में गुस्से में दिखाई दिए। वहीं, सोशल मीडिया पर फैंस ने अंपायर पर भड़ास निकाली।

50वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर कुह्नेमैन गेंदबाजी करने आए। यह उनका पहला टेस्ट है। कुह्नेमैन की तीसरी गेंद पर विराट ने डिफेंस करने का प्रयास किया। गेंद उनके पैड से जा टकराई। अंपायर ने विराट को आउट दिया। इस पर कोहली ने रिव्यू लेने का फैसला किया। रिप्ले में साफ पता चल रहा था कि गेंद कोहली के बैट और पैड से एक ही समय में लगी है। फैंस को उम्मीद थी कि इसका फायदा विराट को मिलेगा और उन्हें नॉटआउट दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। थर्ड अंपायर ने भी कोहली को आउट दिया।

ड्रेसिंग में निराश दिखे कोहली आउट दिए जाने के बाद विराट काफी निराश हुए। वह गुस्से में पवेलियन की ओर गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें कोहली ड्रेसिंग रूम में आउट होने का वीडियो देख रहे थे। वह वीडियो देखने के बाद गुस्से में थे। साथ ही टीम इंडिया के अन्य सदस्यों को भी इस पर भरोसा नहीं हुआ। विराट फिर नाराज होकर अंदर चले गए।

क्या कहता है आईसीसी का नियम?

अगर बैट और पैड से एक ही समय में गेंद लगती है तो इसका फायदा बल्लेबाज को मिलता है। आईसीसी के नियम 36.2.2 के मुताबिक, "एलबीडब्ल्यू के समय अगर गेंद बल्लेबाज के किसी हिस्से और बल्ले पर एक साथ लगती है, तब इसे बल्ले पर गेंद का लगना माना जाएगा।" नियम को देखें तो विराट कोहली के मामले में उन्हें नॉटआउट करार देना चाहिए था।

पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रहा भारत

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 263 रन बनाए थे। वहीं, भारत के लिए पहली पारी में कोहली ने 84 गेंद पर 44 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। अक्षर पटेल ने शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 74 रन बनाए। रविचंद्रन अश्विन 37, रोहित शर्मा 32, रवींद्र जडेजा 26 और केएल राहुल 17 रन बनाकर आउट हुए। केएस भरत ने छह और श्रेयस अय्यर ने चार रन बनाए। मोहम्मद शमी ने दो और मोहम्मद सिराज ने नाबाद एक रन बनाए। अपने 100वें टेस्ट में चेतेश्वर पुजारा खाता नहीं खोल सके। भारतीय टीम पहली पारी में 262 रनों पर सिमट गई। वह ऑस्ट्रेलिया से एक रन पीछे रही।

एशिया कप में भारत-पाक मैच नहीं हुआ तो संकट में पड़ सकता है दीर्घकालिक प्रसारण करार

कराची। एशिया कप की मेजबानी के मुद्दे पर भारत और पाकिस्तान के बीच गतिरोध को खत्म करने लिए अगर कोई समाधान नहीं निकाला गया तो एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और प्रसारक के बीच एक दीर्घकालिक मीडिया अधिकार करार संकट में पड़ सकता है। एशिया कप की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये गये थे लेकिन पड़ोसी देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण बीसीसीआई ने कहा कि भारत सितंबर में टूनार्मेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजेगा। भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता को संयुक्त अरब अमीरात या श्रीलंका में आयोजित करने की बात कही है। लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब तक इस मांग पर सहमति नहीं जताई है जिससे गतिरोध पैदा हुआ है। भारत के एशिया कप से हटने से टूनार्मेंट की चमक फीकी हो जायेगी और प्रसारक को भारत-पाक मुकाबला नहीं होने से काफी ज्यादा नुकसान झेलना पड़ेगा। सूत्र ने कहा कि एसीसी और प्रसारक के बीच दीर्घकालिक समझौते के अंतर्गत यह अनिवार्य है कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे से कम से दो या तीन बार इस क्षेत्रीय टीमों के इस टूनार्मेंट में आमने सामने हों।

डब्ल्यूपीएल में आरसीबी की कप्तान बनीं स्मृति मंधाना, क्रिकेटर का जताया आभार

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र लिए भारत की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को अपना कप्तान नियुक्त किया है। इस वामहस्त सलामी बल्लेबाज को फ्रेंचाइजी ने हाल ही में मुंबई में हुई नीलामी में 3.40 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम से जोड़ा था। यह डब्ल्यूपीएल नीलामी में किसी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक कीमत है। फ्रेंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा कर यह घोषणा की। इस वीडियो में आरसीबी के करिश्माई खिलाड़ी विराट कोहली और पुरुष टीम के मौजूदा कप्तान फाफ डु प्लेसिस के संदेश है। वीडियो में कोहली ने कहा, अब एक और 'नंबर 18' (जर्सी का अंक) डब्ल्यूपीएल में एक बहुत ही खास आरसीबी टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। हां, हम स्मृति मंधाना के बारे में बात कर रहे हैं। स्मृति अपना सर्वश्रेष्ठ करो। आपके पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम और सर्वश्रेष्ठ प्रशंसकों का समर्थन होगा। स्मृति को कप्तान बनाने की घोषणा पर आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, स्मृति खेल को लेकर हमारी साहसिक सोच और क्रिकेट योजनाओं के केंद्र में हैं। हमने उन्हें नेतृत्व की भूमिका सौंपी है। हमें विश्वास है कि स्मृति आरसीबी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। आरसीबी महिला टीम की कप्तान बनने पर स्मृति ने कहा, विराट और फाफ को आरसीबी का नेतृत्व करने के बारे में इतनी बातें करते हुए देखना बहुत अच्छा लग रहा है। यह अद्भुत अवसर देने के लिए मैं आरसीबी प्रबंधन को धन्यवाद देना चाहूंगी। मैं आप प्रशंसकों से सभी प्यार और समर्थन प्राप्त करने के लिए उत्सुक हूं। स्मृति के नाम 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 2661 रन है। इस दौरान उनका औसत 27.15 और स्ट्राइक रेट 123.19 का रहा है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में टी20 लीग खेल चुकी स्मृति ने 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की है। उनके नेतृत्व में डब्ल्यूपीएल से पहले हुए महिला टी20 चैलेंज में ट्रेलब्लेजर टीम 2020 चैंपियन बनी थी।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु की टीम

स्मृति मंधाना (भारत), रेणुका सिंह (भारत), सोफी डिवाइन (न्यूजीलैंड), एलीस पेरी (ऑस्ट्रेलिया), ऋचा घोष (भारत), एरिन बर्न्स (ऑस्ट्रेलिया), दिशा कसत (भारत), इंद्राणी रॉय (भारत), श्रेयंका पाटिल (भारत), कनिका आहूजा (भारत), आशा शोभना (भारत), हीथर नाइट (इंग्लैंड), डेन वान निकर्क (साउथ अफ्रीका), प्रीति बोस (भारत), पूनम खेमनार (भारत), कोमल जांजड (भारत), सहाना पवार (भारत), मेगन शुट (ऑस्ट्रेलिया)।

कानपुर में ग्रीनपार्क क्रिकेट के 78 वर्षों का इतिहास बताएगी विजिटर गैलरी

कानपुर। ग्रीनपार्क स्टेडियम में बनी विजिटर गैलरी ग्रीनपार्क क्रिकेट के 78 वर्षों के इतिहास को बताएगी। इसमें ग्रीनपार्क में अब तक खेले गए मुकाबलों के साथ-साथ यहां पर क्रिकेटर्स के बनाए हुए रिकॉर्ड को भी शामिल किया गया है। इस गैलरी को दो तलों पर बनाया गया है, जो पूरी तरह से क्रिकेट की दुनिया की झलक दिखाएगी। ग्रीनपार्क में बनी विजिटर गैलरी 4.50 करोड़ की लागत से पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। इस गैलरी में ग्रीनपार्क में वर्ष 1954 से लेकर अभी तक हुए अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का पूरी जानकारी को दशार्या गया है। इसमें पहले मंजिल पर वर्जुअल पिच के साथ-साथ कैफेटेरिया को बनाया गया है। वहीं दूसरे मंजिल पर म्यूजियम, ऑडियो-वीडियो रूम, लाइब्रेरी आदि शामिल है।

अनियंत्रित बाइक ने ठेला में मारा टक्कर, मौत

कासिमाबाद। कोतवाली क्षेत्र के बरौड़ा चट्टी पर अनियंत्रित बाइक सवार ने ठेला चालक को टक्कर मार दी। इस घटना में ठेला चालक व बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायलों को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। जहां जहां ठेला चालक युवक की मृत्यु हो गई। वहीं बाइक सवार की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल मऊ के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी शिजोर राम का पुत्र रविंद्र कुमार उम्र 32 वर्ष शनिवार को शिवरात्रि पर्व पर इटोरा महादेवा गांव से मेला में अंगूर का ठेला लगाने के लिए गया हुआ था।

मेला से घर वापसी के दौरान जैसे ही बरौड़ा चट्टी पर पहुंचा तभी एक अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे ठेला चालक रविंद्र कुमार और बाइक सवार भी बुरी तरह घायल हो गया । ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायलों को कासिमाबाद अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान ठेला चालक की मौत हो गई वहीं बाइक सवार सिदउत गांव निवासी शिवनाथ का पुत्र रामविलास उम्र 38 वर्ष की हालत नाजुक होने पर मऊ जनपद के लिए रेफर कर दिया गया। मृतक रविंद्र कुमार ठेला पर फल बेचकर जीविकोपार्जन करता था। रविंद्र कुमार की मौत से पत्नी गुड़िया देवी और माता धनेश्वरी देवी व पिता शिजोर राम सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। रविंद्र कुमार का बिहार पुलिस में सिलेक्शन हो गया था जिसका 23 फरवरी को ज्वाइनिग थी प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया।

महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

शाहीपुल के नीचे स्थित गोमतेश्वरनाथ मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए लगी कतार

जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध भक्तगण

गोपीघाट स्थित शिवमंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालुगण

चहारसू चौराहे पर बाबा भोलेनाथ की सजायी गयी झांकी

जनसंदेश न्यूज

धर्म कर्म

भोलेनाथ को जल चढ़ाने शिवभक्तों की लगी रही कतारें, हर-हर महादेव के नारों से गूंजा शिवालय

जौनपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को सुबह से ही शहर के सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लोग दूध, माला, फूल, धतूरा व मिष्ठान चढ़ाकर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। बारीनाथ मठ, जागेश्वरनाथ मंदिर आलमगंज, ओमेशोनाथ मंदिर रासमण्डल, शाहीपुल स्थित गोमतेश्वर नाथ मंदिर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठे। भोलेनाथ को जल चढ़ाने व पूजन-अर्चन करने के लिए सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों के आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। रात भर मंदिरों में भजन-कीर्तन व पूजा-अर्चना होती रही। मंदिर के बाहर कतारबद्ध खड़े होकर शिवभक्त हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारे लगाते रहे। मंदिरों पर पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं द्वारा प्रसाद व ठण्डई का वितरण किया गया।

इसी क्रम में चहारसू चौराहा पर बोल बम कांवरिया संघ द्वारा बाबा भोलेनाथ का भव्य ऋृंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम को संकीर्तन मण्डल द्वारा भगवान भोलेनाथ की शिवबारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर समाप्त हो गयी। महाशिवरात्रि को लेकर शिव पुराण में कई रोचक कथाओं का जिक्र किया गया है। एक कथा के अनुसार शिव जी को पति रूप में पाने के लिए मां पार्वती ने कठिन तपस्या की थी और फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को उन्होंने मां पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार किया। इसलिए इस दिन को महत्वपूर्ण माना जाता है। देवों के देव महादेव की अराधना का सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है। ये दिन भगवान शिव की पूजा के लिए खास माना जाता है। कहते हैं इस दिन जो व्यक्ति सच्चे मन से शिव की पूजा करता है उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

मंदिर में की गई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

जनसंदेश न्यूज

सुजानगंज। क्षेत्र के चैनपुर स्थित शिवजी के मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को महाशिवरात्रि के दिन संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मूर्ति को पूरे गाजे बाजे के साथ चैनपुर, नागौली, फरीदाबाद, रतनपुर होते हुए फरीदाबाद स्थित गौरीशंकर धाम तक ले जाया गया और जगह जगह पुष्प वर्षा हुई। इसके बाद शाम को हवन पूजन के बाद मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। रविवार को इसके उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर काशी प्रसाद, कालिका प्रसाद, राम प्रसाद, प्रेम शंकर, प्रह्लाद चौरसिया समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

जनसंदेश न्यूज

जफराबाद। क्षेत्र के शिवालयों में शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सई गोमती नदी के संगम स्थल पर स्थित रामेश्वरम महादेव मंदिर पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर भगवान का जलार्चन पूजन किया। जोगीबीर बाबा मंदिर पर हजारों की भीड़ सुबह से शाम तक पूजन अर्चन करती रही। इसके अलावा पटैला महादेव मंदिर सिरकोनी, शिव मंदिर बीरभानपुर, अहमदपुर शिवाला, धनेजा के नरई बीर बाबा मंदिर, हुसेपुर के शिव मंदिर आदि पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इन स्थानों पर मेला लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की टीम लगी रही।

सीएनजी लेकर जा रही डीसीएम के पहिए में लगी आग

बड़ी दुर्घटना होने से बची

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली क्षेत्र के मुफ्तीगंज बाजार में सीएनजी की गाड़ी में आग लगने से बड़ी घटना होने से टल गयी। बताया जाता है कि केराकत जौनपुर मार्ग पर केराकत की तरफ से सीएनजी गैस का सिलेन्डर लेकर डीसीएम जौनपुर के तरफ जा रही थी। मुफ्तीगंज बाजार में पहुंची तभी उसके पिछले चक्के में आग लग गयी। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और आक्सीजन से आग को बुझाना चाहा जब आग पर काबू नहीं हो पाया तो सर्विसिंग की दुकान पर ले जाकर आग बुझायी गयी। आग लगने का कारण उस गाड़ी का ब्रेक शू जाम हो गया था। ड्राइबर समझ नहीं पाया और ब्रेक की रगड़ से टायर में आग लगी थी लेकिन पुलिस और बाजार वासियों के तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गयी।

विवि की स्थापना में वीर बहादुर सिंह का बड़ा योगदान : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह की जयंती मनाई गई। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने इस अवसर पर मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की स्थापना में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीर बहादुर सिंह का विशेष योगदान रहा जिसे इस क्षेत्र के लोग कभी भुला नहीं पाएंगे। उनके प्रयास से जौनपुर के इस क्षेत्र में स्थापित ज्ञान का यह केंद्र अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वीर बहादुर सिंह के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के कई बड़े काम हुए। इसी दौरान पूर्वांचल वासियों को इस विश्वविद्यालय की सौगात मिली। इस विश्वविद्यालय ने एक लम्बा सफर तय किया है। आज के दिन हम सब उन्हें नमन करते करते है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़े और विश्वविद्यालय का नाम ऊँचा करें। धन्यवाद ज्ञापन रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विनय वर्मा एवं संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. दिनेश वर्मा, सत्यम उपाध्याय, डॉ. लक्ष्मी मौर्य समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करती कुलपति प्रो. मौर्य व अन्य

नगर में निकाली गयी शोभा यात्रा व शिव बारात

मड़ियाहूँ। स्थानीय नगर में शनिवार को महाशिवरात्री के पावन पर्व पर प्राचीन काँवरिया संघ सेवा महासमिति द्वारा रामेश्वर महादेव मंदिर स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज पक्के तालाब सें जलाभिषेक व पूजा अर्चना के उपरांत दोपहर लगभग 1 बजे शोभायात्रा शिव बारात गाजेबाजे हाथी घोड़े व दर्जनों झाकियों के साथ श्याम बाबू सेठ की अध्यक्षता में निकाली गयी जो पूरे नगर में भ्रमण करने के उपरांत लगभग पांच बजे नीलकण्ठ महादेव मंदिर गोला बाजार में नीलकण्ठ महादेव को जलाभिषेक कर समाप्त की गयी। इस शोभा यात्रा में उपजिलाधिकारी लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी, कोतवाल ओमनारायण सिंह पुलिस बल के साथ लगे रहे। इस अवसर पर माता प्रसाद गुप्ता, सुरेश मौर्या, सुरेश निगम, नीलू सिंह, राहुल गुप्ता, राजेश गुप्ता, सरदार बन्टू सिंह, मुन्ना जायसवाल, कफील अहमद उर्फ बोदर राईन, डा. परमजीत सिंह, विनोद कुमार निगम सहित नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षेप

कांग्रेसियों ने निकाली हाथ जोड़ो पद यात्रा

सुजानगंज। हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रत्याशी मुंगराबादशाहपुर विधानसभा डा. प्रमोद के सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करने वाले मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने लोगों से मिलकर कांग्रेस संदेश पत्रक बाँटकर राहुल गांधी के विचारों से अवगत कराया तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रत्याशी लोकसभा जौनपुर देवव्रत मिश्रा ने मुख्य अतिथि के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैसल हसन तवरेज, एससी एसटी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पंकज सोनकर, जिला प्रभारी विजेंद्र मिश्रा, इरशाद खान, राकेश उपाध्याय, लव गुप्ता, प्रेमचंद यादव, सुरेश गौड़, नीरज सरोज, मनोज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह व संचालन कृपाशंकर पटेल ने किया।

एसपी ने परमहंस आश्रम पर किया पूजन अर्चन

जफराबाद। क्षेत्र के आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित यमदग्नी ऋषि के तपोस्थली जमैथा गांव में स्थित बाबा परमहंस आश्रम पर शनिवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर भक्तों की काफी भीड़ दर्शन व पूजन के लिए जमा रही। दोपहर को एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा उक्त मंदिर पर पहुंचे। वहां उन्होनें आम लोगों की तरह पूजन अर्चन तथा जलार्चन कर पूजन किया। उन्होंने मंदिर के महंत राजदास महाराज से मंदिर के पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली। दर्शन पूजन के समय मथुरा के जीएसटी कमिश्नर शिवआसरे सिंह, जोगेंद्र सिंह तथा थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी, चौकी प्रभारी आशीष पांडेय मय फोर्स मौजूद रहे।

लड़की भगाने के मामले में मुकदमा

सुइथाकला। थाना क्षेत्र में एक गांव से एक नाबालिग को भगाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोप है कि थाना क्षेत्र के एक गांव की पन्द्रह वर्षीया नाबालिग को पड़ोस का ही एक युवक भगा ले गया। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने राजधरपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र प्रेमचन्द के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र

गौराबादशाहपुर। मछली शहर लोकसभा क्षेत्र के धमार्पुर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा ने 16 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की दो बड़ी जन समस्या रेलवे अंडरपास कबिरुद्दीनपुर तथा रेलवे फाटक राजेपुर गेट नंबर 37 को बंद न करने के संबंध में पत्रक देकर अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा ने बताया कि जौनपुर-गाजीपुर रेलवे ट्रैक पर स्थित कबीरूद्दीनपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद कर दिए जाने तथा अंडरपास न बनने की वजह से वहां के ग्रामीणों को काफी समस्या होने लगी है और उन्हें दूसरी जगहों पर जाने के लिए काफी लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है, जबकि रेलवे फाटक राजेपुर गेट नंबर 37 को अधिकारियों द्वारा बंद करने का प्रस्ताव दिया गया है जिसकी वजह से धमार्पुर से जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर आने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा तथा उन्हें काफी लंबा रास्ता घूम कर आना पड़ेगा। मंत्री द्वारा इन दोनों समस्याओं पर विचार कर उचित निस्तारण का आश्वासन भी दिया है।

भक्तों ने त्रिलोचन महादेव में टेका माथा

महाशिवरात्रि

शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव से गूंजे शिवालय, आस्था का उमड़ा जनसैलाब

महाशिवरात्रि पर्व पर त्रिलोचन महादेव में दर्शन-पूजन के लिए उमड़े भक्तगण

जलालपुर। क्षेत्र के देवाधिदेव की नगरी त्रिलोचन महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार के दिन चार बजे भोर से ही शिव भक्तों ने मंदिर परिसर में लाइनों में लगकर हर हर महादेव, बम बम भोले का गगनभेदी नारा लगाते हुए जलाभिषेक किया। त्रिलोचन महादेव के ऐतिहासिक मंदिर पर देर रात से ही शिव भक्तों का आने का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा।

शिवभक्त अपने हाथों में बेलपत्र, धतूरा, फूल माला, अक्षत, कपूर, अगरबत्ती गन्ना आदि लेकर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ जलाभिषेक किया। मेले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे इसके लिए 150 पीएसी के जवानों के अलावा 186 पुलिस बल के जवान, महिला कांस्टेबल, ट्रैफिक पुलिस, फायर सर्विस तथा पर्याप्त मात्रा में पुरुष तथा महिला कांस्टेबल, गोताखोर, सफाई कर्मी, राजस्व विभाग की टीमें, एस आई थाना गौराबादशाहपुर एवं जफराबाद मौजूद रहे। मेले की निगरानी के लिए पर्याप्त मात्रा में सीसी कैमरे की व्यवस्था की गई थी। वहीं मेले की निगरानी के लिए क्षेत्राधिकारी केराकत गौरव शर्मा तथा तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी तथा पुलिस इंस्पेक्टर रमेश कुमार यादव अपने हमराहियों के साथ बराबर चक्रमण करते देखे गये। जहां मेले मे बच्चे खिलौनों की खरीददारी के साथ साथ चरखी, ड्रेगन, ट्रेन, डांस, कुर्सी का भी आनंद लेते देखे गये। वहीं महिलाओं ने सौन्दर्य प्रशाधन तथा घरेलू सामानों की खरीददारी करती देखी गयी। मेले में खोने वाले बच्चों एवं चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत कन्ट्रोल रुम की भी व्यवस्था की गई थी इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमें तथा हेल्थ सिटी हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर विरेन्द्र सिंह डाक्टर तरुण अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों पर भी भारी भीड़ के साथ शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और मेला सकुशल संपन्न हो गया।

विशाल भण्डारे का आयोजन

जलालपुर। स्थानीय कस्बे के ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार के दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव बारात के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन व्यापार मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य पवन गुप्ता एवं ग्राम प्रधान श्रवण गुप्ता चिन्टू तथा क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

निबंध, काव्य, देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दीक्षोत्सव के परिपेक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन शुक्रवार को किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, आयूष गुप्ता द्वितीय, अभिनव कृति पांडेय तृतीय स्थान, शिवम पाण्डेय और शरियत फात्मा ने प्राप्त किया।

देशभक्ति गीत में प्रथम अमित कुमार, द्वितीय अनन्या मिश्रा और अमन प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के रूप में भाषण निर्णय मंडल निर्णय मंडल डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉक्टर सत्यम उपाध्याय, देशभक्ति निर्णय मंडल डॉ. देवराज सिंह, डॉ. दीपक कुमार मौर्य, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, काव्य लेखन निर्णय मंडल रसिकेश, डॉ. विनय वर्मा, डॉक्टर झांसी मिश्रा रहीं।

इस मौके पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका प्रियांशु प्रधान, हर्ष कुमार साहू, विकास सोनी, रिंसु सिंह, सौम्या राय, विनीत तिवारी, प्रशांत यादव, अटल सिंह उपस्थित रहे।

बाबा भोलेनाथ के दरबार में लाखों श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

जनसंदेश न्यूज

भोलेनाथ का दर्शन पूजन करते भक्तगण

सुजानगंज। ऐतिहासिक मंदिर श्री गौरी शंकर धाम में शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया।

अलसुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। क्षेत्र के सभी शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा दर्शन पूजन किया जा रहा था। दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो महिला इसके लिए पुरुष पुलिसकर्मी मंदिर के गर्भ गृह में दर्शन पूजन कराने में अपना सहयोग कर रहे। वहीं मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा मंदिर की साफ सफाई दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन कराने में अपना भरपूर सहयोग कर रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई थानों की फोर्स लगाई गई थी। मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते को बैरियर लगाकर सभी वाहन को बंद कर दिया गया था। आने जाने वाले यात्रियों को काफी दूर चक्कर लगाकर यात्रा करना पड़ रहा था।

रास्ता न मिलने के कारण काफी लोग हलकान रहे, वहीं एसपी ग्रामीण, मंदिर पर पहुंचकर मेले की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर, क्षेत्राधिकारी मछली शहर, थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला मेले का चक्रमण देर रात तक करते रहे। मेले में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे पहुंच रहे थे। मंदिर के रास्ते में बड़ी संख्या में तरह-तरह की दुकानें सजी रही लोग अपने जरूरत के सामानों की खरीदारी करते रहे। वहीं कुछ शिव भक्तों द्वारा रुद्राभिषेक, व्रत उपवास शिव कीर्तन, सत्यनारायण कथा कराया जा रहा था।

संदिग्ध हालात में मिली अज्ञात युवक की लाश

सुइथाकला। थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार में शनिवार की सुबह लगभग एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जाता है कि पट्टीनरेन्द्रपुर-खुटहन रोड पर पोस्ट आफिस के सामने ट्रान्सफार्मर के पास शनिवार सुबह एक लगभग 25 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश पड़ी मिली। लाश मिलने सूचना पर क्षेत्रवासियों में सनसनी फैल गयी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुँची और लाश को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। काफी प्रयास के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास चल रहा है। करेण्ट की चपेट में आने से मौत की आशंका जतायी जा रही है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सुजानगंज। मुंगराबादशाहपुर मार्ग पर शुक्रवार की देर रात बारात में आए एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शशिकांत मिश्र 28 पुत्र कृष्णानंद मिश्रा निवासी नगद थाना सरायख्वाजा बदलापुर थाना अंतर्गत डहिया गांव अपने मामा के यहां आया था। मामा के यहां से बारात पंवारा थाना अंतर्गत सराय बीका निवासी कमलेश दुबे के यहां आई थी। शादी सुजानगंज मुंगराबादशाहपुर मार्ग पर स्थित एक मैरिज हाल में होनी थी। रात लगभग 10 बजे सड़क पार करते समय इलाहाबाद की तरफ से आ रहे किसी वाहन की चपेट में शशिकांत आ गया। परिजनों ने तत्काल बारात में आए वाहन से उसको बदलापुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया फिर भी डायल-100 को लेकर जिला चिकित्सालय पर गए लेकिन वहां भी उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सेनानियों की कुर्बानी को नहीं भुलाया जा सकता : रमेशचंद्र

शहीद दिवस

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम की याद में बनेगा स्मृति द्वार

कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक रमेशचंद्र मिश्र

नौपेड़वा। बक्शा विकास खण्ड के मई गांव में शनिवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राजाराम मिश्र का 74वां शहीद दिवस मनाया गया। मूर्ति स्थल पर मौजूद दर्जनों लोगों ने स्व. राजाराम को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने कहा कि स्व. राजाराम मिश्र का नाम अभिलेखों में न होना दुःखद है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक से अभिलेख उपलब्ध करवाने की बात कही। विधायक ने सेनानी का नाम दर्ज करवाने का वादा किया। विधायक ने उनकी याद में प्रधान के सहयोग से स्मृति द्वार बनवाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि देश स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा हैं जबकि स्वर्गीय मिश्र की हम 74वीं पुण्यतिथि मना रहे है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ने शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने का कार्य किया है। मूर्ति स्थल परिसर में बड़ी लाइट लगवाने की बात कहते हुए विधायक ने कहा कि उनके सम्मान में आंच नहीं आएगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना ने कहा कि भारत में बोलने की आजादी सबको है परन्तु अन्य देशों में रोक है। सेनानियों की बदौलत हम आज आजाद है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर मिश्र ने किया। संचालन व आयोजक देवराज पाण्डेय ने आये हुए लोगों के प्रति आभार जताया। इस दौरान सेवानिवृत्त सीडीओ राधेश्याम गुप्ता, सुरेंद्र बीर बहादुर विक्रम सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर प्रभात विक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह आंशू, महेश तिवारी, भूपेश सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, प्रधान सुभाषचंद, विनोद तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी सहित दर्जनों लोगों ने स्वर्गीय मिश्र की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया।

लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

सारनाथ महादेव मंदिर में किया दर्शन पूजन

जनसंदेश न्यूज

नौपेड़वा। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर शम्भूगंज में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए और मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए सीओ सदर एसपी उपाध्याय, थानाध्यक्ष बक्शा त्रिवेणी सिंह द्वार भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में चक्रमण देर शाम तक लगाते रहे।

सीओ सदर ने बताया कि मंदिर परिसर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा है। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई थानों की पुलिस के साथ जिले से भी फोर्स मंदिर परिसर में लगाएं गये है। मेला परिसर का औचक निरीक्षण सदर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारतीय व तहसीलदार पवन कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान राजस्व निरीक्षक राजेश शुक्ला, हल्का लेखपाल अखिलानंद शर्मा सहित पूरी सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त पायी गयी। मंदिर पुजारन माला शुक्ला ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने के लिए अपार भीड़ लगी हुई है। मंदिर के द्वार भोर चार बजे से खोल दिए गए थे। देर शाम तक श्रद्धालु पूजा अर्चना करते रहे। शाम छः बजे से रात आठ बजे तक बाबा भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार और महाआरती की की गयी।

वहीं दूसरी तरफ मंदिर परिसर में यमदग्निपुरम हिन्दू सेना के जिलाध्यक्ष आशुतोष उपाध्याय अपनी पूरी टीम के साथ श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए योगदान देते रहे। सेक्रेटरी कृष्ण कुमार मिश्रा ने मंदिर परिसर में लगाएं गये सफाई कर्मचारी को अच्छे से सफाई करने का निर्देश देते रहे। सिकरारा ब्लाक के स्वास्थ्य विभाग की टीम एम्बुलेंस के साथ मंदिर में देर शाम तक मौजूद रही।

महाशिवरात्रि पर दर्शन पूजन को उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

चंदवक। क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित श्री दुग्धेश्वर महादेव मंदिर, चंदवक स्थित श्री चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, हरिहरपुर स्थित बेलनाथ बाबा मंदिर, मढ़ी स्थित शिवाला मंदिर, डोभी स्टेशन स्थित महादेव मंदिर पर भगवान शिव के दर्शन पूजन को श्रद्धालुओं का सुबह से रेला उमड़ पड़ा जो दोपहर बाद तक चलता रहा। दर्शन पूजन में पुरुषों की अपेक्षा युवतियों व महिलाओं की संख्या अधिकाधिक रही। रामगढ़ स्थित दुग्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मेला भी लगा था जहां खरीदारों की काफी भीड़ थी।

दर्शन-पूजन को शिवालयों में उमड़े भक्त

सिरकोनी। क्षेत्र के शिवालयों में शनिवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सई गोमती नदी के संगम स्थल पर स्थित रामेश्वरम महादेव मंदिर पर तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाकर भगवान का जलार्चन पूजन किया। जोगीबीर बाबा मंदिर पर हजारों की भीड़ सुबह से शाम तक पूजन अर्चन करती रही। इसके अलावा पटैला महादेव मंदिर सिरकोनी, शिव मंदिर बीरभानपुर, अहमदपुर शिवाला, धनेजा के नरई बीर बाबा मंदिर, हुसेपुर के शिव मंदिर आदि पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इन स्थानों पर मेला लगा रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की टीम लगी रही।

शिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक मांगी मन्नतें

शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लगी कतार

आस्था

दौलतिया मंदिर, गिरि शिवालय, नगर के शिवालय हनुमंत धाम पर भक्तों ने किया दर्शन पूजन

क्षेत्र के अनेक मंदिरों में लगे मेले का बच्चों ने उठाया लुत्फ

मुंगराबादशाहपुर। महाशिवरात्रि का पर्व क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु भक्तों ने सुबह से ही शिवालयों में जाकर जलाभिषेक करने के साथ ही बेल पत्र आदि श्रद्धापूर्वक चढ़ाकर मन्नते मांगी। इसी कर्म में क्षेत्र के दौलतिया मंदिर पर सुबह से देर शाम तक भक्त बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक कर दर्शन पूजन अर्चन कर मन्नते मांगी। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य मेला भी लगा हुआ था जिसका बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। इसी क्रम में श्री गिरि शिवालय चन्दौकी, रामनगर में प्रचीन शिव मंदिर पर रामचरित मानस पाठ की पूणार्हुति कर महा शिवरात्रि के पर्व पर शिव विवाह के उपलक्ष्य में शिव मंदिर पर बृहद मेले का आयोजन किया गया। यह भगवान शिव का अति प्राचीन मंदिर है, साथ में उत्तरामुखी हनुमान जी, शनिदेव, दुर्गा माता का दिव्य मन्दिर भी है। आज के दिन यहां हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते है। भगवान शिव उन भक्तो की मन्नत भी पूरी करते है। प्रत्येक सोमवार महिलाये भगवान शिव को हलुवा पूड़ी का भोग लगाती हैं। इसी क्रम में नगर में स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। यहां पर भी आज सुबह से ही भक्तों का दर्शन पूजन अर्चन शुरू हो गया। सुबह से ही इस शिवालय पर जलाभिषेक के साथ ही भक्त पूजन अर्चन शुरू करते हुए मन्नते मांगी। इस शिवालय मंदिर पर अन्य देवताओं की मूर्तियां भी विराजमान हैं। उक्त मंदिर में बहुत ही श्रद्धाभाव से नगर के अंजही मोहल्ला निवासी सभासद आलोक कुमार गुप्त पिंटू ने भव्य त्रिशूल भी भेंटकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार क्षेत्र के प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित हनुमंत धाम में भी आज सुबह से ही बने शिवलिंग पर लोगों ने जलाभिषेक के साथ ही बेल पत्र आदि चढ़ाकर भक्त अपनी मनौतियां मांगी। इस दौरान यहां पर भी सुबह से ही भक्तों की अत्यधिक संख्या देखी गई। भक्त यहां सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शन पूजन अर्चन के लिए पहुंचते रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भक्त जन पहुंचकर अनेक शिवालयों में जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी।

कुंडली की तरह अनुवांशिकी बीमारी वाले जींस का भी मिलान : प्रो. प्रदीप कुमार

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

वैयक्तिकृत चिकित्सा स्वास्थ्य के भविष्य को विस्तार से समझाया

जेनेटिक पॉली मोर्फिसम विषय पर वर्कशॉप का आयोजन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का चेन्नई के गुरुनानक ऑटोनोमस कॉलेज में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत जेनेटिक पॉली मोर्फिसम विषय पर शुक्रवार को वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा तीव्र गति से बदल रही है और इन परिवर्तनों का स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के तरीके पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है। टेलीमेडिसिन से लेकर वैयक्तिकृत चिकित्सा तक, स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

ये परिवर्तन मरीज में सुधार करने, उपचार को अधिक प्रभावी बनाने और अंततः जीवन बचाने में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैयक्तिकृत चिकित्सा स्वास्थ्य का भविष्य है। कोविड -19 के संक्रमण ने ये साबित किया है कि आपकी अनुवांशिकी आपको किसी बीमारी के होने वाले खतरे और मृत्यु दर को कम या ज्यादा कर सकती है। यह भी पता चला कि रोग की गंभीरता एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर कैसे जेनेटिक सरंचना द्वारा प्रभावित होती है। एक ही दवा हर मरीज के लिए एक ही प्रकार से कारगर नहीं हो पाती है। यह उसके अनुवांशिक सरंचना पर निर्भर करता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा 2015 में परसनलाइज्ड मेडिसिन इनीशियेटिव शुरू किया था। विश्व भर में एकीकृत या व्यक्तिकृत चिकित्सा पर कार्य हो रहे है। जिस प्रकार शादी से पूर्व कुंडलियों का मिलान किया जाता है। ठीक उसी प्रकार से आने वाले समय में आपके सारे अनुवांशिकी बीमारी वाले जींस का मिलान किया जाने लगेगा। इससे विवाह पश्चात होने वाले बच्चे को होने वाले संभावित जेनेटिक रोगों से ग्रसित होने के बारे में बता कर सचेत किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड 19 के दौरान रक्त समूह और वैक्सीन हेसिटेंसी पर उनके द्वारा किये गए कार्य व ग्लूकोज 6 डिहाइड्रोजनेस डेफिसिएंसी और किसी व्यक्ति में किसी जीन में सिंगल न्यूक्लियोटाइड पॉली मोर्फिसम होने से कैसे उस व्यक्ति में कई रोगों का जोखिम एक साथ बढ़ जाता है। रोगी की आनुवांशिक जानकारी के उपयोग ने वैयक्तिकृत चिकित्सा-फामार्क जेनोमिक्स के कुछ पहलुओं में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।

इसका मुख्य लक्ष्य सही रोगी को सही समय और खुराक पर सही उपचार प्रदान करना है, जो कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने और स्वास्थ्य देखभाल की लागत को कम करने में मदद करने की क्षमता है। इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज प्रिंसिपल एमजी रघुनाथन, संकायाध्यक्ष डॉ. नूरजहाँ, डॉ. समुएल माथिमारं, डॉ. सावित्री, डॉ. सागरिका समेत सभी शिक्षक सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

शव मिलने से हड़कम्प

भदोही। औराई क्षेत्र अन्तर्गत नरथुआ गांव के नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार नरथुआ गांव के नहर में शनिवार को अल सुबह एक शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली औराई में दिया। मौके पर कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया पर मृतक का फोटो पोस्ट किया। फोटो देखकर मृतक के परिजनों ने कोतवाली में पहुंचकर शव का ओमप्रकाश उम्र लगभग 42 निवासी हीराचक डेहरिया गोपीगंज के रूप में शिनाख्त किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी।

परमात्मा के अवतरण का प्रतीक है महाशिवरात्रि का पर्व: बीके विजयलक्ष्मी

द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का फीता काट कर उद्घाटन करते एसपी डॉ. अनिल कुमार साथ में बीके विजयलक्ष्मी दीदी

स्नेह.मिलन कार्यक्रम के दौरान लोगों को पुस्तिका देतीं सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी

ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा विश्व शांति भवन में आयोजित महाशिवरात्रि उत्सव के दौरान मौजूद लोग

उत्सव

द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी के उद्घाटन समारोह में एसपी के साथ शामिल हुई नामचीन हस्तियां

राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से जीवन में आती है सुख-शांति

भदोही सेवा केंद्र पर मनाया गया परमात्मा का 87वां जन्मदिवस समारोह, शिव तमोगुण के अधिष्ठाता नहीं बल्कि तमोगुण के संहारक

संध्या के समय जिले के नागरिकों के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केक काटकर परमात्मा का 87वां जन्मदिवस मनाया गया। इसके साथ ही परमात्मा के ध्यान से होने वाले लाभ को बताया गया। जिससे कि हर मानव परमात्मा शिव से जुड़कर उनकी शक्तियों को जीवन में धारण कर अपना जीवन देव समान बना सके।

भदोही। ब्रह्माकुमारी संस्था के भदोही सेवाकेंद्र द्वारा महाशिवरात्रि उत्सव का आयोजन विश्व शांति भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए और महाशिवरात्रि त्योहार के प्रति अपनी शुभकामना व्यक्त की।

प्रातः आध्यात्मिक क्लास का आयोजन किया गया। जिसमें परमात्मा के अवतरण के संबंध में कई गूढ़ रहस्यों को बताया गया। इसके पश्चात परमात्मा को भोग स्वीकार करा कर शिव का ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमारए सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदीए बीके ब्रजेश समेत अनेक मुख्य अतिथियों ने अपने कमलहस्त से शिवध्वज फहराया और मौन रहकर परमात्मा का ध्यान किया। बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने शिवध्वज के नीचे सभी को स्वच्छ व व्यसन मुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा करायी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। परमात्मा शिव के विभिन्न नामों में उनके कर्तव्यों को याद दिलाने के लिए सेवाकेंद्र द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने अपने कमलस्तों से किया। इस अवसर पर अपनी शुभकामना देते हुए एसपी डॉण अनिल कुमार ने कहा कि यदि हम मन में स्वच्छता लायेंगे तो हमारे कर्म में स्वतः ही स्वछता आ जाएगी। हमें अपने दिनचर्या में समय निकाल कर मेडिटेशन का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

अपनी बुराइयों को त्याग ने से बनते हैं दैवी स्वराज्य के अधिकारी

भदोही। सेवाकेंद्र संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने परमात्मा का सत्य परिचय देते हुए कहा हम शिव पर अक के फूलए धतुरा आदि चढ़ाते हैं जो कि मनुष्यों के अंदर व्याप्त बुराईयों का प्रतीक है। सत्य को न जानने के कारण ही लोग शिव को तमोगुण का अधिष्ठाता कहते हैं। वास्तव में शिव तमोगुण के अधिष्ठाता नहीं बल्कि तमोगुण के संहारक हैं। इसलिए तो उन्हें पापकटेश्वरए मुक्तेश्वर आदि नामों से जाना जाता है। जो नर.नारी जीवन में दुःख.अशांति पैदा करने वाले पांच विकारों को परमात्मा शिव पर चढ़ा देते हैं वे निर्विकारी बन पावनए सतयुगी दैवी स्वराज्य के अधिकारी बन जाते हैं।

महाशिवरात्रि पर शिवभक्ति में लीन रही कालीन नगरी

ज्ञानपुर। महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को समूची कालीन नगरी शिवमय हो गई। शिवालयों पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारए जयकारे और शंखनाद से वातावरण भक्तिभाव में लीन नजर आया। सेमराधनाथ और हरिहरनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन.पूजन और जलाभिषेक किया।फागुन महीने के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को मनाई जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व पर शिवधामों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सिद्धपीठ हरिहरनाथ धाम पर शनिवार को भोर में साढ़े तीन बजे से ही श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान शिव स्तोत्र और पंचाक्षरी मंत्र गूंजते रहे। गर्भगृह से लेकर राजापार्क तक श्रद्धालुओं की कतार पूरे दिन लगी रही। चप्पे-चप्पे पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही। काशी-प्रयाग के मध्य स्थित पावन गंगा तट पर स्थित सेमराधनाथ को सभी कामनाओं की पूर्ति करने वाला देव के रूप में माना जाता है। महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद बाबा सेमराधनाथ का जलाभिषेक किया। क्षेत्र के टिकेश्वर नाथए खाखण नाथए पंचवटी नगरदह नाथए रुद्र तालाब स्थित बाबा जंगेश्वर नाथ आदि शिव मंदिरों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। गोपीगंज बड़े शिव धाम एगौरी शंकर मंदिर वारी कुसौड़ा के कुशावल नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

मिड टर्म परीक्षा कल से

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में बीए एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर सत्र 2022.23 की विभिन्न विषयों की मिड टर्म परीक्षा 20 फरवरी सोमवार से प्रारंभ हो रही है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण वृजकिशोर त्रिपाठी ने बताया कि मिड टर्म परीक्षा समय सारणी महाविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गई हैए जिसके क्रम में 20 फरवरी को समय 11 से 12 बजे तक हिंदी एवं गणित की लिखित परीक्षा एवं 1 से 2 बजे तक उसी विषय का असाइनमेंट व प्रायोगिक परीक्षा होगी। 21फरवरी को समाजशास्त्र एवं भौतिक विज्ञानए 22 फरवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इतिहासए 23 फरवरी को जंतु विज्ञान एवं राजनीति विज्ञानए 24 फरवरी को गृह विज्ञान एवं रसायन विज्ञानए 25 फरवरी को संस्कृत शारीरिक शिक्षा एवं अर्थशास्त्र की मिड टर्म परीक्षा एवं असाइनमेंट प्रेजेंटेशन मौखिकी व प्रायोगिक परीक्षा समयानुसार संपादित की जाएगी। सभी छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि छात्राएं मिड टर्म परीक्षा में अपने प्रवेश पत्र एवं परिचय पत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित हो।

हर मोर्चे पर फेल हैं डबल इंजन की सरकार : जाहिद बेग

भदोही। कल से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है।लखनऊ रवाना होने से पहले भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग ने मलिकाना स्तिथ भदोही विधानसभा कैम्प कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। सपा विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर फेल हैं।नौ साल केंद्र और छः साल राज्य सरकार का समय व्यतीत हो गया है लेकिन सरकार को उपलब्धि बताने के लिए कुछ भी नही हैंए सरकार एक भी वादा पूरा करने में असफल रही हैं। इस समय सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की ज्यादा बात कर रही है। भदोही में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सपा सरकार ने एक्सपो मार्ट बनवाया। सरकार की असंवेदनशीलता का पता उसी से लगता है कि अब तक सिर्फ सीईपीसी का टेंडर किया गया है। किराया तक नही तय किया गया है। जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है। कालीन मेले में 56 देशों के 256 आयातक आये कई सौ करोड़ का व्यापार हुआ यह सब ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले हुआ है। सरकार का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2024 का चुनावी एजेंडा है। सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था भी बदहाल हैं हॉस्पिटल में दवा उपलब्ध नहीं हैए डॉक्टर मरीज की जान बचाने के लिए बाहर की दवा लिखते हैं ये सरकार की विफलता है। थाने के अंदर और बाहर जनता का शोषण चरम पर है। जिसका प्रमाण है कि बाबा के बुलडोजर की वजह से माँ बेटी जिंदा जल जाती है। कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय सरकार शिक्षा पर हमला कर रही है। जौहर विश्वविद्यालय की जमीन वापस लेना इसका प्रमाण है। बिजली चेकिंग के नाम पर गरीब जनता का शोषण किया जारहा है। बीड़ा में नक्शा पास कराई के नाम जनता का शोषण किया जारहा है। 20 फरवरी से शुरू हो विधानसभा सत्र में सभी मुद्दों को उठाया जाएगा।

सजावट कर नगर पालिका परिषद ने बढ़ाई मंदिरों की रौनक

भदोही। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर पालिका परिषद भदोही की ओर से नगर के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। नगर के धौरहरा मंदिरए नीलकंठ मंदिर नई बाजारए पानी टंकी के पास मंदिर मर्यादपट्टी चौरा माता मंदिर मर्यादपट्टीए हरि मंदिर मेन रोडएमहादेव मंदिर मेनरोडए चकसैफ गली मंदिरए शितला माता मंदिर कटरा बाजारए चौरामाता मंदिर कटरा बाजारए शिव मंदिर छितनी तालाबए राम जानकी मंदिर गजियाए नगर पालिका परिसर मंदिरए रेलवे फाटक के पास मंदिरए हनुमान बाग मंदिरए स्टेशन परिषर मंदिर पर ट्यूबलाइटए एलईडी बल्ब व झालरों से भव्य सजावट की गयी थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत सभी शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। धार्मिक स्थलों की चाक.चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु सभी मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। एसपी डॉ. अनिल कुमार ने स्वयं प्रातः से विभिन्न मंदिरए शिवालयों. हरिहरनाथ मंदिर कस्बा ज्ञानपुरए बड़े शिव मंदिर व सेमराधनाथ धाम मंदिर का भ्रमण निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अपनी बातों को रखते बसपा विधानसभा अध्यक्ष सुनील गौतम

भदोही। विधानसभा भदोही के नगर पालिका परिषद भदोही के भावी उम्मीदवार मोहम्मद इरफान अंसारी के आवास पर बसपा के प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई।बैठक में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इसके बाद प्रेस कांफ्रेंस किया गया। बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुनील गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बसपा सरकार में समाज का हर तबका खुशहाल था। बसपा सुप्रीमो मायावती के नेतृत्व में सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा था। मौजूदा समय में पूरा प्रदेश भ्रष्टाचारए सांप्रदायिकताए महंगाई का दंश झेल रहा है। जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी के आप सब रीढ़ हो जितनी मेहनत करोगे पार्टी को उतनी ही मजबूती मिलेगी। इस दौरान मंडल जोन इंचार्ज रामलाल पाल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के लिए बहुजन समाज पार्टी सेक्टर से बूथ स्तर तक बहुत ही मजबूती से संगठन को युद्ध स्तर पर तैयार करने में जुट गई है। इस कॉन्फेंस में भावी चेयरमैन प्रत्यासी नगर पालिका परिषद भदोही इरफान अंसारीए जिला सचिव कृष्ण कुमार पालए तारीख खां उर्फ. मुज्जू खां व विकास गौतम उपस्थित रहें।

होली खेले मसाने में...

बोल बम बोल भोला नाचे...

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर बम भोले की नगरी काशी के हर इलाकों से बाबा की भव्य बारात निकाली गई। जिसे देखिये वही बराती बना नाच व गा रहा था। भंग की तरंग में हर कोई अपनी ही धुन में रमा रहा। शिव बारात में कहीं पर शरीर पर भस्म तो कहीं पर गले में नरमुंडों की माला तो कही पर भूत-पिशाच, मदारी, सपेरे तो कही कोई भक्त नंदी के रूप में दिखा। किसी ने शिव का स्वरूप ही धारण कर लिया था। संग शिव बारात निकाली गई। शिव बारात की अपनी अलग ही छटां देखने को मिली। हर कोई इसमें झूमने को बाध्य रहा। अपराह्न के बाद से शिव बारात निकलने का सिलसिला शुरू हो गया था। शिव बारात समिति की ओर से दारानगर (मैदागिन) से बैंड-बाजे के साथ विश्व विख्यात शिव बारात शनिवार को सायंकाल संयोजक दिलीप सिंह के नेतृत्व में शानशौकत के साथ निकाली गई। शिव बारात में जी-20 के मद्देनजर बीस देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मुखौटा लगा कर लोग उस देश का ध्वज लेकर चल रहे थे। बारात में भूत-प्रेत-पिशाच, मदारी व सपेरे भी थे। शिव बारात में सुदामा तिवारी उर्फ सांड़ बनारसी दूल्हा बने थे जबकि ब्यापारी नेता बदरूद्दीन अहमद दुल्हन व अमरनाथ शर्मा डैडी सहवल्ला बने थे। सभी बग्घी पर सवार थे। जबकि उनके पीछे पीछे बाराती नाचते गाते चल रहे थे। बारात में डीजे पर होली खेले मसाने में व बोल बम बोल भोला नाचे तथा हर हर शंभो शंभो देवा महादेवा की धुन पर सभी थिरकते नजर आये। हर कोई भंग की तरंग में झुमता नजर आया। शिवबारात को देखने के लिए मैदागिन से लेकर नीचीबाग, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, दशाश्वमेध डेढ़सी पुल तक कई जगहों पर स्वयंसेवी संस्थाओं ने ठंडई व अबीर गुलाल उड़ा कर बारात का स्वागत किया। जगह-जगह पर ठंडई का वितरण भी चल रहा था। बारात में दिलीप सिंह, संजय केशरी, महेश माहेश्वरी, पवन खन्ना, धन्नू लाल, कमल सिंह, सुनील शुक्ल समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे। शिव बारात मैदागिन से उठ कर नीचीबाग, बुलानाला, चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, दशाश्वमेध डेढ़सी पुल जाकर समाप्त हुई जहां पर व्यापारी संगठनों के लोगों ने बारात का स्वागत किया। इसी तरह तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात शिवगणों के साथ निकली। शिव बारात पांडेय हवेली, देवनाथपुरा, पांडेयघाट, राजाघाट, नारद घाट, केदारघाट, हरिश्चंद्र घाट, चेतसिंह किला से शिवाला सोनारपुरा, डेवढ़ियाबीर मंदिर होते हुए शाम को तिलभांडेश्वर मंदिर पहुंची। बारात में हाथों में बड़े-बड़े डमरू लिए लोग आगे चल रहे थे तो भगवान शिव के कई प्रतिरूप डमरू दल के साथ आगे बढ़ रहा था।

अड़भंगी शिव बारात में 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष जी-20 का मुखौटा लगा कर निकले

भंग की तरंग में निकली बारात में भूत-प्रेत-पिशाच, मदारी सपेरा सभी रहे शामिल

शरीर पर भस्म,गले में नरमुंडों की माला के साथ शामिल रहे बाराती

मैदागिन, तिलभांडेश्वर रामापुरा, नईबस्ती समेत कई इलाकों से निकली शिव बारात

पिंडरा में निकली शिव बारात

पिंडरा। ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। कई जगह मेले और भंडारा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में शिव बारात विभिन्न बाजारों में निकाली गई। सायंकाल में निकली शिव बारात में भगवान शिव के विभिन्न गण के रूप में लोग शामिल हुए। बाबतपुर चौराहा, पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा व कुआर में निकले शिव बारात में सैकड़ों लोग शामिल हुए। शिव बारात को देखने के लिए ग्रामीणों में उत्सुकता दिखी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिसकर्मी तैनात रहे।

रामनगर से धूमधाम से निकली शिव बारात

रामनगर। महाशिवरात्रि पर शनिवार को सायंकाल बलुआघाट से रामनगर देव दीपावली पूजा समिति की ओर से शिवबारात निकाली गई। आगे आगे डीजे पर बम बम बोल रहा है काशी और भक्ति गीतों की धून पर सैकड़ों युवा थिरकते हुए चल रहे थे। पीछे पीछे घोड़े बैलगाड़ी पर सवार भूत बेताल देवों लोग सवार थे। बारात दुर्ग रोड से होते हुए रामनगर चौक पहुंची तो रामनगर व्यापार मंडल की ओर से भोलेनाथ की आरती उतारी और बारातियों का ठंडई पिलाकर स्वागत किया गया। वहीं रामनगर त्रिपौलिया के समीप सभासद राजू सोनकर की ओर से बर्फ का विशाल शिवलिंग बनाकर बारातियों का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया। बटाऊबीर से साहित्य नाका स्थित कविश्वर महादेव हनुमान मंदिर के पास मंदिर के पुजारी अजय शर्मा द्वारा भोलेनाथ की आरती उतारी गई।और लोगों ठंडई और प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के समाजसेवी मणिशंकर जायसवाल के नेतृत्व में बारात की ठंडई पिलाकर स्वागत किया गया। बारात वापस अयोध्या मैदान के पास समापन हुआ बारात में विनोद गुप्ता,गणेश गुप्ता,रंजीत चौहान,रघुराज प्रताप सिंह, संतोष शर्मा,मोलू,देवेश गुप्ता, संतोष शर्मा,स्नेह बंधु गुप्ता,दिलीप शर्मा,गंगा प्रसाद, अनिल गुप्ता,सहित सैकड़ों बाराती शामिल थे।

शिव बारात में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव

सारनाथ में गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात

सारनाथ। महाशिवरात्रि के पर्व पर शनिवार को हर हर महादेव की गूंज एंव गाजे बाजे के साथ सारनाथ के तिलमापुर स्थित रंगिलदास कुटिया से भव्य शिवबारात निकली। शिव बारात में भगवान शिव आकर्षण का केंद्र थे,इसकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनो तरफ लोगो की भीड़ रही। शिवम पूजा समिति के तत्वावधान में तिलमापुर स्थित रंगिलदास कुटिया से शिव बारात दोपहर 12.30 बजे निकली जो चंद्रा चौराहा, पंचकोसी , आशापुर , हवेलियां चौराहा , सारनाथ के सारंगनाथ महादेव मंदिर होते हवेलियां चौराहे से हिरामनपुर से लेढ़ुपुर गांव से वापस रंगिलदास कुटिया पर समाप्त हुई । इस दौरान नागेश्वर मिश्रा,अखिलेश,निर्भय, सुजीत, सतीश,विनोद,भूपेंद्र, मनीष सहित अन्य लोग शामिल थे ।

मारकण्डेय महादेव धाम में लाखों भक्तों ने किया जलाभिषेक

चौबेपुर। गंगा गोमती के पावन संगम स्थली कैथी स्थित मारकण्डेय महादेव धाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ा रहा।अर्धरात्रि से ही दर्शन पूजन लम्बी कतार लगाये भक्त श्रद्धापूर्वक अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे धाम क्षेत्र में हर तरफ ऊँ नमः शिवाय और हर हर महादेव का उद्घोष गूंजता रहा। पूजन में चन्दन से श्रीराम लिखे बेलपत्र, धतूरा, मदार के पुष्प और दुग्ध की विशेष रूप से मांग रही। गंगा गोमती संगम तट और गंगा घाट पर स्नान के बाद जलाभिषेक का सिलसिला लगातार चलता रहा। स्नानार्थियों की सहायता और सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से घाटों पर पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था में जुटे चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह के अनुसार शाम तक लगभग 4 लाख से ऊपर भक्त दर्शन कर चुके थे। दूर दराज से भक्तों का पहुंचना जारी था। मेले में गाजीपुर, जौनपुर, गोरखपुर, आजमगढ़,बलिया, चंदौली सहित पूर्वांचल के तमाम जिलों से लोग पहुंचे है।

रोहनिया में शिवरात्रि की रही धूम

रोहनिया। महाशिवरात्रि के अवसर पर माधवपुर स्थित शूलटंकेश्वर महादेव, राजातालाब,मोहनसराय, गंगापुर, भीमचंडी, अष्टभुजा, मातलदेई, काशीपुर, जख्खिनी, शाहंशाहपुर, मरूई, महगाव, कोइली, अखरी, बच्छाव, मिसीरपुर, बाणासुर,लठिया, भदवर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों द्वारा शिवालयों का झालर बत्तियों से आकर्षक सजावट कर बेलपत्र चढ़ाकर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक के साथ दर्शन पूजन किया। इसके अलावा केसरीपुर स्थित भास्करा तालाब से तथा शहावाबाद से विभिन्न मनमोहक झांकियों के साथ गांव का भ्रमण करते हुए डीजे के धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते हुए दरेखू स्थित प्राचीन शिव धाम मंदिर पर पहुंचा जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की मेले के रूप में भारी भीड़ उमड़ गयी। इसके साथ साथ राजातालाब,मोहनसराय गंगापुर में भी शिव बारात निकाली गयी।

छायाः शंकर चतुर्वेदी पेज सज्जा सौरभ जायसवाल

महामृत्युंज मंदिर से कर्मदेश्वर महादेव तक आस्था की कतार

मृत्युंजय महादेव

वाराणसी। महाशिवरात्रि पर महामृत्युंजय, गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर, जागेश्वर महादेव, बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, शूलटंकेश्वर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई। सविधि दर्शन-पूजन और जलाभिषेक किया। भव्य श्रृंगार-पूजन के साथ जगह-जगह बाबा के विवाहोत्सव की भी धूम मची।जागेश्वर महादेव मंदिर में श्रृंगार महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। स्वामी मधुर कृष्ण ने बताया कि शाम को पार्थिवेश्वर शिवपूजन के बाद रात्रि जागरण और भजन संध्या में सुमधुर भक्ति गीतों की रसधार बही। कर्दमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों का तांता लगा रहा। केदारघाट स्थित गौरी केदारेश्वर, घूष्मेश्वर महादेव, बैजनत्था, गौतमेश्वर, ऋणमुक्तेश्वर, रामेश्वर, पातालेश्वर आदि शिवालयों में आस्थावानों ने विधिविधान से जलाभिषेक किया। श्री काशी विश्वनाथ की ससुराल सारंगनाथ महादेव परिसर में मेले जैसा नजारा रहा। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। पूरा शहर ही शिव की भक्ति में लीन रहा। शैव मतावलंबियों ने व्रत रखा और घरों में ही बाबा की सविधि आराधना की। दूध, शहद, शक्कर, गंगा जल से स्नान कराने के बाद बिल्व पत्र और मदार की माला, धतूरा आदि अर्पित किया।

जागेश्वर महादेव

तिलभांडेश्वर महादेव

केदारेश्वर महादेव

ऐसी है मान्यता

ईश्वरगंगी स्थित जागेश्वर महादेव व शिवाला स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर की मान्यता है कि प्रत्येक महाशिवरात्रि पर जहां जागेश्वर महादेव जौ बराबर बढ़ते हैं वहीं तिलभांडेश्वर महादेव तिल बराबर बढ़ते हैं।